जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

# सोन वर्षा वाणी

आरा, औरंगाबाद एवं दुमका से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

• रजि नं. - BIHHIN/2017/72765 • आरा • मंगलवार • 21 अप्रैल 2026 • वर्ष 10 • अंक 344 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान युद्ध के बीच भारतीय सेना ने का दिखा बड़ा प्लान

- तेल और गैस की कमी दूर करने के मिशन में जुटी अपनी सेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान युद्ध के चलते तेल और गैस संकट के बीच भारतीय सेना ने आगे का पूरा प्लान तैयार कर लिया है। भारतीय सेना एलपीजी और फ्यूल में काफी कटौती करके वैकल्पिक रास्ता अपना रही है। अगले महीने से यह एक मिशन के स्तर पर शुरू हो जाएगा। सेना बायोगैस और सोलर जैसे वैकल्पिक ऊर्जा के साधनों का उपयोग कर रही है। रिपोर्ट के मुताबिक



सेना ने बायोगैस स्टोव्स खरीदने का ऑर्डर जारी कर दिया है। इसके अलावा सेना के जवानों का मूवमेंट 400 किलोमीटर के अंदर ही सीमित किया जाएगा जिससे फ्यूल बचाया जा सके। अधिकारी ने बताया बिना किसी ऑपरेशनल क्षमता को कम किए सेना के वाहनों का आवागमन सीमित किया जा रहा है। वाहनों की पूलिंग, एक साथ कई काम निपटाने की योजना भी तैयार की गई है। जिससे कि फ्यूल के खर्च को कम किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि इलेक्ट्रिक गाड़ियों और सीएनजी का इस्तेमाल बढ़ाया जाएगा। कुछ चीजें लागू हो गई हैं और वहीं फ्यूल बचाने के लिए कुछ नियम अगले एक दो हफ्ते में लागू हो जाएंगे। अधिकारियों ने बाताया कि सेना से संबंधित उड़ानों को भी सीमित किया जाएगा। जिससे सेना की क्षमता को प्रभावित किए बिना फ्यूल बचाया जा सके।

### डंकी वाले रूट से 6 महीने में अमेरिका पहुंचा, जलकर मौत

- हरियाणवी युवक की 6 महीने में शादी थी, वीडियो कॉल से शगुन डाला; ट्रक में फंसकर मरा



**कैथल (एजेंसी)।** हरियाणा के कैथल जिले के एक छोटे से गांव बाकल में जन्में 26 साल के सिमरनजीत सिंह की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत हो गई। सिमरनजीत बेहतर भविष्य की तलाश में हजारों किलोमीटर दूर परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का सपना लेकर आया था। वो खतरनाक 'डंकी रूट' के जरिए 6 महीने के अंदर विदेश पहुंचा था। कई देशों की कठिन यात्रा, जेल तक का सामना और संघर्ष भरी जिंदगी के बाद उसने ट्रक ड्राइवर के रूप में काम शुरू किया, लेकिन सड़क हादसे ने उसके सपनों के साथ-साथ परिवार की उम्मीदों को भी खत्म कर दिया। परिवार को जब उसके मरने की खबर मिली तो सभी का रो-रो कर बुरा हाल था। परिवार सिमरनजीत की 6 महीने में शादी करने की तैयारी में था, लेकिन कैलिफोर्नियां में ट्रक की टक्कर के चलते उसकी जलकर मौत हो गई। टक्कर होते ही चिंगारी निकली और ट्रक में आग लग गई। मौत के बाद सिमरनजीत की केवल जली हुई हड्डियां मिलीं। डंकी रूट से 6 महीने में अमेरिका पहुंचाः सिमरनजीत सिंह की मौत के बाद परिवार से बातचीत के दौरान कई बातें सामने आई। उसके चचेरे भाई इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सिमरनजीत सिंह को डंकी रूट से अमेरिका जाने में करीब 6 महीने का समय लगा था।

## पीएम के दौरे से पहले पचपदरा रिफाइनरी में लगी आग

**लोकार्पण से पहले धूं-धूं कर जली, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट**

**बालोतरा/ पचपदरा (एजेंसी)।** राजस्थान के बालोतरा जिले से सबसे बड़ी और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कल यानी 21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी के जिस ऐतिहासिक लोकार्पण समारोह को लेकर पूरे देश की नजरें टिकी हैं, उससे ठीक 24 घंटे पहले रिफाइनरी परिसर में भीषण आग लग गई। इस अचानक हुई घटना ने न केवल करोड़ों के प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि वीवीआईपी सुरक्षा और तकनीकी मानकों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियां ऐक्टिव हो गई हैं।



### आसमान में छाया काला धुआं, अफरा-तफरी का माहौल

सोमवार दोपहर जब रिफाइनरी परिसर लोकार्पण की अंतिम तैयारियों में जुटा था, तभी एक विशिष्ट यूनिट से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। देखते ही देखते धुएं का गुबार इतना घना हो गया कि इसे कई किलोमीटर दूर से देखा जाने लगा। जिस परिसर को प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर एसपीजी और राजस्थान पुलिस ने नो फ्लाई जोन और अभेद्य किले में तब्दील कर रखा था, वहां अचानक मची इस अफरा-तफरी ने प्रशासन के हाथ-पांव फुला दिए।

### फायर फाइटिंग ऑपरेशन्स और तकनीकी डैमेज

आग की सूचना मिलते ही रिफाइनरी का अत्याधुनिक इन-हाउस फायर सेफ्टी सिस्टम सक्रिय हो गया। मौके पर मौजूद दर्जनों दमकल गाड़ियां और हाइड्रेंट सिस्टम के जरिए आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। एचपीसीएल के तकनीकी विशेषज्ञों की टीम डैमेज कंट्रोल में जुटी है। हालांकि, अभी तक किसी जनहानि की खबर नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि रिफाइनरी की संवेदनशील मशीनरी को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री के दौरे से ठीक पहले हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर कई सवालिया निशान लगा दिए हैं। फिलहाल जिला प्रशासन और रिफाइनरी के उच्चाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। एसपीजी की टीमें भी घटना स्थल का मुआयना कर रही हैं ताकि कल के दौरे की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## झारखंड में गोड्डा-महगामा रेल प्रोजेक्ट को मिली रफ्तार

- पटरी बिछाने का काम हो गया शुरू, 468 करोड़ होंगे खर्च

**गोड्डा (एजेंसी)।** गोड्डा-महगामा-पीरपैंती रेल परियोजना ने रफ्तार पकड़ ली है। परियोजना के पहले चरण में गोड्डा से महगामा के बीच 27.5 किमी लंबी पटरी बिछाने काम शुरू हो गया है। गोड्डा प्रखंड के दियारा, नेपूरा, पंचकाठी मौजा आदि क्षेत्र में पटरी बिछाई जा रही है। साथ ही अधिग्रहित जमीन के चारों ओर बाउंड्री का भी निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में गोड्डा के बाद पथरगामा व महगामा भी रेल के मानचित्र में दिखेगा। इस परियोजना से क्षेत्र के समाजिक व आर्थिक रफ्तार को भी गति मिलेगी। दूसरे फेज में महगामा से पीरपैंती तक रेल पटरी बिछाने का काम होगा।



## चिप्स से शिप्स तक रहेगा भारत-दक्षिण कोरिया का साथ

- मजबूत और बेहतर इकोसिस्टम बनाने पर काम कर रहे दोनों देश
- पीएम मोदी और साउथ कोरिया के राष्ट्रपति के बीच हुई बातचीत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। बैठक के बाद दोनों देशों के नेताओं ने अपना संबोधन दिया। दोनों देशों के बीच एमओयू एक्सचेंज हुए। इसके साथ ही दोनों देशों ने व्यापार, संस्कृति और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और दक्षिण कोरिया तकनीक, ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों में 'चिप्स से शिप्स' तक मजबूत इकोसिस्टम बनाने पर काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने महत्वपूर्ण तकनीकों और सप्लाई चेन पर केंद्रित एक 'इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग' को संस्थागत रूप देने पर भी सहमति जताई।



### एक साल में अपग्रेड होगा ट्रेड समझौता

पीएम मोदी ने कहा, अगले एक वर्ष के अंदर हम भारत-कोरिया ट्रेड समझौते को अपग्रेड भी करेंगे। एआई, सेमीकंडक्टर और आईटी में साझेदारी और गहरा करने के लिए हम इंडिया-कोरिया डिजिटल ब्रिज लॉन्च कर रहे हैं। शिप बिल्डिंग, सस्टेनिबिलिटी, स्टील जैसे क्षेत्रों में एमओयू कर रहे हैं। कल्चर और क्रिएटिविटी के क्षेत्र में आपसी सहयोग से फिल्म, एनीमेशन और गेमिंग में भी नए आयाम स्थापित करेंगे। आज का बिजनेस फोरम इन अवसरों को ठोस परिणामों में बदलने का मंच बनेगा।

### द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर जोर

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कोरिया का द्विपक्षीय व्यापार आज 27 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है। साल 2030 तक इसे 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए हमने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। दोनों देशों के बीच फाइनेंशियल फ्लो को सुगम बनाने के लिए भारत-कोरिया फाइनेंशियल फोरम की शुरुआत की गई है। पीएम मोदी ने कहा कि सहयोग को बल देने के लिए हमने एक इंडस्ट्रियल कॉपरेशन कमेटी का गठन किया है। क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन में सहयोग बढ़ाने के लिए इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम कोरिया की कंपनी खासकर एसएमई की भारत में एंट्री सहज करने के लिए कोरियन इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी स्थापित करेंगे।

## इधर-उधर घूमता रहा विमान यात्रियों की अटकी रही सांसें

- 4 घंटे तक मुश्किल में रही जान, फ्लाई-91 की फ्लाइट में आई खराबी




**बेंगलुरु (एजेंसी)।** हैदराबाद से हुबली जा रही फ्लाई-91 की एक फ्लाइट को तकनीकी खराबी आने के बाद रास्ता बदलकर बेंगलुरु ले जाना पड़ा। इस दौरान विमान करीब चार घंटे तक आसमान में ही चक्कर लगाता रहा। इससे यात्रियों में डर और घबराहट का माहौल बन गया। इस पूरी घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में कई यात्री घबराए हुए नजर आ रहे हैं। कुछ यात्री प्रार्थना करते हुए दिखाई दे रहे हैं तो कुछ भी रहे हैं। इस दौरान फ्लाइट उतरने से पहले अलग-अलग इलाकों के ऊपर चक्कर लगाती रही। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट रविवार दोपहर लगभग 3 बजे राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से रवाना हुई थी। इस फ्लाइट को शाम साढ़े चार बजे हुबली पहुंचना था।

## तीखा मोड़ और स्टियरिंग बेकाबू होते ही खाई में गिरी बस

- जम्मू के उधमपुर में भीषण सड़क हादसा, 21 लोगों की मौत, 29 यात्री घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** सोमवार की सुबह जम्मू-कश्मीर में तब चीख-पुकार मच गई, जब एक यात्री बस 100 फिट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। ये हादसा तब हुआ, जब एक यात्री बस रामनगर से उधमपुर जा रही थी, तभी अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया और बस सीधे खाई में जा गिरी। इस हादसे के बाद वहीं चीख-पुकार मच गई। जहां ये दुर्घटना हुई है, वह कनोट गांव है, जो उधमपुर जिले के तहत आता है। हालांकि, हादसे के बाद स्थानीय



पुलिस, स्थानीय लोग और सेना के जवानों ने तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को ले जा रही बस जिले की रामनगर तहसील के कनोट मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में करीब 50 यात्री सवार थे जिनमें अधिकांश अपने दैनिक कामकाज के लिए रामनगर से उधमपुर जा रहे थे।

### राष्ट्रपति, उप राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने भी जताया शोक

पीएम ने सोशल मीडिया एक्स पर भी लिखा, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक बस दुर्घटना के कारण लोगों की मौत के बारे में सुनकर दुख हुआ। मैं उन लोगों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। इनके अलावा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी इस घटना पर शोक और दुख जताया है और प्रशासन को समुचित कार्रवनाई करने और पीड़ितों की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

### पीएम मोदी ने किया मुआवजे का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस घटना पर दुख जताया है और हादसे के मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने का ऐलान किया है। उन्होंने सभी घायलों को भी 50-50 हजार रुपये की सहायता कै ऐलान किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार पीएम मोदी ने इस हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना की है।

### केंद्रीय मंत्री ने स्थिति पर लगातार रखी नजर

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के तुरंत बाद उन्होंने उधमपुर के डिप्टी कमिश्नर मिंगा शेरपा से बात की और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, अभी-अभी उधमपुर के डीसी मिंगा शेरपा से बात की, क्योंकि मुझे एक घंटे से भी कम समय पहले कानोट गांव में रामनगर से उधमपुर जा रही एक सार्वजनिक परिवहन बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली।

## अब भारत में अपने युद्धपोत तैनात करेगा रूस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और रूस के बीच नया सैन्य समझौता लागू हो गया है। इसके साथ ही अब दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर सैनिक, युद्धपोत और सैन्य विमान तैनात कर सकेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक इस डिफेंस डील के

- 3000 सैनिकों की भी तैनाती हो गई न्यू डिफेंस डील

तहत भारत और रूस एक-दूसरे के देश में एक समय में अधिकतम 3000 सैनिक, 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमान तैनात कर सकते हैं। इसे दोनों देशों के संबंधों में एक नया अध्याय माना जा रहा है। रूस के आधिकारिक कानूनी पोर्टल के मुताबिक यह नया समझौता बीते 12 जनवरी से लागू हो गया है। इससे पहले रूस में इस समझौते को मंजूरी देने वाले एक कानून को दिसंबर 2025 में पारित कराया गया था। अब




यह डिफेंस डील 5 साल तक लागू रहेगी, जिसे आपसी सहमति से आगे 5 साल और बढ़ाया जा सकता है। फर्स्टपोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि इस समझौते के तहत दोनों देश एक-दूसरे के सैन्य ठिकानों, जैसे एयरबेस और पोर्ट का इस्तेमाल कर सकेंगे। जहां एक तरफ भारत को रूस के एयरबेस, यहां तक कि आर्कटिक क्षेत्र में मौजूद ठिकानों तक भी पहुंच मिलेगी, वहीं रूस को भारत के सैन्य ठिकानों का उपयोग करने की इजाजत होगी।

### संयुक्त सैन्य अभ्यास, ट्रेनिंग और मानवीय मिशन शामिल

भारत और रूस के इस रक्षा समझौते में संयुक्त सैन्य अभ्यास, ट्रेनिंग और मानवीय मिशन भी शामिल हैं। साथ ही इसमें यह भी जिक्र है कि सैन्य कर्मियों और उपकरणों की तैनाती कैसे होगी और उन्हें किस तरह की लॉजिस्टिक मदद दी जाएगी। युद्धपोतों के लिए इसमें बंदरगाहों तक पहुंच, मरम्मत की सुविधा, पानी, खाना, तकनीकी संसाधन जैसी जरूरी चीजें शामिल हैं। वहीं, सैन्य विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल, नेविगेशन सिस्टम और जरूरी उड़ान से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इस समझौते का मकसद दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को और मजबूत करना है। खासतौर पर भारत के पास जो रूसी हथियार और सैन्य उपकरण हैं, उनके रखरखाव और इस्तेमाल में यह समझौता मदद करेगा। इसके अलावा इससे लंबी ओवरसीज डिप्लॉयमेंट को समझने में भी मदद मिलेगी।

## टीसीएस के बाद एक और कांड से हिल गया महाराष्ट्र

- अब नागपुर में एनजीओ अध्यक्ष रियाज फाजिल पर लगा यौनशोषण का आरोप

**नागपुर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नागपुर में जरूरतमंद बच्चों के लिए काम करने का दावा करने वाले एनजीओ के अध्यक्ष पर यौन शोषण के आरोप लगे हैं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर एनजीओ के अध्यक्ष रियाज फाजिल काजी को गिरफ्तार कर लिया है। काजी के खिलाफ कई युवा महिलाओं ने कथित यौन शोषण, धार्मिक दबाव, बदनामी और साइबर स्टॉकिंग के आरोप लगाए हैं। इस मामले में शनिवार रात करीब 10 बजे मनकापुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने इस मामले में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इनमें महिला की गरिमा को ठेस



पहुंचाने, अश्लील हरकतें करने, धार्मिक भावनाएं आहत करने, मानहानि और साइबर अपराध से जुड़ी धाराएं शामिल हैं। एनजीओ की 23 वर्षीय एचआर इस मामले मुख्य शिकायतकर्ता है। वो सितंबर 2023 से एनजीओ में एडमिनिस्ट्रेशन और एचआर हेड के रूप में कार्यरत थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त
## तीन-चार दिनों से बदले मौसम के तेवर, दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा

**नरहट (नवादा)।** नरहट प्रखंड में पिछले तीन-चार दिनों से मौसम के बदले तेवर ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। भीषण गर्मी और तेज पछुआ हवा के थपेड़ों ने लोगों को घरों में कैद होने पर मजबूर कर दिया है। चिलचिलाती धूप और झुलसा देने वाली हवाओं के कारण दिन के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है। स्थिति यह है कि घरों में चलने वाले पंखों की हवा भी राहत देने के बजाय गर्माहट का अहसास करा रही है। खासकर बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं दिन के समय घर से बाहर निकलने से परहेज कर रहे हैं। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच बाजारों में मौसमी फलों की मांग में तेजी आई है। तरबूज, खीरा, ककड़ी और लालमी जैसे फलों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इन फलों का अधिक सेवन कर रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचने, अधिक से अधिक पानी पीने और हल्के व ढीले कपड़े पहनने की सलाह दी है। इधर, शादी-विवाह के शुभ मुहूर्त के बीच पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को खासा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### महिला की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप- जांच में जुटी पुलिस

**नरहट (नवादा):** थाना क्षेत्र के पाण्डेचक गांव में रविवार देर रात एक 30 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान जितेंद्र यादव की पत्नी किरण देवी के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक विवाद के बाद महिला द्वारा कीटनाशक दवा खाने की बात सामने आ रही है। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे इलाज के लिए विम्स, पावापुरी ले जाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि मृतका के भाई दरियापुर निवासी रंजीत यादव ने थाने में आवेदन देकर पति जितेंद्र यादव और सास पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मृतका के पति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। साथ ही एफएसएल टीम को बुलाकर मामले की गहन जांच कराई जा रही है। बताया जाता है कि मृतका के दो छोटे बच्चे हैं—6 वर्षीय रोशन और करीब 2 वर्षीय ऋषभ। घटना के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सुपौल में सोलर मेले का आयोजन, डीएम ने किया उद्घाटन

**सुपौल।** सुपौल में सोमवार को सुपौल डिग्री कॉलेज के सामने स्थित बिजली कार्यालय परिसर में एक दिवसीय सोलर मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी सावन कुमार ने किया। मेले का उद्देश्य लोगों को सौर ऊर्जा के प्रति जागरूक करना और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देना था। मेले में बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं की भागीदारी देखने को मिली। योजना को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा और कई उपभोक्ताओं ने मौके पर ही आवेदन भी किया। इस दौरान उन उपभोक्ताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने पहले से अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर स्वच्छ ऊर्जा को अपनाया है। जिला पदाधिकारी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर उनके प्रयासों की सराहना की। डीएम सावन कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य आम लोगों को बढ़ते बिजली बिल से राहत दिलाना और स्वच्छ व स्थायी ऊर्जा को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि आवासीय ही नहीं, बल्कि व्यावसायिक भवनों की छतों पर भी सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन किया जा सकता है। जरूरत के अनुसार उपभोक्ता एक, दो या तीन किलोवाट क्षमता का सोलर सिस्टम अपनी छत पर स्थापित कर सकते हैं।

सरकार की ओर से इस योजना के तहत आकर्षक सब्सिडी भी दी जा रही है। तीन किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर लगभग 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिलती है, जबकि दो किलोवाट पर करीब 60 हजार रुपये और एक किलोवाट पर लगभग 30 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। डीएम ने कहा कि सोलर सिस्टम लगाने से उपभोक्ताओं का बिजली बिल लगभग शून्य हो सकता है, जिससे लंबे समय में बड़ी आर्थिक बचत होती है। उन्होंने वैश्विक तापमान वृद्धि को लेकर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना बेहद जरूरी है। मेले में मौजूद विद्युत विभाग के अधिकारियों और विशेषज्ञों ने लोगों को सोलर पैनल की लागत, उपयुक्त क्षमता के चयन, इंस्टॉलेशन प्रक्रिया, रखरखाव और संभावित बचत के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही इच्छुक लोगों के आवेदन भी मौके पर ही स्वीकार किए गए। कार्यक्रम के अंत में विद्युत विभाग ने जिले के सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और सौर ऊर्जा अपनाकर स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दें।

### सुगौली नगर पंचायत में विकास कार्य ठप होने से पार्षदों का फूटा गुस्सा
#### नल-जल, स्ट्रीट लाइट और खर्च में अनियमितता पर जवाब तलब



**पूर्वी चंपारण।** सुगौली नगर पंचायत की बैठक में सोमवार को पार्षदों का गुस्सा खुल कर सामने आया। पिछले चार महीनों से विकास कार्य ठप रहने का आरोप लगाते हुए पार्षदों ने मुख्य पार्षद और कार्यपालक पदाधिकारी (ईओ) से कड़े शब्दों में जवाब मांगा। बैठक की शुरुआत से ही माहौल गरम रहा और विभिन्न मुद्दों पर तीखी बहस देखने को मिली।पार्षदों ने नल-जल योजना की बदहाल स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना था कि कई वार्डों में जलापूर्ति पूरी तरह ठप है और टेंडर प्रक्रिया भी रोक दी गई है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। इसके साथ ही वार्डों में असमान विकास कार्य को लेकर भी नाराजगी जताई गई। आरोप लगाया गया कि कुछ चुनिंदा क्षेत्रों में अधिक काम कराए गए, जबकि अधिकांश वार्ड उपेक्षित रहे। बैठक में स्ट्रीट लाइट की खराब स्थिति, अनावश्यक खरीदारी और जिम उपकरणों के टूटे होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। पार्षदों ने कहा कि जिम उपकरण लंबे समय से खराब पड़े हैं, लेकिन उनकी मरम्मत को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई। इस पर संबंधित एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने की बात कही गई। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर भी पार्षदों ने नाराजगी जताई और इसे नगर पंचायत कार्यालय से जारी करने की मांग की। आरोप लगाया गया कि ब्लॉक स्तर पर प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है।

पार्षद राजकुमार सर्राफ ने बैठक में तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि कमाई ही मकसद है तो उनका कार्यभार ले लिया जाए। वहीं ईओ की कार्यशैली पर भी सवाल उठे और उन्हें सक्रियता से काम करने की नसीहत दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद नसरीन अली ने की, जबकि संचालन कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान उप मुख्य पार्षद समेत सभी वार्ड पार्षदों में कामिनी श्रीवास्तव,अमृता कुमारी,गुड़िया देवी,शैलेश पटेल,जितेंद्र सिंह,अम्बेया खातून,शिव राम,श्याम शर्मा,तारा खातून,राज कुमार सर्राफ,नजमा खातून,कुरैशा खातून,शकुंतला देवी,इशरत बैतूल,प्रभावती देवी,रोबिन पासवान,वंदना कुमारी,अकरम रजा,मदीना ख़ातून और आरफा खातून उपस्थित रही।

## रजौली में गावी परियोजना के तहत प्रशिक्षण: नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करने पर जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



प्रशिक्षण शिविर में पीएचसी प्रभारी के साथ स्वास्थ्यकर्मी

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को गावी परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य नियमित एवं शुद्ध टीकाकरण को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौरव कुमार निराला ने की।

प्रशिक्षण में जिला समन्वयक मनोज कुमार राय और प्रखंड समन्वय एक पंकज कुमार ने भाग लिया। उन्होंने टीकाकरण की गुणवत्ता समयबद्धता और सत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने पर विस्तार से जानकारी दी। जिला समन्वयक ने स्वास्थ्य कर्मियों को बताया कि नियमित टीकाकरण बच्चों और गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौरभ कुमार निराला ने अपने संबोधन में कहा कि गावी परियोजना के माध्यम से टीकाकरण कार्यक्रम को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर दिया कि एक भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित न रहे। इसके लिए एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य प्रबंधक शांत स्वामी के द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों से पूरी जिम्मेदारी के साथ घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने और शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि टीकाकरण न केवल बच्चों और जीवन भर की गंभीर बीमारियों से बचाता है बल्कि समाज को भी स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्यकेंद्र रजौली के चयनित 10 गांव की एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को टीकाकरण से संबंधित तकनीकी पहलुओं पंजीकरण रिपोर्टिंग और फील्ड स्तर पर आने वाली चुनौतियों के समाधान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर बीसीएम,डाटा ऑपरेटर एवं दर्जनों एएनएम समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखंड के सोखोदेवरा स्थित जेपी आश्रम परिसर के राजेंद्र भवन में सोमवार को उर्वरक विक्रेताओं के लिए समेकित पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,अंगद कुमार,रजत रंजन,कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ. शशांक शेखर सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कृषि विज्ञान केंद्र एवं ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के गया,नवादा,शेखपुरा,जमुई एवं नालंदा जिलों से आए लगभग 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उर्वरक विक्रेताओं को केवल विक्रेता की भूमिका तक सीमित न रहकर कृषि तकनीकी सलाहकार के रूप में भी कार्य करना चाहिए। उन्होंने समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को किसानों तक पहुंचाने और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कृषि वैज्ञानिकों ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा करते हुए वैज्ञानिक उर्वरक प्रबंधन को खेत स्तर पर लागू करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि उर्वरक विक्रेता किसानों के प्रथम संपर्क बिंदु होते हैं, इसलिए उनका तकनीकी रूप से दक्ष होना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर सहयोगी पिंटू पासवान, सलोनी कुमारी, श्रवण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जनसुनवाई में सुनी गई आमजनों की समस्याएं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान (Ease of Living)" का उद्देश्य राज्य के नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उन्हें सरल, सहज एवं सम्मानजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में सुविधा प्रदान करने हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की जाती है।

जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में जनसुनवाई आयोजित हुई। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 08 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई में थाना रोह, ग्राम मोरमा के राजेंद्र प्रसाद द्वारा रास्ता अवरुद्ध करने, थाना रोह, ग्राम रुखी के कृष्णा यादव द्वारा मनरेगा योजना से संबंधित समस्या, थाना मुफस्सिल, ग्राम जाकीचक के रौशन कुमार द्वारा नाली निर्माण कराने तथा थाना बुंदेलखंड, ग्राम तकिया पर नवादा की रोखशाना खातून द्वारा पति को पैरोल पर छोड़ने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। प्रभारी जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया गया विशेष अन्नप्राशन दिवस

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** पोषण पखवाड़ा के तहत प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमबार को विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के साथ विशेष अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 6 माह के शिशुओं को प्रथम पूरक आहार के रूप में खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि अन्नप्राशन बच्चों के पिता या चाचा के हाथों से कराया गया, ताकि परिवार के पुरुष सदस्यों को भी बच्चों के सही उम्र में संतुलित पोषण के महत्व से अवगत कराया जा सके और उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो। आयोजित कार्यक्रमों में माताओं एवं परिजनों को कम तेल, नमक और चीनी के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों के समुचित शारीरिक और मानसिक विकास के लिए संतुलित आहार अपनाने पर जोर दिया गया। इसी क्रम में बनिया बीघा आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्थानीय विद्यालय में सीडीपीओ ज्योति सिन्हा ने "एक पौधा मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण किया।



आंगनबाड़ी केंद्र पर अनप्राशनन दिवस मानते आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य

उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बच्चों को जंक फूड और मोबाइल स्क्रीन से दूर रखने, पौष्टिक भोजन देने तथा स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, अभिभावक एवं स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।

## नियोजन सेवा विस्तार योजना अंतर्गत टूल किट एवं स्टडी किट का किया गया वितरण

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**नवादा।** जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा सुनील कुमार सुमन ने बताया कि युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार, पटना के निदेशानुसार आज दिनांक 20.04.2026 को "नियोजन सेवा का विस्तार" योजनांतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को टूल किट एवं "नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन कार्यक्रम" योजनांतर्गत योग्य अभ्यर्थियों को स्टडी किट प्रदान किया गया।

टूल किट एवं स्टडी किट वितरण कार्यक्रम के तहत नियोजनालय में निबंधित एवं मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को स्वरोजगार के लिए उनके संबंधित ट्रेड में कुल 36 अभ्यर्थियों को टूल किट प्रदान किए गए एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे निबंधित 62 अभ्यर्थियों को स्टडी किट निःशुल्क प्रदान की गई।

इस कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, नवादा एवं समस्त कर्मियों ने संयुक्त रूप से किटों का वितरण किया। नियोजन पदाधिकारी, नवादा द्वारा बताया गया कि इस प्रकार की योजनाएँ युवाओं को रोजगार की ओर प्रेरित करने के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने बताया कि स्टडी किट योजना के लिए वैसे अभ्यर्थी पात्र हो सकते हैं, जो प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं एवं जिनका निबंधन छह माह पूर्व जिला नियोजनालय में किया गया है।

टूल किट के लिए वैसे अभ्यर्थी पात्र हो सकते हैं, जो केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान यथा आरसेटी, जन शिक्षण संस्थान, पीएमकेवीवाई, डीडीयूकेजीवाई एवं आरपीएल से न्यूनतम तीन माह का संबंधित ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त किए हों एवं जिनका निबंधन छह माह पूर्व जिला नियोजनालय में किया गया है।

## सांसद ने पूर्व मंत्री मंसूर आलम के निधन पर शोक जताया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मंसूर आलम साहब के निधन पर दुःख प्रकट करते हुए शोक जताया। श्री अनवर ने अपने शोक संदेश मे कहा कि पूर्व मंत्री जनाब मंसूर आलम के इंतकाल की खबर से गहरा दुःख हुआ। वे एक सुलझे हुए, शरीफ और जनता के बीच बेहद मक़बूल जनप्रतिनिधि थे। अपने सियासी और सामाजिक जीवन में उन्होंने हमेशा आम लोगों की खिदमत और इलाके के विकास के लिए ईमानदारी से काम किया। उनके इंतकाल से सार्वजनिक जीवन में एक बड़ी कमी महसूस होगी। उनकी शख्सियत मे सादगी और समाज के प्रति समर्पण के भाव को हमेशा याद रखा जाएगा। उनकी विशेष खासियत ये थी कि वे समाज के सभी वर्गों को लेकर चलने का प्रयास करते थे। अल्लाह तआला से दुआ है कि उनके चाहने वालों एवं परिवारजनों को इस कठिन वक्त को सहने की शक्ति प्रदान करें।

कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ( ग्रामीण) सुनील कुमार यादव , कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ( अर्बन ) संजय कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला, सत्यनारायण प्रसाद पूर्व विधायक, सुनीता देवी पूर्व विधायक, संजय सिंह, ऐनुल अंसारी, मो असलम, सांसद के निजी सचिव गुलाम मोहम्मद शहदुल हक़, हसन अधिवक्ता, पप्पू कश्यप, मन्नी पासवान, मो इश्तियाक, सी बी सिंह, प्रीतम चक्रवर्ती, मो रियाज, मो आदिल, धनंजय ठाकुर, आदि नेताओं ने दुःख प्रकट करते हुए शोक जताया एवं ईश्वर से प्रार्थना की कि पुण्य आत्मा को शान्ति प्रदान करें।

## प्रियांशु राज ने मैट्रिक परीक्षा में 485 अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कटिहार।** शहर के राज हाता निवासी प्रताप रतन झा के पुत्र प्रियांशु राज ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 500 में 485 अंक प्राप्त कर जिले में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। इन्हें 97% अंक मिला है। अंग्रेजी में 91, संस्कृत में 100, गणित में 98, विज्ञान में 96, सोशल साइंस में 95,इनफॉरमेशन ऑफ़ टेक्नोलॉजी में 96 अंक प्राप्त हुआ है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात इनकी बहन पाखी,दादा विद्या रतन झा, माता प्रतिभा झा, पिता प्रताप रतन झा, नानी रेखा मिश्रा, मामा आशीष कुमार मिश्रा,मामी प्रिया मिश्रा,छोटे मामा अभिषेक मिश्रा, मामी रुचि मिश्रा,फुआ पूजा झा ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है।

प्रियांशु राज यूपीएससी के क्षेत्र में अपना कैरियर बनाना चाहते हैं। डीएम बनना चाहते हैं। माता प्रतिभा झा, पिता प्रताप रतन झा, दादा विद्या रतन झा, चाचा विकास रत्न ने बताया कि 2025 में विद्यालय में हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रियांशु राज ने चौथे स्थान प्राप्त किया। आईटी में सफलता मिला। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रहे। इन्हें मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कार किया गया।

प्रियांशु राज बताते हैं कि मेरी रुचि खेल और किताब पढ़ना है। मैट्रिक की परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए श्रेय अपने माता-पिता परिजन सहित स्कॉटिश पब्लिक स्कूल को जाता है।

प्रियांशु राज ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहिये।शांति से पढ़ाई करना चाहिये।पढ़ाई के समय ध्यान पूर्वक पढ़ना चाहिये,सफलता जरूर मिलेगी।

## सशक्त रजौली महिला समिति ने बांटा सत्तू शरबत और ठंडा पानी, एक माह तक चलेगा अभियान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



शरबत वितरण के दौरान महिला समिति के साथ मुख्य पार्षद

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित बजरंगबली चौक पर सोमवार को सशक्त रजौली महिला समिति की ओर से सत्तू घोल एवं ठंडा पानी का वितरण किया गया। मार्गदर्शिका ललिता देवी के सौजन्य से यह कार्यक्रम किया गया। आयोजिका ने बताया कि गर्मी के दिनों में सत्तू पेट को ठंडक रखता है एवं प्रोटीन से भरपूर होता है। इस शरबत में सत्तू के अलावे आयोडीन युक्त नमक, काला नमक, लवण भास्कर आदि जैसे महत्वपूर्ण चीजों को मिलाया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का आयोजन एक महीने के हर सप्ताह में एक दिन किया जाएगा। इससे लोगों में जागरूकता आएगी और लोग कम बीमार पड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि बढ़ती गर्मी में लू और डिहाइड्रेशन की समस्या आम हो जाती है। ऐसे में सत्तू का शरबत शरीर में पानी की कमी को दूर करता है और तुरंत ऊर्जा देता है। लवण भास्कर और काला नमक पाचन में मदद करते हैं। इसी सोच के साथ समिति ने यह पहल शुरू की है। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और स्थानीय दुकानदारों को ठंडा सत्तू शरबत और पानी पिलाया गया। लोगों ने समिति के इस प्रयास की सराहना की। एक रिक्शा चालक ने कहा कि दोपहर में सत्तू पीने से थकान दूर हो जाती है और काम करने में आसानी होती है। समिति की अध्यक्ष सरिता बरनवाल ने बताया कि महिला समिति सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहती है।

गर्मी में लोगों को राहत देना हमारा कर्तव्य है। आने वाले हफ्तों में भी बजरंगबली चौक के साथ अन्य स्थानों पर यह सेवा जारी रहेगी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा कि ऐसी पहल से समाज में सेवा भावना बढ़ती है और गर्मी जनित बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। कार्यक्रम के मौके पर भारतवर्ष पूर्व महिला अध्यक्ष ललिता देवी, मुख्य पार्षद मानती देवी बरनवाल, महिला समिति की अध्यक्ष सरिता बरनवाल, रीना बरनवाल, उषा बरनवाल, मीरा बरनवाल, प्रमिला बरनवाल, रानी बरनवाल, सीमा बरनवाल, सोनी बरनवाल, अनीता भदानी, ममता रानी, नीलम लोहानी, प्रीति बरनवाल, राखी बारवाल, सुनैना देवी, सुमित्रा देवी, रीता बरनवाल, डॉ नितिन भदानी, बरनवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष धनंजय कुमार उर्फ धनु, विनोद कुमार पप्पू, प्रहलाद पांडे आदि शामिल थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### हाजीपुर में लूट की साजिश नाकाम, सराय में 2 अपराधी गिरफ्तार, लोडेड पिस्टल-कारतूस बरामद

**हाजीपुर**। सराय थाना क्षेत्र में बीती रात एएसआई केदार प्रसाद के नेतृत्व में गश्ती दल ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। ये दोनों लूटपाट की योजना बना रहे थे और इनके पास से एक लोडेड देशी पिस्टल तथा जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घटना सराय के सूरज चौक के पास हुई। पुलिस के अनुसार, एएसआई केदार प्रसाद सशस्त्र बल के साथ रात्रि गश्त पर थे। देर रात करीब 3:30 बजे गश्ती टीम सूरज चौक के पास पहुंची। उसी दौरान लालगंज की ओर से एक R15 मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। गश्ती टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन मोटरसाइकिल चालक गाड़ी मोड़कर लालगंज की दिशा में भागने लगे। गश्ती दल ने पीछा कर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में एक की पहचान नीरज कुमार (पिता वीरेंद्र सहनी, ग्राम सोरहथा, थाना बेलसर) और दूसरे की पहचान संदीप कुमार (पिता रमेश सहनी, साहेब पहेतिया, थाना काजीपुर) के रूप में हुई। ये दोनों वैशाली जिले के निवासी हैं। तलाशी लेने पर नीरज कुमार की कमर से एक लोडेड देशी पिस्टल बरामद हुई, जिसमें 7.65 बोर के तीन जिंदा कारतूस थे। उसके पास से एक मोबाइल भी मिला। संदीप कुमार के पास से भी एक मोबाइल बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि दोनों अपराधी लूटपाट करने के उद्देश्य से निकले थे, लेकिन गश्ती दल ने घटना को अंजाम देने से पहले ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में सराय थाना में कांड संख्या 128/26 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### अवैध शराब पर बड़ा एक्शन, दियारा में 12 से ज्यादा भट्टियां ध्वस्त, 6000 लीटर देसी शराब नष्ट

**हाजीपुर**। बिहार के अन्य जिलों में हुए जहरीली शराब कांड से सबक लेते हुए वैशाली पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। पुलिस द्वारा दियारा इलाके में लगातार छापेमारी की जा रही है, जिसमें अवैध शराब भट्टियों को नष्ट किया जा रहा है। वैशाली एसपी विक्रम सिहाग के निर्देश पर महनार, देसरी और चांदपुरा थाना क्षेत्र के दियारा इलाके में एसडीपीओ प्रवीण कुमार के नेतृत्व में एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत पुलिस ने एक दर्जन से अधिक अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त कर दिया। पुलिस को दूर से आता देख शराब तस्कर मौके से फरार हो गए, लेकिन पुलिस ने अवैध शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले सभी उपकरणों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दियारा इलाके में बिना किसी पूर्व सूचना के यह अचानक छापेमारी की गई थी। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। पुलिस ने दियारा इलाके में सर्च अभियान चलाकर सभी शराब भट्टियों को नष्ट करने के साथ-साथ लगभग 6000 लीटर देसी शराब को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने यह भी बताया कि इस प्रकार का अभियान लगातार जारी रहेगा और दो महीने के भीतर दियारा क्षेत्र को शराब मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।



### हाजीपुर में ट्रक ड्राइवर की पिटाई, भीड़ में धीरे चलने पर दबंगों ने शीशा तोड़ा, मारपीट की

**हाजीपुर**। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर एनएच-22 पर दबंगों द्वारा एक ट्रक चालक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। भगवानपुर अड्डा चौक पर मुजफ्फरपुर से पटना जा रहे एक ट्रक को रोककर चालक के साथ मारपीट की गई और ट्रक का शीशा तोड़ दिया गया। यह घटना भीड़भाड़ वाले चौक पर ट्रक के धीरे चलने के कारण हुए विवाद के बाद हुई। पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, चौक पर अधिक भीड़ होने के कारण ट्रक चालक अपनी गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ा रहा था। इसी दौरान कुछ युवकों ने उसे रोका और गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने पास खड़े दूसरे ट्रक से एक डंडा निकाला और पहले ट्रक का शीशा तोड़ दिया। इसके बाद दबंगों ने चालक को ट्रक से नीचे उतारकर सरेआम सड़क पर लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें चालक की बेरहमी से पिटाई साफ देखी जा सकती है। इस दौरान मौके पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे और किसी ने भी बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं दिखाई। घटना की सूचना मिलते ही भगवानपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मारपीट में शामिल कुछ आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। इस घटना ने एक बार फिर एनएच-22 जैसे व्यस्त मार्ग पर कानून-व्यवस्था और अपराधियों में कानून के डर पर सवाल खड़े कर दिए हैं।




### घर के बाहर खड़ी कार पर 10 राउंड फायरिंग, शराब कारोबार से जुड़ा विवाद, मौके से खोखे बरामद, जांच शुरू

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर में देर रात एक घर के बाहर खड़ी कार पर अज्ञात बदमाशों ने कई राउंड फायरिंग की। घटना सदर थाना क्षेत्र के रायडीह गांव की है, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मौके से 10 खाली खोखे बरामद किए हैं और मामले की जांच में जुट गई है। सदर एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि देर रात रायडीह गांव में अज्ञात अपराधियों ने एक घर के बाहर खड़ी कार पर दस से अधिक राउंड फायरिंग की। जिस कार पर फायरिंग हुई, वह नीरज नामक युवक की है, जो शराब का कारोबार करता है। एसडीपीओ के अनुसार, कार मालिक नीरज ने आशंका जताई है कि गांव के ही एक युवक से पैसे को लेकर विवाद था, जिसके कारण यह फायरिंग हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि नीरज और विवाद करने वाला दूसरा युवक, दोनों ही शराब के धंधेबाज हैं। यह घटना शराब के पैसे को लेकर हुए विवाद का परिणाम है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस टीम ने मौके से 10 खाली खोखे बरामद किए। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

### मुजफ्फरपुर में युवक की पीट-पीटकर हत्या, गांव से बाहर मिला शव, सिर-पैर पर चोट के निशान

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। शादी समारोह के दौरान म्यूजिक ट्रॉली हटाने को लेकर हुए विवाद में वारदात को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान राहुल कुमार(27) के तौर पर हुई है। घटना मीनापुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, मानिकपुर गांव में जागेश्वर सहनी की बेटी की शादी थी। बारात पियर से आई थी। शादी समारोह के दौरान सड़क पर म्यूजिक ट्रॉली लगाकर बाराती और लड़की पक्ष के लोग डांस रहे थे। इस दौरान राहुल ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहा था। सड़क पर ट्रॉली होने के कारण रास्ता बाधित था। राहुल ने वहां मौजूद लोगों से ट्रॉली हटाने को कहा। जिसके बाद कहासुनी शुरू हो गई। हालांकि उस समय मामला शांत हो गया। विवाद के बाद राहुल बारात के स्वागत (दरवाजा लगने) की रस्म देखने के लिए रुक गया। परिजनों के अनुसार, रस्म के बाद जब घर लौट रहा था, तो बारात में शामिल कुछ लोगों ने उसे रास्ते से उठा लिया। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। अगली सुबह ग्रामीणों ने गांव के बाहर सुनसान जगह पर शव देखा। सिर से लेकर पैर तक गहरे चोट के निशान थे, जिससे प्रतीत होता है कि उसकी पीट-पीटकर हत्या की गई है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मीनापुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीएसपी पूर्वी, अलय वत्स ने बताया कि टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। आरोपियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला आरक्षण बिल को लेकर महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

❑ गांधी मैदान में 10 हजार की भीड़, सम्राट बोले- लालू चाहते बेटी, राहुल चाहते बहन लोकसभा जाए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। महिला आरक्षण बिल को लेकर बीजेपी की महिला मोर्चा की ओर से 'जन आक्रोश महिला सम्मेलन' किया गया। हाथों में तिरंगा लिए पटना के गांधी मैदान स्थित कारगिल चौक पर करीब 10 हजार महिलाएं पहुंची। उनके हाथों में पोस्टर भी था, जिन पर लिखा था- 'नारी शक्ति की झूठी कहानी, कांग्रेस की आदत पुरानी।' इसके साथ ही महिलाएं लगातार नारे लगाती रहीं- 'राजद-कांग्रेस का हुआ है मेल, महिलाएं निकालेंगी अब इनका तेल।' प्रोटेस्ट में एक महिला हाथों में जंजीर बांधकर प्रोटेस्ट में शामिल हुईं। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी बीजेपी की महिला मोर्चा के प्रदर्शन में पहुंचे। उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी मौजूद थे।

सीएम सम्राट जैसे ही मंच पर पहुंचे, इस दौरान कुछ महिलाएं पंडाल से निकलकर जाने लगीं। उनका कहना था, सुबह से आए हुए हैं। गर्मी बहुत ज्यादा है। उन महिलाओं को देखते ही और महिलाएं भी जाने लगीं। ये सिलसिला चलता रहा। सम्राट ने कहा, "विपक्ष चाहता है कि उनकी बेटी-पत्नी लोकसभा की सदस्य बने, लेकिन मोदी जी पूरे देश की महिलाओं के बारे में सोचते हैं। महिला आरक्षण बिल आता तो बिहार 122 महिलाएं विधायक चुनकर आतीं।"

प्रदर्शन के दौरान तेज गर्मी की वजह से सारी महिलाएं पंडाल से निकलकर गांधी मैदान में छांव में चली गई। प्रोटेस्ट में शामिल होने के लिए पूरे बिहार से करीब 1000 बसों से महिलाएं पटना पहुंचीं। जेपी सेतु पर लंबा जाम लग गया। गांधी मैदान के पास एक तरफ का रूट पूरी तरह बंद कर दिया गया। इससे तेज धूप में पैदल चल रहे लोग परेशान दिखे। प्रदर्शन के दौरान मोना, रिजेंट सिनेमा हॉल समेत गांधी मैदान के पास मौजूद सभी छोटे-बड़े दुकानों को बंद करा दिया गया। महिला मोर्चा के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पूर्व मंत्री श्रेयसी सिंह, लेसी सिंह और पटना मेयर सीता साहू भी पहुंचीं।

## अटल पथ पर ई-रिक्शा और कार की टक्कर, दो लोग घायल, यातायात कुछ देर बाधित



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना के अटल पथ पर राजीव नगर के पास सोमवार को ई-रिक्शा और कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि दो लोगों को हल्की चोटें आई हैं। घायलों को पुलिस की मदद से पास के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया। घटना के बाद सड़क पर कुछ देर के लिए यातायात धीमा हो गया। करीब 20 मिनट तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। सूचना मिलते ही गांधी मैदान यातायात थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाकर स्थिति को सामान्य कराया। हादसे के बाद कार को गांधी मैदान यातायात थाना ले जाया गया, जबकि ई-रिक्शा चालक अपना वाहन लेकर वहां से चला गया। दोनों वाहनों में केवल चालक ही सवार थे। यातायात थानाध्यक्ष ब्रजेश चौहान ने बताया कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घायलों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया। दोनों पक्षों में से किसी ने भी लिखित शिकायत नहीं दी है। ई-रिक्शा चालक ने भी कहा कि वह स्वयं अपने नुकसान का समाधान कर लेगा।

# शराबबंदी पर अनंत सिंह बोले, मैंने अपनी राय रखी, मैं सरकार का मालिक नहीं

## कोई नहीं मानते तो मैं क्या करूं, पहले कहा था- शराबबंदी खत्म हो

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। विधायक दल के नेता चुनने के लिए सीएम हाउस में जदयू नेताओं की बैठक हुई। जिसमें मोकामा विधायक अनंत सिंह भी पहुंचे। उन्होंने बिहार में शराबबंदी को लेकर कहा कि मैंने सिर्फ राज्य में शराबबंदी की वास्तविक स्थिति को सामने रखा है। यह मेरी व्यक्तिगत राय है। मैं सरकार नहीं हूं। जो बात मुझे सही लगती है, वही कहता हूं। शराबबंदी मैं झूठ नहीं बोलता। सीएम सम्राट चौधरी की ओर से शराबबंदी कानून को जारी रखने की बात पर अनंत सिंह ने कहा कि सरकार जो निर्णय लेगी, वही अंतिम होगा, लेकिन मेरी तरह सोचने और बोलने वाले बहुत लोग हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले अनंत सिंह ने कहा था कि शराबबंदी खत्म होनी चाहिए। शराबबंदी की वजह से यहां के युवा गलत नशा कर रहे हैं।

**नीतीश जिसे चुनेंगे, वो ही विधायक दल का नेता होगाः** अनंत सिंह ने विधायक दल के नेता के चयन को लेकर भी नीतीश कुमार के नेतृत्व पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि नेता चुनने का अधिकार पूरी तरह नीतीश कुमार के पास है और वे जिस व्यक्ति को चुनेंगे, वही विधायक दल का नेता होगा। वहीं, इसके अलावा अनंत सिंह ने कहा कि बैठक में नीतीश कुमार ने सभी विधायकों को अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर काम करने के निर्देश दिए हैं। नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा है कि पार्टी को इस बार 200 सीटों का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है। विधायकों को इसी हिसाब से मेहनत करनी होगी।

**बैठक में निशांत की चर्चा नहीं हुईः** अनंत ने ये भी कहा कि बैठक में निशांत कुमार के नाम पर कोई चर्चा नहीं हुई और न ही नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में उनका कोई जिक्र किया। बैठक के दौरान नीतीश कुमार ने आगामी दिनों में जनता के बीच बड़े पैमाने पर यात्रा करने की भी बात कही। अनंत सिंह के मुताबिक, नीतीश कुमार ने कहा कि वे पहले से ज्यादा व्यापक स्तर पर बिहार के लोगों के बीच जाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। इसे पार्टी की चुनावी तैयारी के रूप में देखा जा रहा है।

# मसौढ़ी के चरमा पंचायत में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण

## उमस के बीच भी मतदान में दिखा उत्साह

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**मसौढ़ी, पटना**। पटना जिले के मसौढ़ी अंचल अंतर्गत चरमा पंचायत में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए सोमवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक चले मतदान में भीषण उमस और गर्मी के बावजूद मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस चुनाव में कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे, जिससे मुकाबला रोचक बना रहा। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। बुजुर्ग, महिलाएं और युवा सभी वर्गों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए उत्साहित नजर आए। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस और निर्वाचन कर्मियों की तैनाती की गई थी। मसौढ़ी थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ लगातार निगरानी करते रहे। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार, पूरे मतदान के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। सभी मतदाताओं को निर्धारित नियमों के तहत सुरक्षित वातावरण में मतदान करने का अवसर दिया गया। प्रशासन की सतर्कता के कारण चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। चुनाव में तीनों उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि मतगणना की तिथि और समय की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। स्थानीय नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था और सुचारु संचालन को लेकर संतोष व्यक्त किया। मसौढ़ी थाना प्रभारी ने कहा कि कठिन मौसम के बावजूद लोगों की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र के प्रति जागरूकता को दर्शाती है।

# बिहार में ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, पूल प्राइज 5.75 लाख रुपए

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**पटना**। बिहार के युवाओं में ई-स्पोर्ट्स का काफी क्रेज देखने को मिलता है। इसे लेकर पटना में बिहार स्टेट ओपन ई-स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुकी है, जिसकी आखिरी तारीख 2 मई है। यह ई-स्पोर्ट्स का तीसरा संस्करण है, जो 4 मई से शुरू होगी। इसमें पूल प्राइज 5.75 लाख रुपए रखा गया है। इस ई-स्पोर्ट्स में पांच तरह के गेम में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे, जिसमें Chess.com, ई-फुटबॉल, EA FC- 26, BGMI और स्ट्रीट फाइटर-6 जैसे गेम शामिल है।

**न्यूनतम आयु की सीमा अलग-अलगः** इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आयु सीमा निर्धारित की गई थी। इसमें चेस.कॉम, ई-फुटबॉल, EA FC-26 के लिए 12 वर्ष से अधिक, BGMI और स्ट्रीट फाइटर- 6 के लिए 16 वर्ष के ऊपर की आयु निर्धारित की गई है। बिहार के सभी नागरिक, जिसके पास वैलिड आईडी प्रूफ है, उनके लिए यह चैंपियनशिप ओपन है। यह चैंपियनशिप पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसका ग्रैंड फिनाले 16 मई को होगा।

**रजिस्ट्रेशन के लिए प्रतिभागियों को भरना होगा गूगल फॉर्मः** इस ई-स्पोर्ट्स के लिए प्रतिभागियों को गूगल फॉर्म भरना होगा जिसके माध्यम से वह इस चैंपियनशिप में रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रतिभागियों को अपना नाम, एड्रेस, मोबाइल नंबर सहित जिस गेम में वह इंटरेस्टेड है, उसका नाम भरना होगा और पूरा डिटेल भरने के बाद उन्हें सबमिट करना होगा।

**क्या है ई-स्पोर्ट्स के फायदेः** ई-स्पोटर्स के कई फायदे होते हैं। इसमें अपनी पकड़ मजबूत बनाने से ऑनलाइन दुनियाभर के लोग एक प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं। वैश्विक तौर पर आपको इसमें अपना करियर बनाने का लोगों को मौका मिलता है। इसमें खिलाड़ियों को आर्थिक तौर पर भी लाभ मिलता है। फिलहाल के समय में इसमें नौकरी के भी अवसरों में काफी इजाफा हुआ है।

## पटना कॉलेज घाट से मिली अज्ञात शख्स की बॉडी, अब तक नहीं हो पाई है पहचान

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**पटना**। पटना कॉलेज घाट के पास एक अज्ञात शख्स की बॉडी बरामद की गई है। फिलहाल, शव की पहचान नहीं हो पाई है। शख्स की उम्र 50 वर्ष के करीब बताई जा रही है। गले में माला और हाफ टी-शर्ट पहने हैं। फिलहाल पटना यूनिवर्सिटी स्थित TOP पुलिस ने बॉडी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही हुलिया के आधार पर शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है। आसपास के संबंधित थानों में भी पीरबहोर थाने की ओर से शख्स की तस्वीर भेजी गई है। ताकि अगर किसी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई हो तो इसे पहचान हो सके। पीरबोहर थानेदार सज्जाद गद्दी ने बताया कि, रविवार की शाम कॉलेज घाट पर कुछ छात्रों ने गंगा नदी में एक बॉडी तैरते देखी। इसके बाद पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने बॉडी को पानी से बाहर निकलवाया। तलाशी के दौरान पॉकेट वगैरह से पहचान से संबंधित कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं मिला है। इसलिए शख्स की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पीरबोहर थानेदार के मुताबिक, 'पोस्टमार्टम के लिए बॉडी भेज कर पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

## पालीगंज में पैक्स चुनाव, एक पंचायत पर वोटिंग रद्द

**पटना**। पटना के पालीगंज प्रखंड में जरखा पंचायत में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। सुबह 7 बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ देखी जा रही है। वहीं, प्रखंड की दूसरी चिकसी पैक्स पंचायत का चुनाव विभाग द्वारा रद्द कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पालीगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी सुशील कुमार और पालीगंज डीएसपी राजीव चंद्र सिंह अपनी टीम के साथ लगातार केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। जरखा पैक्स पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इस चुनाव में लगभग 1300 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने दोनों केंद्रों पर पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। दूसरी ओर, पालीगंज प्रखंड के चिकसी पैक्स पंचायत चुनाव को मतदाता सूची में गड़बड़ी के कारण विभाग ने रद्द करने का फैसला लिया है। नामांकन पर्चा दाखिल होने के बाद यह निर्णय लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि, 'पालीगंज प्रखंड की दो पैक्स पंचायतों में चुनाव होना था।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. जेएमपी-इलेक्ट-84-2026, दिनांक 17.04.2026; उप मुख्य विद्युत अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए निविदा सं. जेएमपी-इलेक्ट-84-2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रित किए जाते हैं। **बंद होने की तारीख/समय 12.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे है।** बोलीदातागण सिर्फ बंद होने की तारीख एवं समय तक अपनी मूल/संशोधित बोलियां जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उस पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नामः** वेस्ट कॉलोनी, जमालपुर में मूलभूत सुविधाओं के प्रावधान द्वारा स्टाफ क्वार्टरों के रखरखाव के संबंध में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था तथा विद्युतीय वायरिंग। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 85,41,008.67; **बयाना राशिः** रु. 1,70,800/-। **निविदा दस्तावेज की कीमतः** शून्य। **बोली शुरू होने की तारीखः** 28.04.2026; बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली लगाने की विस्तृत नियमों एवं विनियमों तथा पद्धति के लिए **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है। (MISC-15/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद**

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी. (डी.सी.ई.सी.ई.)-2026/03 दिनांक- 20.04.2026

**डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा-2026**

[पॉलिटेकनिक (अभियंत्रण)/ पारा मेडिकल (माध्यमिक स्तरीय)/ पारा मेडिकल (इंटरमीडिएट स्तरीय)]

**नामांकन से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण एवं डिप्लोमा-सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [DCECE (PE/PM/PMM)]-2026 से सम्बन्धित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(डी.सी.ई.सी.ई.)- 2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 18.03.2026 के अनुसार DCECE (PE/PM/PMM)-2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये Online आवेदन आमन्त्रण की अंतिम तिथि 21.04.2026 निर्धारित है। **छात्रहित में DCECE-2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Online Registration Closing Date | : **27.04.2026 (10.00 PM)** |
| (ii) | Last date of payment through Net Banking/ Debit Card/ Credit Card/ UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate | : **27.04.2026 (11.00 PM)** |
| (iii) | Online Editing of Application Form | : **28.04.2026 to 29.04.2026** |
| (iv) | Uploading of Online Admit Card | : **20.05.2026** |
| (v) | **Proposed date of Examination** (I) **PE** | : **23.05.2026** |
| | (II) **PM एवं PMM** | : **24.05.2026** |

(2) दिनांक 27.04.2026 तक पूर्णरूपेण भरे गये आवेदन में यदि किसी अभ्यर्थी के आवेदन के डाटा में कोई त्रुटि रह जाती है तो वे अपने भरे हुए Data को दिये गये उपरोक्त कार्यक्रम अनुसार Edit कर त्रुटि सुधार कर सकते हैं। इसके बाद त्रुटि सुधार का मौका नहीं दिया जायेगा।

(3) उपरोक्त के अतिरिक्त पूर्व प्रकाशित विज्ञापन की अन्य सभी सूचनाएँ / शर्तें यथावत रहेंगी ।

(4) सभी सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि परीक्षा से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी हेतु पर्षद के website **bceceboard.bihar.gov.in** के सम्पर्क में रहें।

परीक्षा नियंत्रक

## संक्षिप्त समाचार

### छपरा में परीक्षा में ब्लूटूथ लगे चप्पल के साथ अभ्यर्थी गिरफ्तार

**सारण।** सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के तीसरे चरण की परीक्षा के दौरान शहर के साधुलाल पृथ्वी चंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र पर नकल की एक साजिश को नाकाम कर दिया गया। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सघन तलाशी के दौरान सुरक्षाकर्मियों ने रोहित कुमार नामक एक अभ्यर्थी को हाई-टेक उपकरणों के साथ रंगे हाथ दबोचा। पकड़ा गया अभ्यर्थी रोहित कुमार, सिवान जिले का निवासी बताया जा रहा है। जांच में पाया गया कि उसने अपनी हवाई चप्पल के अंदर ब्लूटूथ डिवाइस बड़ी चालाकी से छिपा रखा था, जबकि उसके पास मौजूद कलम में माइक्रोफोन फिट किया गया था। इस आधुनिक तरीके से वह परीक्षा में चोरी करने की फिराक में था। केंद्र अधीक्षक की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर थाना में अभ्यर्थी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम जारी रहेंगे।

### पुनौरा धाम में रामभद्राचार्य जी ने श्री राम कथा के तीसरे दिन सीता और राम के सोलह गुणों की व्याख्या की

**सीतामढ़ी।** जगतगुरू तुलसीपीठाधीश्वर श्री रामभद्राचार्य जी ने सीता जन्मभूमि पुनौरा धाम के सीता प्रेक्षागृह में श्री राम कथा के तीसरे दिन सीता और राम के सोलह गुणों की व्याख्या की। कथा के आरंभ में वैदिक विधि विधान से गुरु पद पूजन मुख्य यजमान जानकी नंदन पाण्डेय जी ने किया। व्यास पीठ पूजन और आरती के पश्चात कथा आरंभ हुई। गुरुदेव ने कहा सीता राम एक ही है। कोई भेद ही नहीं है।दोनों परम ब्रह्म एक है ।एक अवध में अवधेश कुमार है वही मिथिला में मिथिलेश कुमारी है।अवध में किशोरी जी एवं मिथिला में किशोरी जी है। गुरुदेव ने कहा राम और सीता के सोलह विशेषण है।श्री हनुमान जी के माध्यम से सोलह कार्य सम्पन्न राम जी करवाए है। गुरुदेव ने कहा सीता जन्मभूमि पर उनकी चौदह सौ बीसवीं कथा आयोजन है।सीता बहुरानी को आजीवन कथा श्रवण कराने का संकल्प दोहराते हुए कहा इसी सीता कुंड से भगवती सीता प्रकट हुई।पुनौराधाम सीता प्राकट्य भूमि है। उन्होंने कहा कि जिनकी कृपा से काम क्रोध मद अहंकार शांत हो जाए वही शांतम रूप राम है।जिनका प्रमाणीकरण नहीं हो वही राम है।जिनमें कोई पाप नहीं हो,जो देवताओं को शांति प्रदान करें ,जिसकी वंदना ब्रह्मा विष्णु महेश शेष करे वही राम है।जिनको वेद वेदांत में दर्शन किया जा सके वही ब्रह्म राम है।जो सबके अंतर्यामी है वही राम है।जो जगत के ईश्वर है जो देवताओं के गुरु है जो माया मनुष्य है जो जीवों पर कृपा करे जो स्वयं हरि हो जो करुणा के सागर हो जो रघुकुल में श्रेष्ठ हो जो राजाओं में मुकुट मणि हो वही राम है।उसी प्रकार हनुमान जी ने सोलह कार्य राम जी की कृपा से किए। उन्होंने कहा कि सीता जी में भी सोलह श्रेष्ठ गुण है।सीता सर्वश्रेष्ठ है।सीता परम ब्रह्म है राम जी और सीता जी एक ही है। दोनो में कोई भेद नहीं है।सीता और राम दोनों का स्मरण करने मात्र से भवसागर पार हो जाता है।जहां जहां राम है वहां वहां सीता है।सीताराम एक ही है। आज की कथा में संयोजक राम शंकर शास्त्री रघुनाथ तिवारी राम छबीला चौधरी राधे श्याम शर्मा दिलीप शाही शंकर सुशील सुंदरका शैलेन्द्र सिंह आग्नेय कुमार बाल्मीकि कुमार मनोज सिंह श्री निवास मिश्रा त्रिपुरारि सिंह धनुषधारी सिंह समेत सैकड़ों भक्तों ने कथा श्रवण की।

### पुलिस ने नेपाली शराब के साथ युवक को किया गिरफ्तार, साथी फरार

**सुपौल।** जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। सोमवार को राघोपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय ने बताया कि राघोपुर थाना में पदस्थापित एसआई मुकुल आजाद रविवार की रात करीब 10 बजे पुलिस बल के साथ गश्ती पर निकले थे। इसी क्रम में रात करीब साढ़े 12 बजे पुलिस को रामनगर रोड स्थित मछली आरहत के समीप एक बाइक पर सवार दो युवक दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखते ही दोनों युवक भागने लगे। इसी दौरान पीछे बैठा युवक प्लास्टिक के बोरे के साथ गिर गया, जबकि बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गिरे हुए युवक को पुलिस ने पकड़ लिया, जिसकी पहचान राघोपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत सिमराही वार्ड 8 गांधीनगर निवासी राजु कुमार झा के रूप में किया गया। उसके बाद तलाशी के दौरान उसके पास में मौजूद तीन प्लास्टिक बोरे की जांच की गई। जांच में कुल 180 बोतल नेपाली 'दिलवाले सोफी' देशी शराब (प्रत्येक 300 एमएल) बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 54 लीटर बताई गई है। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ में फरार बाइक चालक की पहचान करजाइन थाना क्षेत्र निवासी धीरेन्द्र कुमार के रूप में बताई गई। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर गिरफ्तार आरोपी को लेकर थाना पहुचीं, जहां उनके खिलाफ थाना में कांड संख्या दर्ज कर गिरफ्तार युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बिहार के सीवान में घर में घुसकर विधवा की हत्या

**सीवान।** सीवान के बड़हरिया थाना क्षेत्र के पकवालिया गांव में रविवार रात इंसानियत को झकझोर देने वाली वारदात सामने आई, जहां तीन बेखौफ बदमाशों ने घर में घुसकर 30 वर्षीय विधवा कलावती देवी की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात उस वक्त हुई जब वह अपने मासूम बच्चों के साथ घर में थीं। मृतका के 11 वर्षीय बेटे अनुराग कुमार ने जो बताया, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। उसके मुताबिक, तीन बदमाश बाइक पर आए, गेट खोलकर जबरन घर में घुस गए और कलावती देवी के गले से चांदी की चेन छीनने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। कलावती देवी पहले से ही विधवा थीं और अपने पांच बच्चों का सहारा थीं। अब इस दिल दहला देने वाली घटना ने बच्चों के सिर से मां का साया भी छीन लिया। गांव में मातम पसरा है और लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बड़हरिया थाना प्रभारी छोटन कुमार ने कहा कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

### इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया चौथा ब्रह्मोत्सव

**पटना।** राजधानी पटना के इस्कॉन मंदिर में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चौथे वार्षिकोत्सव (ब्रह्मोत्सव) का भव्य आयोजन सोमवार को किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान भगवान की कथा, हरिनाम संकीर्तन और आध्यात्मिक प्रवचनों ने माहौल को पूरी तरह से वृंदावनमय बना दिया। इस विशेष अवसर पर भगवान का पंचामृत से महाभिषेक किया गया और 108 प्रकार के महाभोग अर्पित किए गए, जिससे भक्तों में खास उत्साह देखने को मिला। इस्कॉन टीएमसी के सह-अध्यक्ष आदि कर्ता दास ने बताया कि कलियुग में भगवान के नाम का निरंतर जप ही मानव जीवन के उद्धार का सबसे सरल और प्रभावी मार्ग है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से हरिनाम संकीर्तन को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। क्षेत्रीय सह-सचिव गोकलेश्वर दास ने बताया कि इस्कॉन पटना लगातार भगवान के नाम के प्रचार-प्रसार और आध्यात्मिक जागरण के लिए कार्य कर रहा है। राधापति चरण दास ने मंदिर की वार्षिक गतिविधियों और विभिन्न सेवा कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत मरौना थाना पुलिस ने बरामद किए दो खोए मोबाइल

**सुपौल।** जिले के मरौना थाना क्षेत्र में पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद किए गए मोबाइल फोन को सत्यापन के बाद उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार मोबाइल खोने की शिकायत मिलने के बाद तकनीकी जांच और खोजबीन के जरिए दोनों मोबाइल फोन को बरामद किया गया। इसके बाद आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को वापस कर दिए गए। मोबाइल वापस मिलने पर दोनों धारकों ने पुलिस का आभार जताया। पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोगों की संपत्ति उन्हें वापस दिलाई जा सके।

# 101 बेटियों के हाथ पीले कर योगेंद्र कुशवाहा ने जीत लिया जनमानस का दिल

## तिलोथु में इतिहास नहीं, भावना का उमड़ा महासागर





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**रोहतास।** जिले के तिलोथु के बाबुगंज खेल मैदान में 19 अप्रैल की शाम सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था, वह एक एहसास था, एक संवेदना थी, एक ऐसा दृश्य था जिसे शब्दों में बाँध पाना आसान नहीं। जहाँ आमतौर पर भीड़ होती है, वहाँ उस दिन भावनाएँ थीं… जहाँ शोर होता है, वहाँ उस दिन आशीर्वाद की गूंज थी।

**101 जोड़े… 101 सपने… और 101 परिवारों की उम्मीदें…** जब एक साथ सजे मंडपों में बेटियाँ दुल्हन बनी बैठी थीं, तो हर आँख में चमक थी और हर दिल में सुकून। ऐसा लग रहा था जैसे पूरा तिलोथु एक परिवार बन गया हो। इस ऐतिहासिक पहल के सूत्रधार योगेंद्र कुशवाहा ने न केवल 101 जोड़ों का निःशुल्क विवाह कराया, बल्कि 101 बेटियों का कन्यादान कर समाज के सामने सेवा और समर्पण की नई मिसाल पेश कर दी।योगेंद्र कुशवाहा न तो कोई जनप्रतिनिधि हैं और न हीं कोई बड़े व्यवसाई बल्कि कुशवाहा परिवार का एक साधारण सा आदमी, लेकिन उसने साधारण बनकर असाधारण कार्यक्रम को सफल बनाकर बड़ी समाजसेवा की लम्बी लकीर खींच डाली हैं जिसे धुंधला करना इतना आसान नही हो सकता हैं।यह आयोजन "अद्भुत" इसलिए नहीं था कि संख्या बड़ी थी, बल्कि इसलिए था कि भावना बहुत बड़ी थी। कार्यक्रम में उपेंद्र कुशवाहा, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नेपाल के सांसद प्रमोद कुमार महतो समेत सैकड़ों गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन की गरिमा को और बढ़ा दिया। सबने एक स्वर में कहा — "यह सिर्फ विवाह नहीं, समाज को जोड़ने का एक अभियान है।" जब सामूहिक बारात निकली, तो नजारा ऐसा था मानो खुशियाँ खुद सड़कों पर उतर आई हों। ढोल-नगाड़ों के बीच मुस्कुराते चेहरे, आशीर्वाद देते बुजुर्ग, और हर कदम पर उत्साह… हर कोई इस पल को जी लेना चाहता था। घोड़े पर सवार लोगों के द्वारा द्वार लगाय और परछनी भी किया गया।

यह उत्सव सिर्फ शादी ही नहीं — प्रतिभावान बच्चों को सम्मान, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वालों को पहचान… यह आयोजन हर उस व्यक्ति के लिए था जो समाज के लिए कुछ करता है या करना चाहता है। नवादा से कुशवाहा सेवा समिति की अध्यक्ष ललिता कुमारी के नेतृत्व में पहुँची टीम ने भी इस ऐतिहासिक पहल को नमन करते हुए योगेंद्र कुशवाहा को सम्मानित किया।साथ में रहें संरक्षक अर्जुन कुशवाहा, डॉ भोला कुशवाहा, विक्की कुशवाहा, रविकांत वर्मा, सुरभि कुमारी, विजय कुमार, मनोज कुशवाहा, पत्रकार मिथिलेश कुमार, श्यामाकांत सहित कई लोगों ने इस विवाह का साक्षी बन नवदम्पति को आशीर्वाद दिया। हर जोड़े को सगुन के रूप में सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि एक सम्मानजनक शुरुआत दी गई — फर्नीचर, बर्तन, घरेलू सामग्री और ढेर सारा स्नेह। सब कुछ ऐसा था जैसे कोई अपने घर की बेटी की शादी कर रहा हो।

**तिलोथु ने उस दिन यह साबित कर दिया —

जहाँ नीयत साफ हो, वहाँ आयोजन नहीं, इतिहास बनता है।

और जहाँ सेवा सच्ची हो, वहाँ भीड़ नहीं, आशीर्वाद जुटता है।

इस अवसर पर स्थानीय पुलिस प्रशासन का सहयोग भी काबिले तारीफ रहा। उतनी भीड़ के बाबजूद कहीं भी अफरा तफरी का माहौल नही दिखा। पुलिस कर्मियों ने भी शादी में सहयोग कर जहाँ अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया वहीं दिलों को जोड़ने बाले खूबसूरत पल के साक्षी भी बने।

तिलौथू में भव्य सामूहिक विवाह समारोह संपन्न, 101 बेटियों की लाल जोड़े में हुई विदाई,कई गणमान्य रहे मौजूद।

आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह हर्षोल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में 101 बेटियों का विवाह संपन्न कराया गया, जहां सभी नववधुएं लाल जोड़े में सजी-धजी नजर आईं। विवाह स्थल पर खुशी, उत्साह और भावुकता का माहौल बना रहा,समारोह के मुख्य आयोजक समाजसेवी योगेंद्र सिंह कुशवाहा ने सभी कन्याओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बेटियां समाज की शान होती हैं और उनके सम्मान व उज्ज्वल भविष्य के लिए इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम किसी वरदान से कम नहीं है,विवाह समारोह में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों का विवाह हिंदू रीति-रिवाजों से संपन्न कराया गया। पंडितों द्वारा मंडप में विवाह की सभी रस्में पूरी कराई गईं। इसके बाद कन्यादान, सात फेरे और सिंदूरदान की रस्म भी पूरी श्रद्धा और परंपरा के साथ हुई,विदाई के समय माहौल भावुक हो गया। लाल जोड़े में सजी 101 बेटियों की विदाई के दौरान परिजनों की आंखें नम हो गईं। योगेंद्र सिंह कुशवाहा ने सभी बेटियों को गृहस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए आवश्यक घरेलू सामान और उपहार भी भेंट किए,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, ग्रामीण तथा विभिन्न क्षेत्रों से आए अतिथि शामिल हुए। सभी ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे का संदेश देते हैं,आयोजन स्थल पर भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। दूर-दराज से आए लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई,तिलौथू का यह सामूहिक विवाह समारोह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने इसे समाजहित में एक प्रेरणादायक पहल बताया।

# कृषा आनंद झा मैट्रिक परीक्षा में 430 अंक लाकर परिवार का बढ़ाया मान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कटिहार।** शहर के हृदय गंज वार्ड संख्या 6 निवासी कृषा आनंद झा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित मैट्रिक परीक्षा में 430 अंक लाकर अपने परिवार का मान बढ़ाया है। कृषा आनंद झा का जन्म 4 नवंबर 2011 को हुई है। इन्हें मैट्रिक में टोटल 430 यानी 86 से प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। अंग्रेजी में 91, संस्कृत में 82, गणित में 50, विज्ञान में 75,सोशल साइंस में 86, पेंटिंग में 96 अंक प्राप्त हुआ है।

कृषा आनंद झा न्यायिक सेवा में अपना कैरियर बनाना चाहती है। ये जज बनना चाहती है। उनके माता आरती झा गृहणी है। पिता शोमेश आनंद झा व्यवसायी हैं। मैट्रिक के परिणाम घोषणा के बाद उनके माता आरती झा,पिता शोमेश आनंद झा, दादा ज्ञान देव झा,चाचा योगेश आनंद झा, गौतमेश आनंद झा एवं चाची,मामा प्रेम झा, गौतम झा,विक्रम झा फुआ रश्मि प्रिया झा ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है।

माता आरती झा,पिता शोमेश आनंद झा ने बताया कि 5 जून 2025 को जब यह कृषा आनंद झा जब वर्ग नाइंथ में पढ़ रही थी,आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 26 जनवरी 2022 को म्यूजिक प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता 2024 में प्रथम स्थान पर रही। नर्सरी से वर्ग एक तक से एस.एस.पब्लिक स्कूल में पठन-पाठन की। वर्ग 2 से 6 तक ग्लेहिल पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की। वर्ग 7 से मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन से किया है। कृषा आनंद झा ने मैट्रिक की रिजल्ट बेहतरीन करने के लिए अपने माता-पिता सहित विद्यालय जयमाला शिक्षा निकेतन के निदेशक सहित सभी शिक्षकों को देती है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक स्कूल पूर्व शिक्षा पूर्ण होने पर जिले के 05 बच्चों को डीएम ने विद्यारंभ प्रमाणपत्र दिया

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- प्रमाणपत्र वितरण के बाद जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों के साथ मृदुल संवाद भी किया
- आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वस्थ्य और सुरक्षा के साथ साथ दी जाती है प्रारंभिक शिक्षा की जानकारी

**कटिहार।** जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं सम्पूर्ण शिक्षा प्राप्त होने पर कटिहार जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय कटिहार में बच्चों को प्रमाणपत्र जारी किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा कटिहार सदर के 03 बच्चों एवं कटिहार ग्रामीण क्षेत्र के 02 बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र पर प्रारंभिक स्कूल पूर्व शिक्षा पूर्ण होने के पश्चात विद्यारंभ प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित बच्चों के साथ मृदुल संवाद करते हुए बच्चों के आगे पढ़ाई और खेलकूद संबंधित जानकारी ली गई। इसके साथ साथ बच्चों को आगे की पढ़ाई और खेलकूद सरकारी विद्यालयों में करते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर सफल होने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान आईसीडीएस डीपीओ कुमारी पूर्णिमा,कटिहार सदर सीडीपीओ नीलम कुमारी, जिला समन्वयक कटिहार अनमोल गुप्ता,महिला पर्यवेक्षिका और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

**जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से प्रारंभिक शिक्षा की ली गई जानकारी :** आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त बच्चों से जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा प्रमाणपत्र के बाद सीखे गए पढ़ाई की जानकारी ली गई। इस दौरान दौरान बच्चों द्वारा जिलाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक शिक्षा के दौरान दिखे गए पढ़ाई की जानकारी दी। जिलाधिकारी द्वारा पढ़ाई के साथ साथ प्रारंभिक विद्यालयों में सीखे गए खेलकूद की भी जानकारी ली गई। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा कहा गया कि प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद बच्चों का विकास अच्छे से होने पर बच्चे भविष्य में बहुत विकास करते हुए अपने क्षेत्र और समाज का नाम विभिन्न क्षेत्रों में शीर्ष पर ले जाते हैं और समाज का विकास को सम्पूर्ण करते हैं।

**आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को स्वस्थ्य और सुरक्षा के साथ साथ दी जाती हैउ प्रारंभिक शिक्षा की जानकारी :** आईसीडीएस डीपीओ कुमारी पूर्णिमा ने कहा कि बच्चों को स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रारंभिक शिक्षा की जानकारी आंगनबाड़ी सेविकाओं के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। इससे बच्चों को भविष्य में पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न गतिविधियों में हो रही रुचियों को चिन्हित करते हुए बच्चों को उस क्षेत्र में आवश्यक विकास करने पर विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी जाती है। भविष्य में बच्चों को उस क्षेत्र में आवश्यक सुविधा प्राप्त होने पर बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में बहुत विकास करते हुए अपने क्षेत्र और समाज का नाम शीर्ष पर ले जाते हैं। डीपीओ कुमारी पूर्णिमा द्वारा अन्य अभिभावकों को भी अपने बच्चों का सम्पूर्ण विकास के लिए नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्रों में नियमित रूप से भेजते हुए बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करते हुए भविष्य में विकास करने के लिए जागरूक करने पर प्रेरित किया गया।

# नंदिनी प्रिया ने मैट्रिक की परीक्षा में 438 अंक लाकर जिले का मान बढ़ाई



**नंदिनी प्रिया डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करना चाहती है और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहती है**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** शहर के हृदय गंज निवासी मुकेश कुमार अधिवक्ता के पुत्री नंदिनी प्रिया ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड मैट्रिक की परीक्षा में 438 अंक लाकर कटिहार जिले का मान बढाई है। नंदिनी प्रिया का जन्म 19 अक्टूबर 2010 को हुई है। ये नर्सरी से लेकर मैट्रिक तक की पढ़ाई जयमाला शिक्षा निकेतन हृदयगंज कटिहार से की है। नंदिनी प्रिया का कहना है कि रिजल्ट का श्रेय माता-पिता सहित जयमाला शिक्षा निकेतन के डायरेक्टर डॉक्टर सुशील कुमार सुमन सहित सभी शिक्षकों को जाता है। नंदिनी प्रिया ने कहा कि मुझे मैट्रिक की परीक्षा में 438 अंक यानी 87.6% अंक प्राप्त हुए हैं। अंग्रेजी में 87, संस्कृत में 88, गणित में 83, विज्ञान में 76, सोशल साइंस में 87, पेंटिंग में 93 अंक प्राप्त हुए हैं। नंदिनी प्रिया कहती है कि मैं डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करूंगी और अपने माता-पिता का नाम रोशन करूंगी।

मैट्रिक का परिणाम घोषित होते ही नंदिनी प्रिया की माता पिंकी देवी, पिता मुकेश कुमार अधिवक्ता, भाई शुभम कुमार, दादी शीला देवी, नाना उपेंद्र चौधरी नानी मीना देवी, चाचा बृजेश कुमार, राजेश कुमार, चाची जय शीला कुमारी, अर्चना कुमारी, फूफा बाल्मीकि कुमार, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार, फुआ संगीता कुमारी, विशाखा कुमारी, कंचन कुमारी ने मिठाई खिलाकर बधाई दिया है।

नंदिनी प्रिया की माता पिंकी देवी कुशल गृहणी है।पिता मुकेश कुमार, कटिहार व्यवहार न्यायालय में सीनियर अधिवक्ता है। माता पिंकी देवी, पिता मुकेश कुमार ने बताया कि नेहा प्रिया जब वर्ग दो में पढ़ रही थी। तभी से सभी कक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होते हुए आ रही है। वर्ग 7 में जब पढ़ रही थी, उस समय विद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

इस प्रतियोगिता में यह प्रथम स्थान और विद्यालय की ओर से इन्हें पुरस्कृत किया गया। जब वर्ग 6 में पढ़ रही थी, तो सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हुई थी। एससी,एसटी,ओबीसी प्रवेश परीक्षा में भी सफल हुई थी। जब वर्ग 6 में पढ़ रही थी, तो उसे समय सिमरतुल्ला प्रवेश परीक्षा में सफल हुई थी। 2016 में रंगोली प्रतियोगिता में भाग भी और अव्वल स्थान पर रही। 2019 में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान लायी। 14 अक्टूबर 2023 से 18 अक्टूबर 2023 तक भारत स्काउट एंड गाइड का भी प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण में प्रथम स्थान लायी।सेफ्टी राइडिंग ट्रेनिंग में भी प्रथम स्थान लायी है।इस प्रकार बचपन से पठन-पाठन के साथ खेलकूद सहित अन्य विधाओं में काफी मेधावी हैं।

नंदिनी प्रिया ने कहा कि अच्छे परिणाम लाने के लिए अपने माता-पिता सहित जयमाला शिक्षा निकेतन परिवार को देता हूं। उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षकों पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है। अगर आप सेल्फ स्टडी मन लगाकर करेंगे, तो आपकी सफलता अवश्य होगी।

# कदवा प्रखंड के कंटिया पंचायत में पशु बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन

## 78 पशुओं का निःशुल्क उपचार



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**कटिहार।** आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 कार्यक्रम के तहत पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सोमवार को कदवा प्रखंड के कंटिया पंचायत स्थित कामरु ग्राम में एक दिवसीय पशु बाँझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय, सोनैली के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर का उद्घाटन पूर्व पंचायत समिति सदस्य रतन कुमार मंडल, वार्ड सदस्य दिलीप कुमार मंडल एवं भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में क्षेत्र के पशुपालकों की अच्छी भागीदारी देखने को मिली। जहां 47 पशुपालकों के कुल 78 पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया।विशेषज्ञों ने पशुओं में बाँझपन की समस्या के समाधान को लेकर वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी दी, जिससे पशुपालकों को काफी लाभ मिला। इस दौरान डॉ. सुनीत कुमार, डॉ. आमोद प्रसाद सिंह सहित अन्य पशु चिकित्सा कर्मियों ने पशुपालकों को संतुलित आहार, समय पर उपचार और उचित देखभाल के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इन उपायों से पशुओं की प्रजनन क्षमता बढ़ेगी। जिससे दुग्ध उत्पादन और पशुपालकों की आय में वृद्धि संभव है। भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि पशुपालकों की सुविधा के लिए भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग, युवक की मौत, दोस्त के घर में खुद के कट्टे से चली गोली



**नालंदा**। नालंदा में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग हुई है। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक की पहचान सरमेरा के गौसनगर निवासी छोटू कुमार(21) के तौर पर हुई है। घटना बिंद थाना क्षेत्र के अमावां गांव की है। छोटू दिल्ली में मजदूरी का काम करता था। करीब 10 दिन पहले ही अपनी शादी के सिलसिले में गांव आया था। आज यानी 20 अप्रैल को छतरपुर गांव से उसका तिलक आने वाला था। 27 अप्रैल को उसकी बारात जानी थी। एक तरफ जहां घर में शादी की शहनाइयां बजने वाली थीं, वहीं इस घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक लव मैरिज कर रहा था। चचेरे भाई सूरज ने बताया कि अमावां गांव के रहने वाले दोस्त मंटू कुमार के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। जहां नाच-गाने का माहौल था। छोटू छत पर गया था। अचानक गोली चलने की आवाज आई। जब ऊपर पहुंचा तो देखा कि छोटू लहूलुहान अवस्था में जमीन पर पड़ा था। आनन-फानन में अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कट्टे से गोली मिसफायर होने के कारण सीधे पेट मे जा लगी। बिंद थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि प्रारंभिक जांच और मौके से मिली जानकारी के अनुसार बताया कि युवक की मौत उसके खुद के ही देसी कट्टे से गोली चलने के कारण हुई है। मृतक का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है। पहले भी हथियार के साथ पकड़े जाने और लूटपाट के मामलों में जेल जा चुका था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आवेदन मिलने के बाद मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हथियार बरामदगी के प्रयास में जुटी हुई है। घटनास्थल से सभी लोग घर छोड़कर फरार हैं। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन में जुटी हुई है।

### नालंदा में पीट-पीटकर पत्नी की हत्या, नशेड़ी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 5 दिन बाद ननद की शादी थी



**नालंदा**। नालंदा में सनकी पति ने नशे की हालत में अपनी ही पत्नी की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान लालू बिंद की पत्नी सोनमंती देवी(30) के तौर पर हुई है। घटना बेन थाना क्षेत्र के बेलदरियापुर गांव की है। मृतका के भाई मुकेश ने बताया कि लालू बिंद हमेशा नशे में डूबा रहता है। गांजे के लत है। कोई काम-धंधा नहीं करता है। घर में 25 अप्रैल को लालू की बहन की बारात आने वाली थी, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही थी। रविवार को सास के कहने पर सोनमंती देवी पूजा करने गई थी। जैसे ही वह पूजा कर घर लौटी, नशे में धुत पति ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। जान बचाने के लिए भागकर पड़ोसी के घर में छिप गई, लेकिन सनकी पति ने वहां भी पहुंचकर उसे ढूंढ निकाला। लोढ़ा और लोटा से प्रहार कर उसे अधमरा कर दिया। गंभीर रूप से जख्मी महिला को आनन-फानन में परवलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात उसने दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियों को छोड़ गई है, जिनके सामने अब आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। बेन थानाध्यक्ष रवि राज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### महिला रोजगार योजना, दूसरी किस्त का रास्ता साफ, 20 हजार सीधे खाते में जाएंगे, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी



**गयाजी**। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लेकर जिले की लाखों महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। स्वरोजगार शुरू कर चुकी पात्र महिलाओं को अब जल्द ही दूसरी किस्त का पैसा मिलेगा। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति ने सभी जिला परियोजना इकाइयों को इस मद में निर्देश जारी कर दिए हैं। 20 अप्रैल अंतिम तिथि है। सक्षम अभ्यर्थी अपना आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने जिला और प्रखंड स्तर के अधिकारियों को अलर्ट किया। उन्होंने कहा कि पात्र लाभुकों का चयन तेजी से करें और उनका पूरा ब्योरा समय पर भेजें। साफ कहा गया है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही हुई तो जिम्मेदारी तय होगी। योजना का मकसद साफ है। हर परिवार की एक महिला को आर्थिक सहारा देकर उसे अपने पैरों पर खड़ा करना है। इसी कड़ी में पहले चरण में 10 हजार रुपए दिए जा चुके हैं। अब दूसरी किस्त के रूप में 20 हजार रुपए मिलेंगे, लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी। लाभुक महिलाओं को यह दिखाना होगा कि पहली किस्त का सही इस्तेमाल हुआ है। एमआईएस में एंट्री जरूरी है। वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण लेना होगा। समूह की बैठकों में नियमित भागीदारी और बचत भी अनिवार्य है। साथ ही एक ठोस व्यवसायिक योजना तैयार करनी होगी। भुगतान की प्रक्रिया भी तय कर दी गई है। पहले ग्राम संगठन स्तर पर सत्यापन होगा। इसके बाद प्रखंड स्तर पर मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम चरण में डीबीटी के जरिए सीधे खाते में पैसा भेजा जाएगा। यानी बीच में किसी तरह की गड़बड़ी की गुंजाइश कम रखी गई है। जिले में अब तक 6 लाख 89 हजार से ज्यादा महिलाओं को पहली किस्त मिल चुकी है। जांच के बाद पात्र महिलाओं को आगे पांच चरणों में करीब 2 लाख 10 हजार तक की सहायता दी जाएगी। इसमें लाभुक का अंशदान भी शामिल रहेगा। डीपीएम मम्मट का दावा है कि योजना का असर जमीन पर दिख रहा है। महिलाएं फल-सब्जी, किराना, सिलाई, नाश्ता दुकान, पशुपालन और खेती जैसे काम शुरू कर रही हैं। गांव की अर्थव्यवस्था में बदलाव नजर आ रहा है। यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत कदम बनती दिख रही है।

# नक्सल प्रभावित डुमरिया में बदली तस्वीरः जहां कभी गोलियों की गूंज थी, अब गूंजा भक्ति और देशभक्ति का स्वर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता





**इमामगंज**। कभी नक्सलियों की गोलियों की तड़तड़ाहट और बम धमाकों से दहला रहने वाला डुमरिया प्रखंड आज एक नई पहचान गढ़ रहा है। नक्सल प्रभावित मैगरा थाना क्षेत्र के टेकरा गांव में रविवार की रात ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने पूरे इलाके की बदलती तस्वीर को जीवंत कर दिया। नव-निर्मित शिव मंदिर में भगवान भोले शंकर की प्रतिमा स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रविवार की रात भक्ति और संस्कृति के संगम से सराबोर इस कार्यक्रम में भगवान भोले शंकर की प्रतिमा विधिवत स्थापित की गई। वहीं सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ और इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं कार्यक्रम की सबसे खास बात रही देशभक्ति जागरण, जिसमें झारखंड से आए अवनीश जागरण ग्रुप के कलाकारों ने ऐसा समां बांधा कि हर कोई झूम उठा। मशहूर कलाकार दलजीत सिंह दीवाना, प्रीति पांडे और मानसी सिंह ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति और भक्ति गीत प्रस्तुत किए। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग—सभी एक साथ हाथ उठाकर गीतों की धुन पर झूमते नजर आए। पूरा इलाका देर रात तक भक्ति और देशभक्ति के रंग में डूबा रहा। यह वही इलाका है, जहां कभी दिन में भी कार्यक्रम आयोजित करना मुश्किल होता था। नक्सल गतिविधियों के कारण लोगों में भय का माहौल रहता था, लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। आज वही धरती भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक चेतना की मिसाल बन रही है। यह परिवर्तन न सिर्फ प्रशासनिक प्रयासों का परिणाम है, बल्कि स्थानीय लोगों की सकारात्मक सोच और सहभागिता का भी प्रतीक है।

इस आयोजन का नेतृत्व आचार्य शास्त्री ब्रजेश पाठक ने किया, जबकि पुरोहित सत्यनारायण पांडेय, अनिल मिश्रा और परमानंद मिश्र ने वैदिक विधि से पूजा संपन्न कराई। मुख्य यजमान के रूप में सुनील कुमार पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी ने पूरे विधि-विधान से अनुष्ठान में भाग लिया। वहीं कार्यक्रम का सफल आयोजन न्यू सेंट जेवियर स्कूल के डायरेक्टर दीपक कुमार पाठक के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति, विकास और सामाजिक एकता की नई कहानी लिखने वाला ऐतिहासिक क्षण बन गया है। इस मौके पर न्यू सेंट जेवियर स्कूल के सह संचालक मुन्ना पाठक, पिंकू उर्फ अघोरी लाल, डॉक्टर लव कुमार, मनोज पांडे, परमानंद मिश्रा सहित अन्य सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

## गया महिला थाना में सास-बहू के बीच मारपीट, हेलमेट से हमला, एक बुजुर्ग घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गया**। गयाजी शहर के महिला थाना परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे सास और बहू के बीच अचानक मारपीट शुरू हो गई। इस अप्रत्याशित घटना से थाना परिसर में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। मारपीट के दौरान बहू सुनीता कुमारी और आकाश कुमार द्वारा हेलमेट से हमला किए जाने की बात सामने आई है। इस दौरान धक्का-मुक्की में एक बुजुर्ग व्यक्ति जमीन पर गिर गए, जिससे उनके पैर में चोट लग गई। वहीं, सास भी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गईं। जानकारी के अनुसार, चंदौती थाना क्षेत्र के बहादुर बीघा गांव में पारिवारिक विवाद चल रहा था। इसी मामले को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों को महिला थाना बुलाया गया था। पुलिस की मौजूदगी में बातचीत के जरिए समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा था। बातचीत के दौरान किसी मुद्दे पर सास और बहू के बीच बहस तेज हो गई।

देखते ही देखते नोकझोंक बढ़ी और मामला हाथापाई में बदल गया। मौके पर मौजूद परिजनों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत कराया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जागरूकता अभियान शुरू, 9 मई को होगा आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी में आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। आम लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर से एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पटना के निर्देश पर चलाया जा रहा है। प्रचार वाहन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गया प्रदीप कुमार मलिक ने रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निपटारे का प्रभावी मंच है, जिससे लोगों को कोर्ट-कचहरी के लंबे चक्कर से राहत मिलती है। उन्होंने जानकारी दी कि लोक अदालत में राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउंस, दीवानी वाद, पारिवारिक विवाद, कुटुंब न्यायालय के मामले, मोटर दुर्घटना दावा, यातायात चालान और ग्राम कचहरी से जुड़े क्षतिपूर्ति मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। अधिवक्ताओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक मामलों को सुलह के जरिए निपटाने में सहयोग करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अरविंद कुमार दास ने कहा कि लोक अदालत की सफलता सभी के सहयोग पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिवक्ताओं और पक्षकारों से अपील की कि अधिक से अधिक मामलों को इसमें लाकर त्वरित न्याय सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुनील कुमार वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 शशिकांत ओझा सहित बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े अधिकारी और कई न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गया में वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आई महिला, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी के फतेहपुर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया, जब वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना उस समय हुई जब महिला रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। घायल महिला की पहचान नवादा जिले के मेस्कौर थाना क्षेत्र के बेलवान गांव निवासी बसंती देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह फतेहपुर थाना क्षेत्र के गोपालकेड़ा गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बसंती देवी रेलवे लाइन पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार वंदे भारत एक्सप्रेस अचानक आ गई। ट्रेन की गति अधिक होने के कारण महिला को संभलने का मौका नहीं मिला और वह उसकी चपेट में आ गईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। हालांकि, गनीमत रही कि महिला पूरी तरह ट्रेन के नीचे नहीं आईं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं, स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पार करते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है, ताकि इस तरह के हादसों से बचा जा सके।

## प्राइवेट अस्पताल में मरीज की मौत पर हंगामा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा**। नालंदा के एक प्राइवेट अस्पताल इलाज के दौरान मरीज की मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। डॉक्टरों पर लापरवाही और गलत इंजेक्शन देने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान बेला गांव निवासी बाल बृंद नोनिया(45) के तौर पर हुई है। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र की है। पुत्र बबलू कुमार ने बताया ने बताया कि एक साल पहले पिताजी के पैर में रॉड डाली गई थी। जिसे निकलवाने के लिए 16 अप्रैल को सिद्धि विनायक अस्पताल पहुंचे थे। जांच के बाद 17 तारीख को ऑपरेशन का समय तय किया। शाम करीब 5 बजे उनके ऑपरेशन थिएटर (OT) ले जाया गया। कुछ ही देर बाद परिवार के लोगों को अंदर बुलाया। मरीज के मुंह में पाइप लगा था, उन्हें कृत्रिम सांस दी जा रही थी। ऑपरेशन अभी शुरू भी नहीं हुआ था। सिर्फ एक इंजेक्शन देने के बाद ही स्थिति बिगड़ गई।

परिवार के सदस्य टिंकू चौहान ने कहा कि मरीज हंसता-खेलता अस्पताल आया था, लेकिन एक गलत इंजेक्शन ने उनकी जान ले ली। मौत के बाद से डॉक्टर अस्पताल से फरार हैं। सारा काम स्टाफ के भरोसे छोड़ दिया गया है। अपनी गलती छिपाने के लिए अस्पताल प्रशासन ने पिछले दो दिनों से दवा और वेंटिलेटर का शुल्क माफ कर दिया था। उन्हें दिलासा देते रहे। सोमवार सुबह जब मौत की पुष्टि हुई, तो धैर्य टूट गया। जिसके बाद हंगामा शुरू कर दिया गया। हंगामे की सूचना पर दीपनगर पुलिस मौके पर पहुंची।थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से आवेदन मिला है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। इस संबंध में वरीय अधिकारियों से भी मंतव्य मांगा गया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। मौत के सही कारणों का खुलासा रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। अस्पताल प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। पुलिस फरार डॉक्टर की तलाश कर रही है।

## गयाजी के भुसुंडा में लगी आग, 9 दुकानें जलकर राख

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**गयाजी**। गयाजी के भुसुंडा मेलास्थल के पास रविवार देर रात आग लग गई। देखते ही देखत विकराल रूप धारण कर लिया। जब लोग कुछ समझपाते उससे पहले ही लपटों ने पूरी लाइन को अपनी चपेट में ले लिया। 9 दुकानें जलकर राख हो गई। करीब 50 लाख का नुकसान हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि 6 घंटे बीत जाने के बाद भी स्थानीय स्तर के कोई अधिकारी मौके पर पीड़ितों का हाल जानने नहीं पहुंचे। जिससे लोगों में नाराजगी साफ दिखी। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है।

**फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंचीः** स्थानीय निवासी वरुण कुमार ने बताया कि रात 1 बजकर 43 मिनट पर फायर ब्रिगेड को फोन किया गया था, लेकिन दमकल की टीम करीब एक घंटे बाद पहुंची। तब तक आग पूरी तरह विकराल हो चुकी थी। सभी दुकानें जलकर खत्म हो चुकी थी। अगर समय पर दमकल पहुंचती, तो नुकसान इतना बड़ा नहीं होता।

**रोजी-रोटी का संकटः** प्रभावित दुकानों में फल आढ़त, फर्नीचर, मीट दुकान, पान गुमटी और अन्य छोटे व्यवसाय शामिल है। इस दौरान स्थानीय कुदुस के घर में भी आग लग गई। परिवार के सदस्य जान बचाकर भागे। घर का सारा सामान जल गया। घटना के बाद का मंजर काफी मार्मिक था। रीना देवी अपनी जली दुकान की राख में काम आने वाला सामान खोजती नजर आईं। उनकी आंखों में आंसू थे और चेहरे पर बेबसी साफ दिख रही थी। कई दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

**प्रशासन से मुआवजे की मांगः** स्थानीय लोगों का कहना है कि भुसुंडा इलाके में ज्यादातर दुकानें लकड़ी और टीन से बनी है। जिससे आग ने विकराल रूप ले लिया। आग लगने के कारणों को लेकर अब तक स्थिति साफ नहीं है। कुछ लोग शॉर्ट सर्किट की आशंका जता रहे हैं, जबकि कुछ इसे साजिश भी मान रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची जरूर, लेकिन मदद नाकाफी रही। अब पीड़ित प्रशासन से मुआवजा और राहत की मांग कर रहे हैं।

# जनता की परेशानी दूर करने वाला फैसला होना चाहिए, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी का बड़ा बयान





सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**गयाजी**। गयाजी केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने 'सांसद जन उद्यम खेल-सांस्कृतिक महोत्सव 2026' का उद्घाटन किया। गांधी मैदान में फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर इस महोत्सव की शुरुआत हुई। आयोजन 20 से 25 अप्रैल तक होगा। जिसमें प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक अलग-अलग खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन के दौरान बिहार में शराबबंदी के मुद्दे पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार को ऐसे निर्णय लेने चाहिए, जिनसे जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस विषय पर सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए संतुलित निर्णय लेना आवश्यक है, ताकि न तो जन-जीवन प्रभावित हो और न ही आर्थिक नुकसान हो।

महिला आरक्षण के मुद्दे पर कहा कि विपक्षी दलों की ओर से अपनाए गए रवैये से जनता में असंतोष है। विशेष रूप से महिलाओं में इस मुद्दे को लेकर नाराजगी देखी जा रही है, जिसका सीधा लाभ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को मिल सकता है। पश्चिम बंगाल में इस बार राजनीतिक स्थिति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

**नीतीश कुमार की तारीफः** जीतनराम मांझी ने महिला सशक्तिकरण पर बिहार के पूर्व सीएम मुख्यमंत्री नीतीश की सराहना की है। उन्होंने कहा कि साइकिल योजना, पोशाक योजना और महिलाओं को दिए गए आरक्षण जैसे कदम ने राज्य में महिलाओं की स्थिति को मजबूत किया है। इन योजनाओं के कारण महिलाओं का सरकार पर विश्वास बढ़ा है। विकास के साथ जुड़ रही हैं।

**पीएम नरेंद्र मोदी का श्रेयः** उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि गयाजी जिले के इतिहास में ऐसा आयोजन पहली बार हो रहा है। इसे युवाओं के लिए प्रेरणा मंच बताया, जहां वे खेल, संस्कृति, अनुशासन और आत्मनिर्भरता सीखेंगे। मांझी ने इस आयोजन का श्रेय प्रधानमंत्री के नेतृत्व और प्रेरणा को दिया।

**आत्मनिर्भर बनने का आह्वानः** युवाओं से आत्मनिर्भर बनने का आह्वान कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति स्वयं आगे बढ़े और कम से कम 50 लोगों को रोजगार दे, तो बेरोजगारी की समस्या कम हो सकती है। महोत्सव में खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार, यह स्थानीय कलाकारों, खिलाड़ियों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देगा। इसके अतिरिक्त, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा।महोत्सव के पहले दिन बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, युवा और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागी गांधी मैदान में मौजूद रहे। पूरे परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### नया कोर्ट कैंपस बनेगा बेगूसराय में

**बेगूसराय।** पटना हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू ने पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों के शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही केस प्रबंधन प्रणाली का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने न्यायिक कार्यों में तेजी लाने और वादियों को समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला अतिथि गृह में बेगूसराय न्याय मंडल के न्यायिक पदाधिकारियों के साथ रविवार देर शाम बैठक हुई। गवाहों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, समन एवं अन्य प्रक्रियाओं की त्वरित तामील सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे अनावश्यक स्थगन से बचा जा सके। साथ ही बेगूसराय में नए कोर्ट परिसर के लिए 10 एकड़ जमीन चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं।

**सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगेः** साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के लिए बन रहे आवास को भी जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ऋषिकांत पांडेय, प्रधान न्यायाधीश (परिवार न्यायालय), जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डीएम श्रीकांत शास्त्री, एसपी मनीष सहित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव, लोक अभियोजक एवं सरकारी अधिवक्ता शामिल हुए। बैठक के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक पदाधिकारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके आवासीय परिसरों एवं न्यायालय परिसर में समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसपी को बम की धमकियों से निपटने के लिए नियमित मॉक ड्रिल, प्रवेश व्यवस्था की समीक्षा, संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा गया।

**शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देशः** इसके साथ ही न्याय पालिका एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया। जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने एसिड अटैक पीड़ितों को निर्धारित नियमों एवं योजनाओं के तहत समय पर मुआवजा देने पर भी बल दिया। सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पात्र लाभार्थी विलंब के कारण वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में Vulnerable Witness Deposition Centre स्थापित किए जा चुके हैं और उनके प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। आधारभूत संरचना के विकास के संबंध में मुख्य न्यायाधीश ने आधुनिक न्यायालय कक्ष, न्यायिक पदाधिकारियों के लिए पर्याप्त कक्ष, ई-कोर्ट, अभिलेखागार कक्ष तथा वादियों के लिए अनुकूल सुविधा विकसित करने के लिए संयुक्त रूप से आवश्यकताओं की पहचान कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया।

**बार एसोसिएशन में ई-लाइब्रेरी बनेगाः** वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए सुगम (barrier-free) पहुंच सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। बार एसोसिएशन की ओर से उठाए गए पुस्तकालय उन्नयन, चेंबर आवंटन एवं ई-फाइलिंग सुविधा पर मुख्य न्यायाधीश ने गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। दोनों बार एसोसिएशन में जल्दी ई-लाइब्रेरी बनाने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से लोक अदालत एवं अन्य वैकल्पिक विवाद निवारण (ADR) तंत्र में सक्रिय सहयोग की अपील की। जिससे लंबित मामलों का शीघ्र एवं सुलभ निपटान सुनिश्चित हो सके। आगामी 9 मई को आयोजित होने वाले लोक अदालत में अधिकतम मामलों की पहचान कर उनके निपटारे का भी आह्वान किया। डीएम ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश के दूरदर्शी नेतृत्व, व्यावहारिक निर्देशों एवं संवेदनशील दृष्टिकोण की बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सराहना की। उनके द्वारा न्याय में तेजी, संस्थागत सुरक्षा, पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण तथा न्यायपालिका, प्रशासन एवं बार के बीच समन्वय पर दिए गए बल से बेगूसराय के विधिक समुदाय में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हुआ है।

### नदी में डूबे छात्र की लाश बरामद

**बेगूसराय।** बेगूसराय में नदी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई। रविवार देर रात शव मिला है। मृतक की पहचान गोधना गांव निवासी उत्तम सहनी के पुत्र आदर्श कुमार(11) के तौर पर हुई है। 7वीं क्लास में पढ़ता है। घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र की है। चचेरे भाई साकेत कुमार ने बताया कि बड़ी मम्मी ने बैसाखी पर्व किया था। सभी लोग गोधना गंगा घाट किनारे अर्घ्य देने गए थे। पूजा के बाद सभी लोग लौटकर घर आए, लेकिन आदर्श नहीं आया। हमलोगों को लगा कि कहीं खेल रहा होगा। शाम तक जब नहीं लौटा तो चिंता हुई। खोजबीन शुरू की गई।

**काफी खोजबीन के बाद मिला शवः** परिवार के सदस्य घाट के पास पहुंचे तो वहां आदर्श का कपड़ा रखा मिला। जिसे देखकर अंदाजा लगाया गया कि नदी में स्नान करने के दौरान वो डूब गया है। काफी खोजबीन करने के बाद देर रात करीब 2:00 बजे गोधन घाट से लाश बरामद की गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### कक्षा 11 में नामांकन को आवेदन अवधि बढ़ी

**भागलपुर|** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सत्र 2026-2028 के लिए इंटरमीडिएट में नामांकन को लेकर आवश्यक सूचना जारी की है। इसके तहत मान्यता प्राप्त सरकारी और गैर सरकारी उच्च माध्यमिक संस्थानों में कक्षा 11 में प्रवेश के लिए ओएफएसएस पोर्टल पर सामान्य आवेदन की अवधि बढ़ाई गई है। बोर्ड के अनुसार बिहार बोर्ड, सीबीएसई और अन्य बोर्डों से 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण छात्र अब 24 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### अंग मुक्ति दल का केंद्रीय कार्यालय शुरू

**भागलपुर|** घंटाघर में "अंग मुक्ति दल" के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ। शुभारंभ बिहार कोऑपरेटिव के एमडी जितेंद्र मिश्रा, आलोक अग्रवाल और संस्था के अध्यक्ष प्रो. एन.के. प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रो. प्रियदर्शी ने चेतावनी दी कि अंग क्षेत्र के साथ अन्याय अब बर्दाश्त नहीं होगा। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो पृथक 'अंग राज्य' का आंदोलन तेज किया जाएगा। मौके पर जितेंद्र मिश्रा, आलोक अग्रवाल महासचिव अमित विक्रम व कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. देवज्योति ने अपनी बातें कहीं।

### मायागंज ओपीडी में भीड़ का दमघोंटू हाल, मरीज बेहाल

**भागलपुर|** मायागंज अस्पताल की ओपीडी में इलाज से पहले ही मरीजों की परीक्षा शुरू हो जाती है। भागलपुर समेत 10-12 जिलों से रोज करीब 2000 मरीज यहां पहुंचते हैं, लेकिन रजिस्ट्रेशन काउंटर की अव्यवस्था के कारण लोगों को घंटों दमघोंटू भीड़ में खड़ा रहना पड़ता है। ओपीडी बिल्डिंग के अंदर बने काउंटर के आसपास जगह काफी संकरी है। ऐसे में लंबी कतार बाहर तक लग जाती है। हालात यह है कि कई बार भीड़ में लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है, जबकि गर्मी में मरीजों के बेहोश होने तक की नौबत आ चुकी है। वेंटिलेशन की कमी परेशानी को और बढ़ा रही है। नौ में से सिर्फ छह काउंटर चालू रहता है, तीन काउंटर महीनों से बंद है। कतार में लगे लोगों के ऊपर लगे पंखों में भी कई खराब हैं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. एचपी दूबे ने दो माह पहले ही रजिस्ट्रेशन काउंटर को बाहर पानी टंकी के पास शिफ्ट करने और शेड बनाने का निर्देश दिया था। इमरजेंसी से फेब्रिकेटेड तक शेड और जर्जर सड़क बनाने कार्य भी एजेंसी की सुस्ती के कारण अटके हैं। प्रबंधन का कहना है कि कई बार पत्र लिखे गए, लेकिन काम आगे नहीं बढ़ा।

### टीएमबीयू में पर्यावरण विज्ञान के नए सहायक प्रोफेसरों की पदस्थापना जल्द

**भागलपुर|** टीएमबीयू में पर्यावरण विज्ञान विषय के लिए नए सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। विवि प्रशासन के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग पूरी हो चुकी है और अब उनकी अलग-अलग विभागों में पदस्थापना की तैयारी है। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने लोकभवन को आवश्यक अनुमति के लिए पत्र भेजा है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही पदस्थापना की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। विश्वविद्यालय अधिकारियों का कहना है कि नए शिक्षकों के आने से पर्यावरण विज्ञान विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी, कक्षाओं और मार्गदर्शन कार्य में निरंतरता बढ़ेगी तथा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# सोशलिस्ट स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया छात्र नेताओं का प्रोस्टेट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के टीएनबी कॉलेज में सोमवार को छात्र-छात्राओं का आक्रोश फूट पड़ा। सोशलिस्ट स्टूडेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के कॉलेज अध्यक्ष देव सूरज के नेतृत्व में करीब 200 छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय की विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार आंदोलन किया। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कॉलेज बंद करा दिया। आंदोलन के कारण पूरे दिन शैक्षणिक गतिविधियां बाधित रहीं। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी है, लेकिन प्रशासन इस ओर गंभीर नहीं है। प्रदर्शन कर रहे छात्र देव सूरज ने बताया कि परिसर में लगातार साइकिल चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे छात्र-छात्राएं असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके अलावा छात्रावास की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी है, लेकिन उसकी मरम्मत के लिए अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। आंदोलन के दौरान छात्रों ने कैंपस में पर्याप्त रोशनी नहीं होने का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया। सुमित ने बताया कि शाम होते ही परिसर में अंधेरा छा जाता है, जिससे सुरक्षा को लेकर खतरा बना रहता है। कक्षाओं में लगे पंखे भी खराब पड़े हैं, जिससे गर्मी में पढ़ाई करना मुश्किल हो रहा है। इन सभी समस्याओं को लेकर छात्र-छात्राएं लंबे समय से प्रशासन से मांग कर रहे थे, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

**छात्रा बोली- प्राचार्य ने 7 दिनों के अंदर समाधान का आश्वासन दिया थाः** छात्रा सबीना खातून ने बताया कि पूर्व में प्राचार्य द्वारा सात दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बावजूद कोई काम शुरू नहीं हुआ। इसी वजह से छात्रों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने आंदोलन का रास्ता अपनाया। प्रदर्शन के दौरान अमन ने कहा कि कॉलेज परिसर में लाइट की व्यवस्था बेहद खराब है, जिससे छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी होती है। उन्होंने प्राचार्य से इस दिशा में तत्काल कदम उठाने की मांग की। वहीं सुन्नी ने कहा कि कक्षाओं में खराब पड़े पंखों को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए, ताकि छात्रों को राहत मिल सके।

**छात्र ने कैंपस में चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई, कहा- सुरक्षा व्यवस्था फेलः** छात्र नेता पीयूष ने लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। उन्होंने प्रशासन से इस पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। आंदोलन के दौरान एनईपी के तहत पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं के आवेदन भी लिए गए, ताकि उनकी शैक्षणिक समस्याओं का समाधान किया जा सके। आंदोलन के बाद प्राचार्य ने छात्रों को लिखित रूप से एक दिन के भीतर कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया है।

# 12 साल के बच्चे की बेरहमी से कर दी हत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में बेरहमी से 12 साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। घर से 200 मीटर दूर शव मिला है। बॉडी पर घसीटने और धारदार हथियार से हमला किए जाने के निशान है। वारदात को बाद शव को कूड़ेदान में डाल दिया। घटना ललमटिया थाना क्षेत्र के जैन मंदिर रोड स्थित कबीरपुर की है। सोमवार सुबह नगर निगम के स्टाफ ने कूड़ेदान खोला तो अंदर खून से लथपथ किशोर की लाश देखी। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। ललमटिया थाना प्रभारी दीपक पासवान भी टीन के साथ पहुंचे। मृतक की पहचान मोहम्मद इजहार के पुत्र मोहम्मद समीर(12) के तौर पर हुई है। नानी के घर में रहता था। चिकन शॉप पर काम करता था।

**खाना खाने के बाद घर से बाहर निकला थाः** मृतक के मामा मोहम्मद आजाद ने बताया कि समीर रविवार रात करीब 8 बजे दुकान से घर लौटा था। खाना खाने के बाद रात 11 बजे स्प्राइट पीने के लिए बाहर निकला था। इसके बाद नहीं लौटा। हमारी किसी से दुश्मनी नहीं है। कहीं और हत्या की गई है। शव को यहां लाकर फेंका गया है। समीर नाथनगर इलाके का रहने वाला था। कई साल से अपनी नानी के घर रह रहा था। हत्या किसने और क्यों की है, इसकी जानकारी नहीं है। ये पुलिस जांच से ही स्पष्ट हो सकेगा। इलाके में लगे सीसीटीवी की जांच होनी चाहिए।

**जांच के लिए पहुंची FSL की टीमः** वहीं, डीएसपी टू राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। मौके पर FSL की टीम को बुलाया गया है।

# गर्लफ्रेंड को वीडियो कॉल कर की आत्महत्या

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में प्रेमिका को वीडियो कॉल कर प्रेमी ने फंदे से झूलकर सुसाइड कर लिया। मामला बाईपास थाना क्षेत्र के तडिया गांव का है। घटना, रविवार की शाम की है। सोमवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया। मृतक की पहचान विमल यादव के पुत्र नीतीश कुमार यादव के तौर पर की गई है। नीतीश पड़ोस की लड़की से प्रेम करता था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच रविवार की शाम को विवाद हुआ था। यही कारण था कि नीतीश ने प्रेमिका को वीडियो कॉल कर फंदे से झूल गया। सबसे पहले बॉडी को फंदे से लटकते हुए उनके पिता विमल यादव ने देखा। इसके बाद फंदे से नीचे उतारकर उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बाईपास थाना अध्यक्ष सुमन राय अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल का बारीकी से जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**पड़ोस की रहने वाली है लड़कीः** मृतक के बड़े भाई कृष्णानंद ने बताया कि 2024 में मेरा भाई अपनी प्रेमिका मोना कुमारी से मिलने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान उनके पिता और भाई ने देख लिया, इसके बाद उन्होंने केस कर दिया था। कई महीनों तक जेल में रहे, उसके बाद बेल करवाकर उसे बाहर लाए थे। उसके बाद से लगातार दोनों के बीच बातचीत चल रही थी। मृतक के भाई ने बताया कि लड़की भागलपुर में रहकर पढ़ाई करती है। कल किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो उसने वीडियो कॉल पर ही सुसाइड कर लिया, उसका सबूत भी मेरे पास है। उन्होंने कहा कि भाई घर में ही रहता था, वह कुछ नहीं करता था। वहीं, बाईपास थाना अध्यक्ष सुमन राय ने बताया कि डिप्रेशन के वजह से युवक घर में ही रहता था, दिन भर वह दरवाजे को लॉक कर अंदर रहता था। बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों की तरफ से लिखित आवेदन नहीं दी गई है, आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रिश्वत लेते पकड़े गए राजस्व कर्मचारी बर्खास्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**अररिया।** जिलाधिकारी अररिया विनोद दूहन ने नरपतगंज अंचल कार्यालय के निलंबित राजस्व कर्मचारी मो इम्तियाज आलम को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह कार्रवाई उनके विरुद्ध भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप प्रमाणित होने के बाद की गई है। जारी आदेश के अनुसार, आरोपी कर्मचारी ने ग्राम रामघाट कोशकापुर निवासी कमलेश्वरी यादव के भूमि संबंधित ऑनलाइन नाम व रकवा सुधार के आवेदन के निष्पादन के लिए 15,000 रुपये की अवैध राशि की मांग की थी। शिकायत के आधार पर, निगरानी विभाग की टीम ने 20 जनवरी को विशेष कार्रवाई करते हुए मो इम्तियाज आलम को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के तुरंत बाद, आरोपी को निलंबित कर विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी।

**संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गयाः** जांच के दौरान प्रस्तुत साक्ष्यों और निगरानी विभाग की रिपोर्ट में आरोपों को पूरी तरह सत्य पाया गया। संचालन पदाधिकारी ने भी अपने प्रतिवेदन में आरोपों की पुष्टि की। विभागीय प्रक्रिया के तहत, आरोपी को अपना पक्ष रखने के कई अवसर दिए गए, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरती और भ्रष्ट आचरण से सरकारी छवि को धूमिल किया। अनुशासनिक प्राधिकार ने सभी तथ्यों, साक्ष्यों और नियमों के आलोक में आरोपी के कृत्य को बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली का उल्लंघन माना।

**सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गयाः** इसके आधार पर, उन्हें सेवा से बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया। जिलाधिकारी अररिया ने सरकारी सेवक नियमावली-2005 यथा संशोधित नियमावली-2007 के नियम 14 (Xi) के तहत तत्कालीन राजस्व कर्मचारी मो इम्तियाज आलम को आदेश निर्गत की तिथि से सेवा से बर्खास्त कर दिया है। यह बर्खास्तगी सामान्यतः भविष्य में सरकारी नियोजन के लिए अयोग्यता मानी जाएगी। जिला पदाधिकारी, अररिया द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह कार्रवाई सरकारी तंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में की गई है।

# परशुराम जयंती पर निकाली गई समरसता यात्रा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बेगूसराय।** बाबा परशुराम के जन्मोत्सव पर जयमंगला वाहिनी परिवार द्वारा आज 65 किलोमीटर की समरसता धर्म यात्रा निकाली गई। जयमंगला गढ़ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद शुरू इस यात्रा में दो सौ बाइक सवार युवा भगवा ध्वज लहराते हुए जिधर से निकले, लोगों का हुजूम बढ़ता गया। बनारस से आए कलाकारों ने झांकी की प्रस्तुति दी, जो लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। जत्था में शामिल युवा डीजे में बज रहे- जयमंगला वाहिनी वाले हैं, अपने अंदाज निराले हैं, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्री राम, जय श्री राम आदि गीतों पर झूमते नजर आए। जयमंगलागढ़ से परशुराम मंदिर मोकामा तक की इस यात्रा में मंझौल, रजौड़ा, मोहनपुर, पन्हास, सुभाष चौक, हर-हर महादेव चौक, जीरो माइल, बीहट, सिमरिया में बड़ी संख्या में बाइक सवार जुड़ते गए।

**सुरक्षा के लिहाज से यात्रा के साथ चल रही थी पुलिस की गाड़ीः** जयमंगला गढ़ से परशुराम का कट आउट लगा भक्तिगीतों पर झूमते बाइक सवार युवाओं का जत्था मंझौल, मोहनपुर, रजौड़ा, आनंदपुर, सुभाष चौक होते हुए हर-हर महादेव चौक पहुंचा। यहां पहले से ही 200 ज्यादा युवा यात्रा में शामिल हुए और मोकामा परशुराम राजकीय मेला के लिए निकल पड़े। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस की गाड़ी चल रही थी। वहीं, नगर निगम के पूर्व महापौर संजय सिंह, समाजसेवी सोनू शंकर, विंग कमांडर रंजीत कुमार ने युवाओं का मनोबल बढ़ाते हुए बिहार की सबसे लंबी समरसता धर्मयात्रा के लिए बधाई दिया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे अवनीश कुमार एवं अंचल गौतम ने कहा की अक्षय तृतीया पर बाबा परशुराम धार्मिक समरसता यात्रा का आयोजन 2017 से अनवरत हो रहा है।

**मोकामा में अपने आराध्य बाबा परशुराम का आशीर्वाद ग्रहण करेंगेः** मोकामा स्थित भगवान परशुराम पौराणिक मंदिर में आयोजित राजकीय मेले के अवसर पर सम्पूर्ण जिलेवासियों के सहयोग से समरसता धर्म यात्रा निकाली जाती हैं। मीडिया प्रभारी सुमित कुमार ने बताया कि ने यह यात्रा मिथिला की संस्कृति को मगध की संस्कृति से जोड़ने का प्रयास है। यात्रा का आगाज कर हम लोग मोकामा में अपने आराध्य बाबा परशुराम का आशीर्वाद ग्रहण करेंगें। मौके पर मौजूद शिवम कुमार, सुंदरम एवं अभिजीत रंजन सिंह ने बताया कि बाबा परशुराम के जन्मोत्सव पर जयमंगला गढ़ से पूजा-अर्चना कर यात्रा प्रारंभ किया गया। जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत। इस दौरान विभिन्न जगहों पर ठंडा पानी, लस्सी, फ्रूटी, कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत आदि की व्यवस्था किया गया था। आम और खास लोगों की भागीदारी से हम युवाओं का उत्साह बढ़ा है। जयमंगला वाहिनी के जिलाध्यक्ष महेश वत्स ने शोभा यात्रा में शामिल हो कर इसे सफल बनाने के लिए बधाई देते हुए कहा कि सबों के सहयोग से ही यह कार्यक्रम सफल होता है। यात्रा को सफल बनाने में अमृत वत्स, अमन प्रियदर्शी, हरिओम, रजनीश सम्राट, कुणाल भारद्वाज, हरिओम, सुंदरम एवं सोनू सहित अन्य युवाओं ने अपना योगदान दिया है।

# हॉस्टल की जर्जर दीवार, छत को लेकर प्रोटेस्ट



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर सोमवार को विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने मारवाड़ी कॉलेज में जमकर हंगामा किया। प्राचार्य चेंबर का घेराव करते हुए कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। प्रोटेस्ट कर रहे कार्यकर्ताओं ने कहा कि हॉस्टल पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बिल्डिंग की हालत इतनी खराब है कि किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि हॉस्टल में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। छात्र-छात्राएं रोजाना मूलभूत सुविधाओं के लिए समस्या का सामना कर रहे हैं। रात में सोने के वक्त छात्रों को डर लगता है कि कहीं छत न गिर जाए। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। 2 घंटे तक विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ने महाविद्यालय में प्रोटेस्ट किया जिसके बाद प्राचार्य ने जल्द समस्या की समाधान करने का आश्वासन दिया तब मामला शांत हुआ।।

**तीन दिन का अल्टीमेटम, बड़ा आंदोलन करने की चेतावनीः** छात्र नेता शिवसागर ने बताया कि मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्रावास की स्थिति बेहद दयनीय हो गई है। उन्होंने कहा कि हॉस्टल का बुनियादी ढांचा पूरी तरह जर्जर हो चुका है और छत टूटकर गिर रही है, जिससे छात्रों की जान को खतरा बना हुआ है। पानी की टंकी गंदी है और छात्रों को उसी दूषित पानी का उपयोग करना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हॉस्टल में सुरक्षा की भी गंभीर कमी है। बाउंड्री वॉल छोटी होने और खिड़कियों पर जाली नहीं होने के कारण सांप तक अंदर घुस आते हैं, जिससे छात्रों में डर का माहौल है। इसके अलावा कॉमन रूम और खेलकूद जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। शिवसागर ने कहा कि कॉलेज प्रशासन और प्राचार्य ने आज तक हॉस्टल का निरीक्षण नहीं किया और वहां रह रहे करीब 50 छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज किया गया है। छात्रों ने कई बार आवेदन, फोन और व्यक्तिगत रूप से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 3 दिनों के भीतर सभी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो 24 तारीख को छात्र महाविद्यालय का घेराव कर बड़ा आंदोलन करेंगे।

**छात्रावास अधीक्षक बोले- जल्द होगा काम शुरूः** छात्रावास अधीक्षक डॉ. संजय जायसवाल ने बताया कि मारवाड़ी महाविद्यालय छात्रावास के छात्रों द्वारा उठाई गई मांगें जायज हैं और प्राचार्य ने भी इस पर अपनी सहमति जताते हुए जल्द समाधान का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हॉस्टल के कॉमन रूम में टूट-फूट और झड़ते प्लास्टर की समस्या को गंभीरता से लिया गया है। प्राचार्य स्तर से मरम्मत कार्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और विश्वविद्यालय के अभियंता के उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अधीक्षक ने यह भी बताया कि छात्रों की दैनिक जरूरतों और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं, जिससे अब इन मामलों में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

# शिक्षक ट्रांसफर रोकने की मांग, जनता दरबार में अभिभावकों का प्रदर्शन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**अररिया।** अररिया जिले के रानीगंज प्रखंड स्थित कुपाड़ी गांव के अभिभावकों ने सोमवार को जिला पदाधिकारी के जनता दरबार में पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने मध्य विद्यालय कुपाड़ी में कार्यरत शिक्षक अनमोल कुमार के स्थानांतरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। अभिभावकों ने अपने आवेदन में बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, अररिया के अधीन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा 10 अप्रैल को पत्रांक संख्या 807 के तहत अनमोल कुमार का स्थानांतरण किया गया है। उन्हें प्रखंड सिकटी के प्राथमिक विद्यालय धूम टोला, दीपनगर भेजा गया है। इस फैसले से पूरे गांव में चिंता और आक्रोश है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में धीरेंद्र यादव, दिलीप यादव, राजेश यादव, मनीष कुमार, पंकज यादव, विनोद शाह, रीता देवी, ममता देवी, गुड़िया देवी, परमानंद राम, बिजली देवी, अरुणा देवी, मुन्नी कुमारी सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

**स्कूल की शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगीः** अभिभावकों ने कहा कि मध्य विद्यालय कुपाड़ी में कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई होती है, लेकिन वर्तमान में यहां केवल 4 शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से एक प्रधानाध्यापक के कार्यों में व्यस्त रहता है, जिससे शिक्षण के लिए मात्र 3 शिक्षक ही उपलब्ध हैं। एक योग्य शिक्षक के जाने से स्कूल की शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी। ग्रामीणों के अनुसार, अनमोल कुमार एक मेहनती, ईमानदार और समयनिष्ठ शिक्षक हैं। वे नियमित रूप से विद्यालय संचालित करते थे और सभी विषयों की पढ़ाई समय-सारणी के अनुसार करवाते थे। आज तक उनके खिलाफ किसी अभिभावक ने कोई शिकायत नहीं की है। बिना किसी कारण या शिकायत के उनका स्थानांतरण बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है।

**विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था आवश्यकः** अभिभावकों ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का हवाला देते हुए कहा कि सरकार के नियमों के अनुसार विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षकों की व्यवस्था आवश्यक है। वर्तमान स्थिति में यह संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि अनमोल कुमार का स्थानांतरण रद्द कर उन्हें कुपाड़ी मध्य विद्यालय में ही बनाए रखा जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। ग्रामीणों का मानना है कि योग्य शिक्षकों की कमी पहले से ही शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। जिला प्रशासन अब इस गुहार पर क्या फैसला लेता है, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### परिसीमन संवेदनशील मुद्दा, दक्षिण भारत के राज्यों की आशंका भी दूर करना जरूरी

तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि संसद में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी समय की जरूरत हो सकती है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसमें बदलाव हो सकते हैं। मगर इस वर्ष परिसीमन की कवायद को लेकर कई सवाल उभरते दिख रहे हैं। खासतौर पर दक्षिण भारत के राज्यों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि परिसीमन के ताजा प्रस्ताव के तहत जो प्रारूप सामने आया है, अगर वह अमल में आया तो यह व्यापक स्तर पर भेदभाव का कारण बनेगा। हालांकि इस तरह के कदम उठाने से पहले देशभर में सर्वसम्मति कायम करने की अपेक्षा की जाती है, ताकि राज्यों के बीच मतभेद न उपजे, लेकिन परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की पहल के बाद तमिलनाडु में जिस तरह का विरोध उभर रहा है, उससे कई सवाल उठे हैं। गौरतलब है कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन की कवायद के खिलाफ विरोध को तेज करते हुए इससे संबंधित विधेयक की प्रति जला कर और काला झंडा दिखा कर पूरे राज्य में आंदोलन की शुरुआत कर दी। इससे पहले स्टालिन ने यहां तक कहा था कि तमिलनाडु की चिंता को दूर किए बिना अगर परिसीमन को आगे बढ़ाया गया, तो राज्य में एक समय चले हिंदी विरोधी आंदोलनों जैसी स्थिति बन सकती है।निश्चित रूप से एक संवेदनशील मुद्दे पर देश के अलग-अलग राज्यों में इस स्तर के मतभेद पैदा नहीं होने चाहिए थे और इससे जुड़ी चिंताओं का समाधान वक्त की जरूरत है। मगर हैरानी की बात यह है कि क्या केंद्र सरकार को इसका आभास नहीं था कि लोकसभा में सीटों की संख्या में बढ़ोतरी के क्रम में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच जिस तरह का असंतुलन पैदा होने वाला है, उससे कई स्तर पर असंतोष उभर सकता है! दरअसल, सरकार परिसीमन को महिला आरक्षण के साथ जोड़ कर पेश करने का प्रयास कर रही है, ताकि इसे लेकर उठने वाली आपत्तियों को कमजोर किया जा सके।मगर विपक्षी दलों की ओर से ऐसे सवाल उठाए जा रहे हैं कि राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग राज्यों में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी संसद के समीकरण में वैसे राज्यों को मजबूत स्थिति में खड़ा करेगा, जहां भारतीय जनता पार्टी ताकतवर है। इसके अलावा, सीटों के फिर से बंटवारे के क्रम में जो नया समीकरण बनेगा, उसमें दक्षिण भारत के राज्यों के प्रतिनिधित्व और अधिकारों में काफी कमी आने की आशंका जताई जा रही है। दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे कई राज्यों की नुमाइंदगी में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी।शायद यही वजह है कि तमिलनाडु में इस मसले पर व्यापक असंतोष उभर रहा है। तेलंगाना, कर्नाटक और केरल आदि राज्यों में भी परिसीमन में आबादी के आधार पर लोकसभा की सीटों में वृद्धि होने पर तीखे सवाल उठाए जा रहे हैं कि क्या दक्षिण भारतीय राज्यों को परिवार नियोजन को लेकर बेहतर प्रदर्शन का खमियाजा उठाना पड़ रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि स्टालिन ने परिसीमन संशोधन को दक्षिणी राज्यों के खिलाफ और देश की प्रगति में योगदान देने की सजा तक कहा है।सवाल है कि इतने संवेदनशील मुद्दे पर केंद्र सरकार को सभी राज्यों को विश्वास में लेने की जरूरत क्यों महसूस नहीं हुई। एक पक्ष यह है कि परिसीमन का मुख्य आधार चूंकि जनगणना होता है, तो नई स्थितियों में इससे संबंधित किसी कवायद पर उठने वाले सवालों का हल क्यों नहीं निकाला गया? कोशिश इस बात की होनी चाहिए कि अगर परिसीमन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, तो इस मसले पर उभरने वाली आपत्तियों पर गौर किया जाए और सभी राज्यों के बीच सहमति कायम की जाए।

*अक्सर पिता की चिंता होती है कि अगर उसकी बेटी विज्ञान चुनेगी, तो वह परिवार नहीं बना पाएगी। यह धारणा सही नहीं है। लड़कियां करिअर और परिवार दोनों को साथ लेकर चल सकती हैं। ये एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। सभी को समान अवसर मुहैया कराने के लिए और अधिक प्रयासों की आवश्यकता है। इसके लिए छात्रवृत्तियां देने के अवसर बढ़ाने जरूरी हैं। उनके लिए प्रशिक्षण के दरवाजे खोलने होंगे।*

## नामांकन बढ़ा, लेकिन नौकरियों में सिमटी महिलाएं, 33% वैश्विक

**(जयप्रकाश त्रिपाठी)**

विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में महिलाओं की असीम क्षमता को देखते हुए, उनके योगदान को सम्मानित करने तथा उनके सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए विश्व स्तर पर पहल हो रही है। इसका उद्देश्य अधिक समावेशी और विविध वैज्ञानिक समुदाय का निर्माण करना है। यह प्रयास इन महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में सभी प्रतिभाओं का लाभ उठाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इससे अन्वेषण का मार्ग निकल रहा है। फिर भी महिलाओं को कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जो उनकी प्रगति में बाधाएं उत्पन्न कर रहा है। विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में लैंगिक खाई पाट कर, समावेशी और सतत विकास में तेजी लाई जा सकती है। मगर हकीकत यह है कि वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महिलाओं की हिस्सेदारी केवल एक-तिहाई है। उन्हें पर्याप्त स्तर पर वित्तीय साधन उपलब्ध नहीं हैं। उनके लिए प्रकाशन अवसरों का अभाव है। विश्वविद्यालयों में भी शीर्ष पदों पर उनकी मौजूदगी कम है। महिलाओं को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित जैसे क्षेत्रों से जितना दूर रखा जाएगा, वैश्विक चुनौतियां उतनी ही जटिल होती जाएंगी। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में उच्च शिक्षा की संभावना अधिक होती है, लेकिन आज भी विज्ञान स्नातक में उनकी हिस्सेदारी केवल पैंतीस फीसद है। महिलाओं के प्रति उपेक्षा भाव और समानता के खिलाफ उग्र प्रतिक्रिया उनको पीछे धकेलने का काम करती है। इससे कड़ी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियां खतरे में हैं। महिला संगठनों और नागरिक समाज ने इन उपलब्धियों को हासिल करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। पूरी दुनिया में महिलाओं और लड़कियों को अब भी कई तरह की जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है। महिला अधिकारों के लिए आवाज उठाने वालों पर खतरा मंडराना चिंताजनक है। दुनिया भर में, महिला अधिकारों की पैरोकारी करने वालों को उत्पीड़न और हिंसा का सामना करना पड़ता है। इससे महिला अधिकारों के क्षरण के साथ सामाजिक-शैक्षिक जवाबदेही में गिरावट देखी जा रही है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) की अवधारणा यूएस नेशनल साइंस फाउंडेशन ने वर्ष 2001 में प्रस्तुत की थी। इस संगठन ने 'एसटीईएम' का इस्तेमाल सर्वप्रथम ज्ञान और कौशल को एकीकृत करने वाले पाठ्यक्रम में करिअर को संदर्भित किया था। यह एक व्यावहारिक दृष्टिकोण से चार विशिष्ट विषयों- विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में विद्यार्थियों को शिक्षित करने के विचार पर आधारित पाठ्यक्रम है। भारत उन देशों में से एक है, जहां सबसे अधिक संख्या में वैज्ञानिक और इंजीनियर हैं। पिछले कुछ वर्षों से देश में इस दिशा में काफी तेजी आई है। एक ताजा रपट के मुताबिक विश्व स्तर पर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी 33.3 से 35 फीसद है। इस क्षेत्र में यहां मात्र 29 फीसद हिस्सेदारी है। वैश्विक औसत के विपरीत, भारतीय शिक्षा में लगभग 43 फीसद महिलाओं के नामांकन के साथ उनकी उपस्थिति है, लेकिन नौकरी के क्षेत्र में उनकी भागीदारी घट कर केवल चौदह फीसद रह जाती है। गणित में आत्मविश्वास की कमी और पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण प्रमुख बाधाएं हैं। भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए विज्ञान ज्योति योजना, जीएटीआइ योजना और किरण योजना जैसी पहल की जा रही हैं। इस समय पूरी दुनिया में महिलाओं और लड़कियों को विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित में अपना भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है। नई डिजिटल तकनीक के विकास में मौजूदा परिस्थिति को देखा जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता समेत इस क्षेत्र में हर स्तर पर पुरुषों का दबदबा है। पूर्वाग्रह से ग्रस्त एल्गोरिद्म और तकनीक में जुड़ी असमानताओं के कारण डिजिटल जगत में महिलाओं के प्रति पुरुष वर्चस्व को बढ़ावा मिलने का जोखिम है। इस क्षेत्र से महिलाओं को जितना बाहर रखा जाएगा, उतना ही तात्कालिक वैश्विक चुनौतियों से निपटने की हमारी सामूहिक शक्ति जलवायु परिवर्तन से लेकर खाद्य सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और तकनीकी क्षेत्र में बदलावों तक सीमित होती जाएगी। दुनिया भर में ऐसे क्षेत्रों में आज भी महिलाओं और पुरुषों के बीच स्पष्ट अंतर बना हुआ है। इसके पीछे शोध के लिए सीमित संसाधन, सामाजिक रूढ़ियां और कार्यस्थलों पर भेदभाव जैसे कारण हैं। यह असमानता तकनीकी क्षेत्र में और अधिक गहरी है। डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े कार्यों में महिलाएं केवल 26 फीसद हैं, जबकि 'क्लाउड कंप्यूटिंग' में उनकी भागीदारी महज 12 फीसद है। यदि महिलाओं को विज्ञान से दूर रखा जाएगा, तो जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और अंतरिक्ष सुरक्षा जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने की हमारी सामूहिक क्षमता कमजोर पड़ जाएगी। बढ़ती असमानताओं के दौर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ), सामाजिक विज्ञान, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और वित्तीय क्षेत्र को एक साथ जोड़ कर, समावेशी एवं सतत विकास में तेजी लाई जा सकती है। इन क्षेत्रों में सहयोग से डिजिटल कौशल में लैंगिक अंतर कम किया जा सकता है। महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों को प्रोत्साहन मिल सकता है। एआइ संबंधी नीतियों को अधिक संवेदनशील बनाया जा सकता है और ऐसे निवेश को बढ़ावा दिया जा सकता है, जो सामाजिक समावेशन को प्राथमिकता दे। नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने से लेकर अगली महामारी को रोकने तक, हमारा भविष्य इस पर निर्भर है कि हम कितनी अधिक प्रतिभाओं को अवसर दे पाते हैं। हर दिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं अपने अधिकारों और सबकी भलाई के लिए वैज्ञानिक सपने साकार कर सकें। किर्गिस्तान की रसायन वैज्ञानिक असेल सार्तबाएवा इसकी एक मिसाल हैं। वे ब्रिटेन में रसायन विज्ञान की सहायक प्रोफेसर हैं। साथ ही, वह जैव-प्रौद्योगिकी कंपनी की सह-संस्थापक हैं। उनका शोध वैश्विक स्वास्थ्य की एक अहम समस्या पर केंद्रित है। वह ऐसे समाधान विकसित कर रही हैं, जिनसे ऊंचे तापमान में भी टीके सुरक्षित और प्रभावी रह सकें, ताकि उन्हें जटिल व्यवस्था के बिना दूरदराज के समुदायों तक आसानी से पहुंचाया जा सके। उनका कहना है कि विज्ञान में महिलाओं के लिए हालात पहले से बेहतर हुए हैं। जब वे पढ़ती थीं, तब महिला प्रोफेसर बहुत कम थीं। आज वह अधिक संतुलन और समावेशन को बढ़ावा देने वाली मजबूत नीतियां देखती हैं। फिर भी अभी और अधिक प्रतिभाओं की जरूरत है। दुनिया को अगले दशक में सृजित नौकरियों में से अस्सी फीसद के लिए किसी न किसी रूप में गणित और विज्ञान कौशल की आवश्यकता होगी। शोध निष्कर्ष बताते हैं कि कई समुदायों में लड़कियों के भविष्य से जुड़े निर्णय परिवार, विशेषकर पिता प्रभावित करते हैं।

## लाल गलियारे का अंत- शाह की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने रची सुरक्षा की नई इबारत

**(भारत भूषण अरजरिया)**

अमित शाह ने बार-बार एक और महत्वपूर्ण बात कही है–'संवाद और पुनर्वास'। उन्होंने उन युवाओं के लिए हमेशा 'लाल कालीन' बिछाई है जो गुमराह होकर हिंसा की राह पर चले गए थे। सरकार की आत्मसमर्पण नीति को इतना आकर्षक और सुलभ बनाया गया कि हजारों नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। भारत की आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में यदि किसी एक समस्या ने दशकों तक देश की प्रगति को बाधित किया और हजारों निर्दोषों का लहू बहाया, तो वह नक्सलवाद था। एक समय ऐसा भी था जब तत्कालीन सरकारों ने इसे देश के लिए 'सबसे बड़ा खतरा' स्वीकार किया था, लेकिन इसके समाधान के लिए वह ठोस राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई थी जो आज नजर आ रही है। आज जब हम 2026 के मुहाने पर खड़े हैं, तो भारत के नक्शे से 'लाल गलियारे' का सिकुड़ता दायरा और बस्तर के जंगलों में गूंजती शांति इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 'जीरो टॉलरेंस' नीति ने इस नासूर को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया है।अमित शाह ने गृह मंत्रालय की कमान संभालते ही नक्सलवाद को केवल एक स्थानीय कानून-व्यवस्था की समस्या मानने के बजाय इसे एक राष्ट्रव्यापी सुरक्षा चुनौती के रूप में चिन्हित किया और इसे समाप्त करने के लिए 'समाधान' और 'लौह प्रहार' जैसी रणनीतियों का सूत्रपात किया। अमित शाह की कार्यशैली का सबसे प्रमुख पहलू उनका 'परिणाम-आधारित' दृष्टिकोण है। उन्होंने अपने विभिन्न भाषणों में बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि नक्सलवाद का अस्तित्व केवल बंदूकों के दम पर नहीं, बल्कि विकास की कमी और वैचारिक भ्रम के कारण टिका हुआ था। शाह ने उन 'अर्बन नक्सल' समूहों को भी बेनकाब किया जो शहरों में बैठकर जंगलों में हिंसा फैलाने वालों के लिए वैचारिक कवच तैयार करते थे। गृह मंत्री का मानना है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है, और यदि कोई समूह हथियार उठाकर संविधान को चुनौती देता है, तो उसे उसी की भाषा में जवाब देना राज्य का उत्तरदायित्व है। इसी सोच के तहत उन्होंने सुरक्षा बलों को वह 'फ्री हैंड' दिया, जिसकी मांग वे दशकों से कर रहे थे। आज सुरक्षा बल न केवल नक्सलियों के गढ़ों में घुसकर प्रहार कर रहे हैं, बल्कि उन दुर्गम इलाकों में भी तिरंगा फहरा रहे हैं जहाँ पहले जाना असंभव माना जाता था। पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में सैकड़ों नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए हैं। इन कैंपों ने नक्सलियों की रसद, सूचना तंत्र और छिपने के ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह ने व्यक्तिगत रूप से इन क्षेत्रों का दौरा कर जवानों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें आधुनिक तकनीक, ड्रोन, सैटेलाइट इमेजरी और संचार के बेहतर साधनों से लैस किया। गृह मंत्री ने संसद में स्पष्ट किया था कि जब तक अंतिम नक्सली हथियार नहीं डाल देता या उसका सफाया नहीं हो जाता, तब तक सरकार चैन से नहीं बैठेगी।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6068

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 2 | | | | | 7 | 4 |
| | | | | 2 | 3 | | | 5 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 6 | | | 3 | 4 | | | 7 |
| 2 | | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| 1 | | | 6 | 9 | | | 3 | |
| | | | | | | | | 8 |
| 8 | | | 5 | 6 | | | | |
| 7 | 4 | | | | | 3 | 2 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6067

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 4 | 3 |
| 4 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 |
| 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 3 | 1 | 4 |
| 5 | 1 | 8 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 2 |
| 6 | 3 | 4 | 2 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 |

### वर्ग पहेली 6068

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. ब्रिटेन ने इस देश को 29 अगस्त 1945 को जापान से मुक्त किया (4)
5. वचन, प्रतिज्ञा, इकरार (2)
7. विवाह के पूर्व की एक रस्म (4)
8. नितांत अंतिम, छोरस्थ, पराकाष्ठात्मक (3)
10. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
11. लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपना सरगमी सफर इस फिल्म से शुरू किया (5)
13. जंगल, अरण्य, कानन (2)
14. ईर्ष्या, जलन, खुन्नस, रश्क (2)
15. भय, खौफ, दहशत (2)
16. भास्कर, दिनपति, दिवाकर (2)
18. प्रशस्ति स्तंभ, धौलहरा, लाट (3)
22. जो रिश्तें में नाना का पिता हो (4)
24. 1948 में प्रदर्शित आग वह पहली फिल्म थी जिसमें अभिनेता के साथ-साथ निर्माता-निर्देशक के रूप में भी ये अभिनेता सामने आए (5)
25. घोड़ों द्वारा खींचकर ले जानी वाली सवारी का चलन प्राचीनकाल में था (2)

**ऊपर से नीचे**
1. जल्दी-जल्दी और लंबी-लंबी सांसे लेना (3)
2. अनर्थ बोध, बदगुमानी, भ्रांत धारणा (6)
3. मालवी में प्याज को यह कहते है (2)
4. बारूद को अंग्रेजी में यह कहा जाता है (6)
5. पुनरागत, लौटा हुआ, प्रतिगत, शेखर पुरोहित अलका अभिनीत 1969 की फिल्म (3)
6. दायित्व, कार्यभार, जिम्मा (5)
9. नगीना, रत्न (2)
12. दौड़ने वाला, धावक (3)
17. पूरे संसार का स्वामी होने के कारण भगवान शिव का एक नाम (4)
19. मुलायम, मृदु, कोमल (3)
20. सूती धागा, रज्जू (2)
21. पुराणानुसार कामाक्षी का चौथा रूप, शब्द ब्रह्म, परमार्थ का कराने वाली विद्या (2)
22. किंतु, परंतु, पंख, डैना (2)
23. नारी का अपभ्रंश, मोटा रस्सा (2)

### वर्ग पहेली 6067 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | बि | दा | सु | ल्ता | न | | ट |
| ज | ज | | ख | | या | चि | का |
| त | ली | | दा | य | रा | | |
| क | | त | य | | स्ता | व | क |
| | अ | ट | क | ल | | न | र |
| लू | | व | | क्ष्य | | गो | वा |
| | फु | र्ती | ला | | ना | च | |
| जा | ट | | भ | र | ता | र | |

## आज का राशिफल

**मेष**
आज अपने अधिकतर लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहेंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन खुशखबरी लेकर आएगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत होगा। ऑफिस के रुके हुए काम पूरे होने से बड़ी राहत मिलेगी। इसके साथ ही कार्यस्थल पर अटके हुए प्रोजेक्ट्स पूरे होंगे। वहीं आज आपको धन लाभ के भी योग हैं।

**वृष**
आज अपने पिता के किसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने में सहयोग करेंगे। आज नए विचार आपके मन में आएंगे, लेकिन अपनी वाणी और व्यवहार पर थोड़ा नियंत्रण रखें। गलतफहमियों से बचें ताकि वैवाहिक जीवन सुखद बना रहे। करियर में नए कार्य की योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है।

**कर्क**
आज दिल की बात कहने के लिए आज का दिन सर्वश्रेष्ठ है। कलात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज ऑफिस में काम की तारीफ होगी। नए प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले मित्रों की सलाह जरूर लें। पारिवारिक रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। प्रेम प्रस्ताव देने के लिए आन का दिन शुभ है।

**सिंह**
आज का दिन करियर के लिए बहुत ही फेवरेबल है। ऑफिस के अधूरे कार्य सीनियर्स की मदद से पूरे हो जाएंगे। व्यापार में धन लाभ की प्रबल संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते मजबूत होंगे। सरकारी कर्मचारियों के लिए दिन शानदार रहने वाला है।

**मिथुन**
आज का दिन अच्छे परिणाम लेकर आएगा। दोस्तों की मदद से जरूरी काम पूरे होंगे। पुराना अटका हुआ पैसा आज वापस मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता मिलेगी। साथ ही धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या**
आज भाग्य के सितारे बुलंद हैं। नया बिजनेस शुरू करने की सोच रहे हैं तो समय अनुकूल है। आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार होगा और सभी कार्य सिद्ध होंगे। पुराने दोस्तों से मुलाकात मन को खुश करेगी और नवविवाहितों के रिश्तों में मिठास बढ़ेगी।

**तुला**
आज परिवार के सहयोग से हर परिस्थिति को संभालने में सक्षम होंगे। व्यापार में नए लोगों से मुलाकात भविष्य में बड़ा धन लाभ कराएगी। घर में किसी धार्मिक अनुष्ठान या पार्टी के आयोजन की चर्चा हो सकती है। आप कुछ गहरे विचारों में डूबे रह सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। किसी रुके हुए कार्य के पूर्ण होने से मानसिक संतोष मिलेगा। साथ ही आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलेगा। आपका व्यक्तित्व लोगों को प्रभावित करेगा और लवमेट के साथ दिन यादगार बीतेगा। आज आपको करियर में नए अवसर मिलेंगे।

**मकर**
आज आपका प्रदर्शन लोगों को प्रभावित करेगा। व्यवसाय में लाभ के योग हैं और सहकर्मियों की मदद से जरूरी काम पूरे होंगे। बेवजह के विवादों से दूर रहना ही आपके लिए हितकर है। स्वास्थ्य का विशेष ख्याल रखें और शाम को परिवार के साथ समय बिताएं।

**कुंभ**
आज अपने जीवनसाथी के साथ व्यापारिक चर्चा करेंगे। जिससे आपको नई दिशा मिलेगी। पारिवारिक कार्यों को पूरा करने में सभी का सहयोग मिलेगा। छात्र वर्ग के लिए आज का दिन अच्छा है। सहपाठी आपसे मदद मांग सकते हैं।

**धनु**
आज अपनी कार्य कुशलता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। व्यापार में धन लाभ के योग हैं, लेकिन आर्थिक प्रगति के लिए अधिक मेहनत करनी होगी। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आज अपनी वाणी पर संयम रखें ताकि विवाद न हो।

**मीन**
आज अधूरी इच्छाएं पूरी होने का दिन है। ऑफिस में अधिकारियों का सहयोग मिलने से उत्साह बढ़ेगा। इसके साथ ही अनुभवी लोगों से आज आपका संपर्क बढ़ाना आपके भविष्य के लिए फायदेमंद रहेगा। बच्चों की जरूरतों पर धन खर्च हो सकता है। आपका व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी कार्यालय, जय हिन्द कॉलोनी नाला पर, आरा, जिला भोजपुर (बिहार) से प्रकाशित संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, स्थानीय संपादक- साकेत अम्बष्ट, -9934957121, 7766886433, E-mail : svvaara@gmail.com, RNI-BIHHIN/2017/72765

## संक्षिप्त समाचार

### चतरा में तालाब में डूबने से मां समेत दो मासूम बेटियों की मौत

**चतरा, एजेंसी।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत भोज्या गांव में रविवार को एक हृदयविदारक घटना हुई है। गांव के तालाब में डूबने से मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार खीरू यादव की पत्नी परवा देवी अपनी दो बेटियों गीता कुमारी (8 वर्ष) और मालती कुमारी (6 वर्ष) के साथ गांव के बड़का आहार तालाब पर कपड़े धोने गई थीं। इसी दौरान अचानक एक बच्ची का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। बच्ची को बचाने के लिए मां परवा देवी और दूसरी बेटी भी तालाब में उतर गईं, लेकिन गहराई अधिक होने और फिसलन के कारण तीनों संतुलन खो बैठीं और डूब गईं। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सूचना देने के बावजूद पुलिस और प्रशासन समय पर नहीं पहुंचा। जिससे लोगों में आक्रोश है।

### चतराः सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के नाम पर 5 हजार वसूली का आरोप,

**चतरा, एजेंसी।** झारखंड के चतरा जिले के सदर प्रखंड के भोज्या गांव में तालाब में डूबने से मां समेत दो बेटियों की दर्दनाक मौत के बाद सदर अस्पताल की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मृतकों के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर आरोप लगाया है। मृतकों के परिजनों ने आरोप लगाया है कि पोस्टमार्टम कराने के नाम पर उनसे 5 हजार रुपये की मांग की गई। परिजनों के अनुसार, जब तक पैसे नहीं दिए गए तब तक उन्हें अस्पताल परिसर में इधर-उधर टहलाया जाता रहा। आरोप है कि 2500 रुपये ऑनलाइन एक मोबाइल नंबर पर ट्रांसफर करवाया गया और 2500 रुपये नकद देने के बाद ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर खुलेआम अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद अस्पताल की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं, क्योंकि इससे पहले भी पोस्टमार्टम के नाम पर पैसे लेने के आरोप सामने आ चुके हैं। लोगों को उम्मीद है कि नए उपायुक्त रवि आनंद मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### गढ़वाः स्कूटी सीख रही थी युवती, तेज रफ्तार ऑटो ने मारी टक्कर

**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा थाना क्षेत्र के हरैया नहर के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती की पहचान मझिआंव गांव निवासी संतोष बिंद की बेटी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उसे तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सोनी कुमारी हरैया गांव स्थित अपनी बहन के घर आई हुई थी। वह घर में खड़ी अपने जीजा की स्कूटी निकाल कर उसे चलाने की कोशिश कर रही थी। स्कूटी चलाना सीखने के दौरान में वह हरैया नहर के पास पहुंची थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार टेंपो (ऑटो) ने उसे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सोनी स्कूटी समेत सड़क पर दूर जा गिरी। इस हादसे में उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिससे वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घायल अवस्था में उठाकर सदर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है।

### खरसावां के बासंती मंदिर में श्रद्धा के साथ मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**खरसावां, एजेंसी।** झारखंड के खरसावां जिले के बासंती मंदिर परिसर में श्री परशुराम शक्ति सेना के तत्वावधान में भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और आरती की गई तथा उनके जीवन और संदेशों का स्मरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान परशुराम की जीवनगाथा, उनके आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सामाजिक एकजुटता बनाए रखने और क्षेत्र के समग्र कल्याण के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान परशुराम की जीवनी को नमन करते हुए सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान ब्राम्हण समाज के प्रबुद्ध लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में मुख्य रुप से अंबुजाक्ष आचार्य, प्रदीप कुमार दाश, गणेश मिश्रा, सूर्य कुमार पति, चामु मिश्रा, राजेश कुमार दाश, चित्त षाडंगी, दिलीप मिश्रा, शशनी त्रिपाठी, अशोक षाडंगी व भास्कर आचार्या शामिल है।

**कोडरमा में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के 3 सदस्य गिरफ्तार,**

# ट्रेन में महिलाओं के गहनों पर करते थे हाथ साफ

**कोडरमा, एजेंसी।** जिले के कोडरमा रेलवे पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जीआरपी ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। साथ ही ट्रेन में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाली दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के मनोसाखली (पश्चिम बंगाल) के रहने वाले आशीष प्रधान (46) सहित धनबाद के कतरास की रहने वाली संजना पासी (30) और प्रियंका पासी (26) के नाम शामिल हैं।




मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह कोडरमा स्टेशन पर गयाजी से आसनसोल जा रही पैसेंजर ट्रेन में चढ़ रही एक महिला के गले से एक व्यक्ति ने चेन छीन ली। इसके बाद महिला व उसके पति के शोर मचाने पर वहां मौजूद जीआरपी के जवान ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उससे पूछताछ की गई।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल का रहने वाला है और पश्चिम बंगाल में एक मिठाई की दुकान में हलवाई के रूप में काम किया करता था। मगर नए काम की तलाश के दौरान उसकी मुलाकात बापी सरदार, सुबो गईन तथा महताब से हुई, जो ट्रेन यात्री को अपना निशाना बनाते हैं। इसके बाद आशीष प्रधान भी इन लोगों के गैंग में शामिल हो गया और छिनतई जैसी कई घटनाओं को अंजाम देने लगा।

रविवार को भी आशीष पश्चिम बंगाल से कोडरमा पहुंचा और इसी दौरान उनकी नजर एक महिला पर पड़ी। जैसे ही महिला गया-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने लगी, इसने उसके गले से चेन खींच ली। पीड़ित महिला और उसके पति शोर मचाने लगे और मौके पर जीआरपी ने उसे पकड़ लिया। हालांकि महिला की चेन आरोपी के साथी वहां से लेकर भागने में सफल रहे। जीआरपी द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि यह चारों शातिर बदमाश देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर ट्रेन व बसों में चढ़ने वाले यात्रियों को अपना निशाना बनाते हैं। ये सभी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

इसी दौरान उनकी नजर एक महिला पर पड़ी जिसने सोने की चेन पहन रखी थी। जैसे ही महिला गया-आसनसोल पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने लगी, इसने बड़ी चालाकी से उसके गले से चेन खींच ली और अपने साथ आए बापी सरदार को थमा दी। इसी बीच वह महिला और उसके पति शोर मचाने लगे और इन लोगों को शक हो गया। इसके बाद जीआरपी द्वारा उसे पकड़ लिया गया। हालांकि महिला के गले से छीना हुआ मंगलसूत्र इसके साथी वहां से लेकर भागने में सफल रहे। जीआरपी द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि यह चारों शातिर बदमाश देश के अलग-अलग हिस्सों में जाकर ट्रेन व बसों में चढ़ने वाले यात्रियों को अपना निशाना बनाते हैं और छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं। इन कांडों में यह सभी पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं।

इस घटना के बीच जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार को रेल प्रशासन से सूचना मिली कि एक महिला के साथ धनबाद-गया इंटरसिटी एक्सप्रेस में गोमोह रेलवे स्टेशन पर छिनतई की वारदात हुई है। इसके बाद जीआरपी तथा आरपीएफ द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान ट्रेन में मौजूद दो महिलाओं पर शक हुआ। इसके बाद दोनों को ट्रेन से नीचे उतारा गया और उनसे पूछताछ की गई। इस दौरान उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से महिला यात्री से छिनतई किए गए मंगलसूत्र व मोतियों की माला बरामद कर ली गई।

## केरल के बाद राजस्थान की जोड़ी ने संभाली पलामू की कमान, इसी जिले में दोनों ने ट्रेनिंग भी की पूरी




**पलामू, एजेंसी।** राज्य भर में 46 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया, जिसमें कई जिलों के एसपी बदले गए। पलामू में भी एसपी और डीसी में बदलाव हुआ है। जिले में पहले केरल की जोड़ी प्रशासनिक पद पर तैनात थी। अब राजस्थान की जोड़ी ने प्रशासनिक कमान संभाली है।

पलामू डीसी के पद पर आईएएस दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और एसपी के पद पर कपिल चौधरी ने शनिवार को अपना योगदान दिया है। दोनों मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। इससे पहले पलामू डीसी के पद पर आईएएस समीरा एस और एसपी के पद पर आईपीएस रीष्मा रमेशन तैनात थी। दोनों मूल रूप से केरल की रहने वाली हैं। झारखंड सरकार ने शुक्रवार की रात दोनों अधिकारियों का तबादला कर दिया था। तबादला के बाद नए डीसी और एसपी ने अपना-अपना पद संभाल लिया है। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और एसपी कपिल चौधरी पलामू में अपना प्रशिक्षण भी पूरा चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि सभी के सहयोग से पलामू का विकास होगा। वे क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और आम लोगों के समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगे।

वहीं, पलामू के पूर्व डीसी समीर एस ने कहा कि टीम पलामू बनकर कार्य करने का प्रयास किया है। वहीं, पलामू एसपी के पद पर योगदान देने के बाद आईपीएस कपिल चौधरी ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग और सुदृढ़ विधि व्यवस्था उनकी प्राथमिकता है। अपराध एवं नक्सल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## साइना नेहवाल पहुंचीं देवघर, बाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा कर खेल के महत्व पर दिया संदेश

**देवघर, एजेंसी।** भारत की स्टार बैडमिंटन साइना नेहवाल सीमावर्ती बिहार के बांका जिले में एक स्कूल के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने के क्रम में देवघर पहुंचीं। उनके साथ उनके पिता हरवीर सिंह नेहवाल भी मौजूद थे। शहर में उनके आगमन की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में युवा खिलाड़ी और प्रशंसक उनकी एक झलक पाने के लिए उत्साहित दिखे। उन्होंने बताया कि देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल बाबा बैद्यनाथ और माता पार्वती के दर्शन कर जलार्पण करने का अवसर मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि पिता के साथ पूजा-अर्चना करना उनके जीवन की यादगार क्षणों में से एक रहेगा।

उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में देश के कई स्कूल खेल गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे हैं, जो सकारात्मक संकेत है। बच्चे जितना अधिक खेलों से जुड़ेंगे, उतना ही उनका शारीरिक और मानसिक विकास होगा। इससे न केवल उनका भविष्य बेहतर होगा, बल्कि देश की प्रतिष्ठा भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ेगी।

साइना नेहवाल के देवघर में होने से शहर में खेल प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर स्थानीय बैडमिंटन और अन्य खेल संघों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। ध्यान देने वाली बात है कि हरियाणा के हिसार में जन्मी साइना नेहवाल ने घुटने की समस्या के कारण जनवरी 2026 में अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन से संन्यास ले लिया है।

साइना ने 2008 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियन बनकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई। 2009 में इंडोनेशिया ओपन जीतकर वह बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। एक साल बाद, वह कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन बनीं। 2012 लंदन ओलंपिक में उन्होंने कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। 2015 में वह विश्व नंबर-1 रैंकिंग हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

# झारखंड का ट्रेजरी घोटाला चारा घोटाला से भी बड़ा है: विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी

**गढ़वा, एजेंसी।** बीजेपी विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने ट्रेजरी में करोड़ों रुपए के अवैध निकासी के मामले को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इसकी तुलना चारा घोटाले से की है। रमकंडा पहुंचे विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि झारखंड में चारा घोटाला से भी बड़ा ट्रेजरी घोटाला हुआ है। विधायक ने कहा कि अभी यह आंकड़ा 100 करोड़ पार हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस कोषागार को पूरा हिसाब किताब रखने का जिम्मा है, वहीं इसमें गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री आज सभी जगह जांच की बात कह रहे हैं। लेकिन इसकी नियमित जांच क्यों नहीं कराई गई है।



गढ़वा विधायक अपने कार्यकर्ता के घर शादी समारोह कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। जहां उन्होंने पत्रकार वार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि आज झारखंड के मुख्यमंत्री एक अरब का अपना घर बना रहे हैं। वहीं बच्चों को छात्रवृति का लाभ नहीं मिल रहा है। पैसे के अभाव में परीक्षा नहीं दे पा रहे हैं। किसानों को धान बेचने के बाद भी पैसा नहीं मिल रहा है। आज झारखंड की ऐसी स्थिति हो गई है कि आम लोगों की बात कोई सुनने वाला नहीं है।

विधायक ने कहा कि पढ़े लिखे झारखंड के युवा आज 10 सालों से झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा के इंतजार में हैं। कई युवाओं की उम्र खत्म हो गई है। विधायक ने कहा कि सरकार की मंशा साफ होती तो रघुवर सरकर की 2016 वाली नियमावली के आधार पर ही पात्रता परीक्षा आयोजित कराकर 26 हजार शिक्षकों के खाली पदों को भर सकती थी। लेकिन हेमंत सरकार भाषा के विवाद में उसे उलझा के रखा है। भोजपुरी, मगही और हिंदी को रीजनल भाषा के रूप में नहीं माना, जबकि गढ़वा, पलामू के लोग भोजपुरी, मगही और हिंदी को जानते हैं। विधायक ने कहा कि राज्य के लोगों की मांग थी कि रीजनल भाषा में भोजपुरी और मगही के साथ हिंदी को भी रखा जाए, लेकिन नियमावली में सरकार ने इसे हटाकर कुडुख, नागपुरी, कुरमाली, उड़िया और बांग्ला को रखा है। ताकि लोग इस मामले को लेकर हाईकोर्ट जाए और नियमावली पर रोक लगे। सरकार दो सालों से ओबीसी छात्रों को छात्रवृति नहीं दे पा रही है।

विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि वे इस मामले को लेकर राज्यपाल से मिलकर राज्य के छात्रों की इन समस्याओं को रखा है। हालांकि अब सरकार ने नियमावली को रद्द कर दिया है। लेकिन फिर से कब परीक्षा होगी कुछ पता नहीं है। ऐसे में उन छात्रों का क्या होगा जो बैल बकरी बेचकर शहरों में इस परीक्षा की तैयारी में लगे हैं।

## गढ़वाः स्कूल की जमीन कब्जाने की कोशिश नाकाम, सूचना के 10 मिनट के भीतर पहुंचे एसडीएम

**गढ़वा, एजेंसी।** झारखंड के गढ़वा जिले के समाहरणालय के बेहद करीब सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जा करने की नीयत से हो रहे अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। सूचना मिलने के महज 10 मिनट के भीतर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) संजय कुमार ने मोर्चा संभालते हुए भू-माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया।



मिली जानकारी के अनुसार, गढ़वा के दो जागरूक नागरिकों ने फोन पर एसडीएम को सूचना दी कि समाहरणालय के पास एक सरकारी स्कूल की जमीन पर अवैध तरीके से बाउंड्री वाल खड़ी की जा रही है। सूचना मिलते ही एसडीएम अपनी टीम के साथ मौके पर जा पहुंचे। हालांकि, प्रशासनिक अमले के पहुंचने की भनक लगते ही निर्माण काम में लगे मिस्त्री और मजदूर वहां से भाग खड़े हुए।

एसडीएम जब मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि स्कूल को घेरने के उद्देश्य से करीब तीन फीट ऊंची बाउंड्री का निर्माण बहुत तेजी से किया जा चुका था। आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन किसी ने भी निर्माण कराने वाले व्यक्ति का नाम बताने की हिम्मत नहीं दिखाई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम ने तत्काल उस कच्ची दीवार को गिरवा दिया।

एसडीएम ने गढ़वा अंचल पदाधिकारी सफी आलम को निर्देश दिया कि मौके पर मौजूद ईंट, सीमेंट और बालू जैसी निर्माण सामग्रियों को बिना देर किए जब्त किया जाए। साथ ही कल्याणपुर मुखिया अशोक चंद्रवंशी को निर्देश दिया गया कि वे परिसर पर पैनी नजर रखें और स्थानीय स्तर पर पता लगाएं कि इस अवैध निर्माण के पीछे कौन लोग शामिल हैं।

गौरतलब है कि पिछले साल भी इसी विद्यालय की जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया था। उस समय भी एसडीएम संजय कुमार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बाउंड्री को ध्वस्त कराया था। एसडीएम संजय कुमार ने कहा कि किसी भी सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अंचल पदाधिकारी और राजस्व कर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे मामलों पर निगरानी रखें और कहीं भी अतिक्रमण की सूचना मिले तो तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस मौके पर अंचल अधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ः विहिप ने रजरप्पा मंदिर के 254 दुकानदारों का जल्द से जल्द पुनर्वास करने की मांग की

**रामगढ़, एजेंसी।** झारखंड के रामगढ़ में विश्व हिंदू परिषद कार्यालय में विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में विहिप प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष तिलकराज मंगलम, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, जिला मंत्री छोटू वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे।



बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा के अवैध दुकानदारों के हटाने के मामले को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। विश्व हिंदू परिषद ने मंदिर परिसर से जुड़े कई महत्वपूर्ण सवालों को प्रशासन के सामने विस्तार से रखा है। बताया गया कि झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 254 दुकानों को हटाया गया। इस कार्रवाई के बाद प्रभावित दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। इन सभी 254 दुकानदारों का जल्द से जल्द पुनर्वास करने की मांग प्रशासन से की है जिससे कि इनकी रोजी-रोटी पर कोई असर न पड़े।

जानकारी के अनुसार, मंदिर परिसर में बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था को लेकर भी संगठन ने चिंता जताई है। खासकर पार्किंग व्यवस्था को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनी रहती है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद पार्किंग की कमी एक बड़ी समस्या बन चुकी है। विहिप ने प्रशासन से पार्किंग की समुचित और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की भी मांग की है, जिससे कि आने वाले भक्तों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो।

इसके अलावा मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा में देशभर से आनेवाले लाखों श्रद्धालुओं के लिये ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था करने, मंदिर क्षेत्र में सरकारी धर्मशाला या आवासीय भवन निर्माण की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को कहना है कि यह केवल मांग नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की मूलभूत जरूरत है। बैठक में विनय शर्मा, विरजू गोयनका सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नेतरहाट स्कूल मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी पर लगाया 25000 का जुर्माना

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाईकोर्ट ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय के गिरते शैक्षणिक स्तर को रोकने और गौरवशाली इतिहास को पुनर्जीवित करने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान नेतरहाट विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रोशन कुमार बख्शी की ओर से दायर आईए याचिका पर कड़ी नाराजगी जताई और उसे खारिज कर दिया। रोशन कुमार बख्शी पर 25000 का आर्थिक जुर्माना भी लगाया। यह राशि उन्हें अपने पॉकेट से भरनी होगी। जुर्माने की राशि 10 दिन के अंदर बरियातू स्थित ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय में जमा करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक अधिकारी ने अपनी आईए याचिका दायर कर जनहित याचिका की मेंटेनेबिलिटी को चुनौती दी थी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि कोर्ट के आदेश को लागू नहीं होने देने के लिए कुछ लोग प्रयासरत हैं। खंडपीठ ने यह भी कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझ कर एडहॉक कमेटी की बैठक नहीं होने दी जा रही है। तकनीकी बहाना बनाकर कोर्ट के आदेशों को रोका जा रहा है, यह किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। अस्थायी कार्यकारिणी समिति के सभापति अशोक कुमार सिन्हा के अस्वस्थ होने को देखते हुए कोर्ट ने सेवानिवृत आइएएस अधिकारी और विद्यालय के छात्र रहे राजकुमार को नया सभापति नियुक्त किया और दो मई को पूर्वाहन 11:00 बजे नेतरहाट विद्यालय एडहॉक कमेटी की बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया।

# मई के अंतिम सप्ताह में होगा खरसावां छऊ महोत्सव का आयोजन

**खरसावां, एजेंसी।** झारखंड के खरसावां छऊ महोत्सव के आयोजन को लेकर विधायक दशरथ गागराई की अध्यक्षता में खरसावां के आरसीडी गेस्ट हाउस गेस्ट हाउस में कलाकारों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में मुख्य रुप से मई के अंतिम सप्ताह में दो दिवसीय खरसावां छऊ महोत्सव का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसमें छऊ नृत्य के साथ साथ लोक कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

छऊ महोत्सव के आयोजन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। कलाकारों को प्रोत्साहित करने की बात कही गई। बैठक में तय किया गया है कि विधायक दशरथ गागराई के नेतृत्व में कलाकारों का एक प्रतिनिधि मंडल जिले के उपायुक्त से मुलाकात करेगा। इसमें खरसावां छऊ महोत्सव के आयोजन हेतु आवंटन उपलब्ध कराने समेत आयोजन के विभिन्न पहलूओं पर विचार विमर्श करेंगे।

बैठक में उपस्थित कलाकारों को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि कला-संस्कृति से क्षेत्र की पहचान जुड़ा हुआ है। उन्होंने कला को संरक्षित करने के लिये हर संभव कार्य करने की बात कही। साथ ही कलाकारों को प्रोत्साहित करने के आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया। खरसावां छऊ महोत्सव को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिये उन्होंने तन, मन व धन से सहयोग करने की बात कही।



सरायकेला नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि सरायकेला की तरह खरसावां में भी भव्य रुप से छऊ महोत्सव का आयोजन हो, इसके लिए हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा किकला की कोई सीमा नहीं होती है।

कलाकारों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ साथ उन्हें आगे बढ़ाया जाए, इसके लिए पूरी तत्परता के साथ कार्य करेंगे। खरसावां के राजा गोपाल नारायण सिंहदेव ने कहा कि खरसावां के छऊ नृत्य की अपनी अलग पहचान है। गांव में छऊ नृत्य का आयोजन होता है। इस आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के कलाकार प्रोत्साहित होंगे।

बैठक में मुख्य रूप से मो दिलदार, सरायकेला छऊ नृत्य कला केंद्र संयोजक सुदीप कबि, बांकसाई गढ़ के मनोज सिंहदेव, अनूप सिंहदेव, मुखिया सुनिता तापे, वरीय कलाकार परमानंद नंदा, सुमित महापात्र, बसंत गंतायत, लखिंद्र नायक, सुमंत चंद्र मोहंती, नित्या शंकर नंदा, शंकर बेहरा, सुदीप घोडाई, समीन नायक, सुमित्रा रविदास, सुमन रविदास, चांदनी हेंब्रम, सूरज हेंब्रम आदि उपस्थित थे।

# सलमान और नयनतारा की अगली फिल्म की शूटिंग शुरू



### अनिल कपूर समेत कई सेलेब्स ने जाहिर की खुशी

सलमान खान फिल्म 'मातृभूमि' के बाद साउथ एक्ट्रेस नयनतारा के साथ अगली फिल्म करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग से जुड़ा अपडेट मेकर्स ने साझा किया है। सलमान की इस फिल्म के लिए बॉलीवुड एक्टर्स एक्साइटेड दिख रहे हैं। निर्देशक वामशी ने इंस्टाग्राम पर सलमान खान की आगामी फिल्म से जुड़ी जानकारी साझा की है। निर्देशक ने एक क्लैपरबोर्ड की तस्वीर अपलोड की, जिस पर 'मुहूर्त' लिखा हुआ था। इस तरह वामशी ने फैंस को बताया कि सलमान खान और नयनतारा की एक्शन ड्रामा फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। शनिवार को इसका मुहूर्त शॉट किया गया।

### कई सेलेब्स ने शूटिंग को लेकर जाहिर की खुशी

डायरेक्टर वामशी की पोस्ट और सलमान खान की फिल्म को लेकर कई बॉलीवुड सेलेब्स उत्साहित दिखे। इस पोस्ट पर रिएक्शन देते हुए अनिल कपूर ने लिखा, 'वामशी, आपको बहुत-बहुत शुभकामनाएं।' इसी तरह नम्रता शिरोडकर ने भी कमेंट किया, 'बहुत-बहुत बधाई।' सलमान के फैंस ने भी इस पोस्ट को खूब लाइक किया है।

### सलमान ने ही थी फिल्म की घोषणा

कुछ दिन पहले सलमान खान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके अपनी इस फिल्म की घोषणा की थी। उन्होंने बताया था कि वो अपनी अगली फिल्म तेलुगु निर्देशक और निर्माता के साथ करेंगे। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर निर्देशक वामसी पेडिपल्ली के साथ एक तस्वीर भी शेयर की थी। इस तस्वीर के साथ सलमान ने लिखा, 'दिल, दिमाग और जिगर से इस अप्रैल से वामसी और दिल राजू के साथ।' शनिवार को इस फिल्म की शूटिंग शुरू भी हो गई।



# पार्वती कृष्णा योगा के नाम पर हो रहीं ट्रोल

**सोशल** मीडिया पर पार्वती कृष्णा को कई लोग फॉलो करते हैं, वह बतौर एक्सपर्ट फेस योगा सिखाती हैं। इसी वजह से वह एक विवाद का हिस्सा बन गई और नेटिजंस द्वारा ट्रोल भी की जा रही हैं। जानिए, क्या है ये पूरा मामला? और पार्वती कृष्णा का फिल्मी दुनिया से क्या रिश्ता है? पार्वती कृष्णा सोशल मीडिया पर दावा करती हैं कि वह फेस योगा से शॉर्प जॉलाइन बनाने में लोगों की मदद करती हैं। इससे चेहरा काफी हद तक बदल सकता है। लेकिन यह बात कुछ लोगों को हजम नहीं हुई। नेटिजंस ने फेस योगा से चेहरे में बदलाव की बात को नाकार और इसे गुमराह करने जैसा बताया। खासकर एक यूट्यूबर चंद्रशेखर रमेश ने पार्वती कृष्णा के दावों की आलोचना की।

### पार्वती ने दिया ट्रोल्स को जवाब

जब पार्वती कृष्णा की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग ज्यादा होने लगी तो एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए उन्होंने जवाब दिया। इसमें उनका कहना है कि वह एक फेस योगा की एक्सपर्ट हैं, उनके पास सर्टिफिकेट भी है। वह कई लोगों की इस मामले में मदद कर चुकी हैं। ट्रोल करने वालों पर भी पार्वती ने निशाना साधा है, इसमें यूट्यूबर चंद्रशेखर रमेश भी शामिल हैं। पार्वती के इंस्टाग्राम वीडियो पर कुछ लोगों ने उन्हें सपोर्ट भी किया है।

### फिल्मों से क्या है पार्वती कृष्णा का कनेक्शन

पार्वती कृष्णा एक दक्षिण भारतीय अभिनेत्री हैं। वह मलयालम फिल्मों में अभिनय करती हैं। साल 2014 में 'एंजल' नामक की फिल्म से पार्वती ने अपना करियर शुरू किया। फिल्मों के अलावा टीवी सीरियल भी किए। इसमें 'ईश्वरन साक्षीयायी' और 'रात्री माजा' जैसे सीरियल शामिल हैं। पार्वती ने कई शो भी होस्ट किए। मलयालम का पॉपुलर शो 'किडिलम' को भी वह होस्ट कर चुकी हैं।



पांच साल में बनाया भारत में सबसे बड़ा रिकॉर्ड

# संजय की चार फिल्मों ने ली 1000 करोड़ क्लब में एंट्री

**बॉलीवुड के एक मशहूर अभिनेता के नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उनकी अलग-अलग चार फिल्मों ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा कोई खान स्टार या साउथ का स्टार नहीं कर सका।**

यह आम राय है कि बॉक्स ऑफिस पर खान स्टार्स और साउथ के बड़े अभिनेताओं का दबदबा रहता है। हालांकि इस बार मामला थोड़ा अलग है। पिछले कुछ वर्षों में एक एक्टर ने ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो लोगों को हैरान कर रहा है। उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्में की हैं। उनकी चार फिल्में 1000 करोड़ क्लब में पहुंची हैं।

### अभिनेता ने खान और साउथ के कलाकारों को छोड़ा पीछे



यह कोई और अभिनेता नहीं बल्कि बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता संजय दत्त हैं। उनकी चार अलग-अलग फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। इस रिकॉर्ड की खास बात यह है कि कई बड़े स्टार्स ऐसा रिकॉर्ड नहीं बना पाए हैं। इस लिस्ट में आमिर खान, शाहरुख खान और प्रभास जैसे सितारे हैं। हालांकि संजय दत्त इन सब लोगों से आगे हैं। कई सितारों की एक या दो ही फिल्में 1000 करोड़ क्लब तक पहुंची हैं। लेकिन संजय दत्त की एक नहीं चार फिल्में 1000 करोड़ क्लब तक पहुंची हैं।

### इन फिल्मों ने कमाए 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा

संजय दत्त ने 'केजीएफ चैप्टर 2' (2022) में अपने विलेन के किरदार से काफी चर्चा बटोरी। संजय दत्त की यह पहली फिल्म थी जिसने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री मारी थी। इसके बाद 'जवान' ने 1100 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की। इसमें शाहरुख खान लीड रोल में थे। 'धुरंधर' (2025) में भी संजय दत्त नजर आए थे। इस फिल्म ने 1300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। इसी तरह से 'धुरंधर 2' (2026) ने एक महीने में 1700 करोड़ रुपये से भी ज्यादा का कलेक्शन किया है।

### संजय दत्त के नाम बड़ा रिकॉर्ड

इस तरह से संजय दत्त अकेले ऐसे अभिनेता हैं, जिनकी 4 फिल्मों ने 1000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार किया है। उनका ये रिकॉर्ड काफी खास माना जा रहा है।



# अक्षय कुमार बोले- मेरा बेटा 4500 की नौकरी कर रहा

एक्टर अक्षय कुमार अपनी फिल्म 'भूत बंगला' से फैंस को खूब हंसा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया है कि उनके बेटे को फिल्मों में आने में कोई दिलचस्पी नहीं है और वो फैशन में अपना करियर बना रहा है।

### अक्षय कुमार का बेटा आरव भाटिया

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार दो दशकों से अधिक समय से अपनी फिल्मों से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना भी कुछ समय के लिए फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थीं। हालांकि, एक्टर ने हाल ही में खुलासा किया कि उनके बेटे आरव को फिल्मों में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह फैशन में अपना करियर बना रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि वो खुद कमा भी रहे हैं। अक्षय कुमार ने कहा कि उनका बेटा उनसे बहुत अलग नहीं है और आगे कहा, 'हम दोनों में बहुत समानता है। उसे फिटनेस का शौक है, और मुझे भी। वह लंबा है और बहुत ही फोकस्ड है। उसे काम करना पसंद है। लेकिन वह फिल्मों में नहीं आना चाहता। उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है। वह फैशन में अपना करियर बनाना चाहता है।' वह बेचारा आज भी 4500 रुपये की नौकरी कर रहा है। अच्छी बात है, क्यों नहीं? वह गांवों में जाकर वहां से फैशन सीख रहा है, अलग-अलग तरह के प्रिंट्स वगैरह। मैं उसे ज्यादा उपदेश नहीं देता, लेकिन मैंने उसे हिदायत दी है कि किसी को नुकसान न पहुंचाए।

### आरव भाटिया कौन हैं?

आरव भाटिया का जन्म 2002 में हुआ था और वे अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना के सबसे बड़े बेटे हैं। 15 साल की उम्र में वे उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले गए और फिलहाल लंदन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी छोटी बहन नितारा (जन्म 2012) अक्सर ट्विंकल के सोशल मीडिया पर नजर आती हैं, जबकि आरव लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते हैं।

# सनी देओल-आमिर खान की फिल्म 'लाहौर 1947' का बदला जाएगा टाइटल

**सनी देओल की अपकमिंग फिल्म 'लाहौर 1947' लंबे वक्त से चर्चा में है. कुछ समय पहले ऐसी खबरें सामने आई थीं, जिनमें दावा किया गया था कि इस फिल्म का नाम बदल सकता है. लेकिन ये महज अफवाह निकली. लेकिन अब एक बार फिर 'लाहौर 1947' का नाम बदले जाने की खबर सामने आई है.**

सनी देओल ने 2026 की शुरुआत में 'बॉर्डर 2' बवाल काट दिया था. इसके बाद सनी देओल के पास कई बड़े फिल्ममेकर्स से ऑफर मिल रहे हैं. एक्टर के पास बहुत सी फिल्में लाइनअप में शामिल हैं. सनी देओल इस साल 'गबरू', 'लाहौर 1947' और 'रामायण' से बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं. हाल ही में ऐसी मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई, जिनमें दावा किया गया कि सनी देओल की 'लाहौर 1947' का नाम बदला जाएगा. लेकिन इनमें कोई सच्चाई नहीं थी. इसी बीच अब खबर मिली है कि वाकई में सनी देओल की फिल्म का नाम बदलने की पूरी तैयारी है.

'बॉर्डर 2' के बाद सनी देओल की 'लाहौर 1947' की अनाउंसमेंट की गई थी, जिसके बाद से ही फैंस में इसे लेकर जबरदस्त क्रेज है. ये फिल्म 13 अगस्त को थिएटरों में रिलीज होने वाली है. सनी देओल की इस फिल्म को आमिर खान प्रोड्यूस कर रहे हैं और राजकुमार संतोषी डायरेक्ट कर रहे हैं. बीते दिनों खुद आमिर खान ने बताया था कि 'लाहौर 1947' का नाम नहीं बदला जा रहा है. लेकिन अब खबर सामने आई है कि 'लाहौर 1947' का नाम बदला जा रहा है और इसका नया टाइटल भी पता चल गया है.

### लाहौर 1947 का बदलेगा नाम?

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2026 की मच अवेटेड फिल्म 'लाहौर 1947' का नाम बदलने के बारे में सोचा जा रहा है. राजकुमार संतोषी के डायरेक्शन में बनी सनी देओल और आमिर खान की फिल्म 'लाहौर 1947' का नाम बदलकर अब 'बंटवारा 1947' किया जा सकता है. हालांकि, अभी तक मेकर्स ने कोई ऐलान नहीं किया है लेकिन ऐसी उम्मीद है कि जल्द ही मेकर्स 'बंटवारा 1947' पर मुहर लगा सकते हैं.



# सोनाली ने बिग बॉस मराठी पर लगाए गंभीर आरोप



अभिनेत्री सोनाली राउत ने बिग बॉस मराठी सीजन 6 के निर्माताओं पर शो के दौरान अस्वच्छ (अनहाइजीनिक) रहने की स्थिति का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खराब वातावरण के कारण उन्हें खुजली की बीमारी हो गई। उन्होंने किचन से लेकर वॉशरूम तक में गंदगी होने और मरे हुए चूहे और कॉकरोच मौजूद होने के आरोप लगाए थे। सोशल मीडिया पर सोनाली ने अपने शरीर पर, पीठ, बांहों, पैरों और धड़ सहित, चकत्ते और निशान दिखाते हुए वीडियो साझा किए।

### एक ही वॉशरूम इस्तेमाल करते थे 17 कंटेस्टेंट

सोनाली राउत ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इसमें उन्होंने स्थितियों को दयनीय बताया, जिसमें रसोई में चूहे किराने का सामान कुतर रहे थे और खाने में कॉकरोच पाए जा रहे थे। साथ ही पोस्ट में सोनाली ने अपनी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं, जिसमें उन्होंने अपने शरीर पर निकले दाने, निशान और चकत्ते दिखाए।

## संक्षिप्त समाचार

### 49 बुलेट समेत 5 हजार से अधिक ड्राइवरों पर शिकंजा, 14 वाहन किए सीज

**नोएडा, एजेंसी।** बुलेट मोटरसाइकिल में माडिफाई साइलेंसर लगवाकर फर्राटा भरने वाले चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने



रविवार को सख्ती बरती। नोएडा में यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर 49 बुलेट मोटरसाइकिल के चालान किए। साथ ही पुलिस ने 5474 वाहनों के चालान काटे और 14 वाहनों को सीज किया। लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक भी किया। डीसीपी यातायात शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस टीम ने रविवार को अभियान चलाकर मैनुअल तरीके से 2183 और आईटीएमएस कैमरों से 3291 वाहनों के चालान किए। साथ ही यातायात नियमों का पालन किए बिना दौड़ रहे 14 वाहनों को सीज भी किया। बताया कि इनमें बिना हेलमेट वाले 2307, ओवरस्पीड में चलने वाले 395, मोबाइल फोन पर बात करने वाले 57 वाहन शामिल रहे, जबकि प्रेशर हॉर्न लगवाकर चलने 64 वाहनों पर भी कार्रवाई की। डीसीपी ने बताया कि आगे भी अभियान चलाकर सख्ती बरती जाएगी। किसी भी हाल में यातायात नियमों को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### गाजियाबाद में वाहन सत्यापन के बाद शपथ पत्र देने से कतरा रहे स्कूल

**गाजियाबाद, एजेंसी।** स्कूली वाहन सत्यापन अभियान खत्म हुआ, बसों की जांच भी हो गई। लेकिन जब अपनी बसों की सही संख्या लिखकर शपथ देने की बारी आई तो गाजियाबाद को छोड़ पास के कई जिलों के स्कूल पीछे हट गए। गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर में शपथ पत्र अपलोड न होने से सवाल उठ रहे हैं कि क्या पोर्टल पर दर्ज बसों से ज्यादा वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं। गाजियाबाद संभाग के अंतर्गत चार जिले गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ और बुलंदशहर शामिल हैं। एक से 15 अप्रैल तक चले विशेष स्कूली वाहन सत्यापन अभियान के बाद परिवहन विभाग को उम्मीद थी कि स्कूल प्रबंधन यूपी–आइएसवीएमपी पोर्टल पर अनिवार्य शपथ पत्र अपलोड कर देंगे। यह शपथ पत्र इस बात की लिखित गारंटी होता है कि स्कूल में जितने भी वाहन बच्चों के परिवहन में लगाए जा रहे हैं, वही संख्या पोर्टल पर दर्ज और सत्यापित है। अभियान समाप्त होने के बाद सामने आए आंकड़ों ने विभागीय अधिकारियों को भी चौंका दिया। जिला गाजियाबाद में 2713 स्कूलों में से 2332 ने शपथ पत्र अपलोड किए हैं। गौतमबुद्धनगर में 1997 स्कूलों में से केवल 307 ने शपथ पत्र दिए हैं। हापुड़ में 1415 में से मात्र 127 स्कूलों ने यह प्रक्रिया पूरी की। वहीं बुलंदशहर में 4086 स्कूलों में से केवल 156 का ही सत्यापन शपथ पत्र के साथ पूरा हो पाया है। विभागीय स्तर पर यह आशंका जताई जा रही है कि कुछ स्कूलों ने पोर्टल पर वाहनों की वास्तविक संख्या दर्ज नहीं की है। ऐसे में शपथ पत्र देने का मतलब होगा वास्तविक संख्या को स्वीकार करना। यही वजह है कि कई स्कूल शपथ पत्र अपलोड करने से बच रहे हैं। कुछ मामलों में यह भी संभावना जताई जा रही है कि जर्जर, पुराने या मानकों के विपरीत वाहन अभी भी बच्चों को ढो रहे हैं। शपथ पत्र के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को यह घोषित करना पड़ता है कि पोर्टल पर दर्ज वाहनों के अलावा कोई अन्य वाहन संचालित नहीं है। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन स्कूलों के वाहनों का सत्यापन हो चुका है, उनके लिए शपथ पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

# नीमराणा में भी मजदूरों का हल्लाबोल, वेतन वृद्धि की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, सड़क भी जाम

**अलवर , एजेंसी।** राजस्थान के अलवर जिले के नीमराणा क्षेत्र में इंडियन जॉन और जापानी जोन की कंपनी हैलोज पैकेजिंग और जापानी कंपनी एस्टमो कंपनी में आज एक बार फिर श्रमिक असंतोष देखने को मिला है। सोमवार सुबह से ही बड़ी संख्या में मजदूरों ने कंपनी के मेन गेट के बाहर वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मजदूरों ने नारेबाजी करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ जमकर विरोध जताया। साथ ही सड़क पर धरना देकर जाम लगा दिया। उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन में बढ़ोतरी नहीं की गई है, जबकि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे उनका जीवनयापन कठिन हो गया है।

### अलर्ट मोड पर प्रशासन

मजदूरों के इस प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। नीमराणा एसडीएम महेंद्र यादव और एडिशनल एसपी सुरेश खींची सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से समझाइश कर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने की अपील की।

### दो दिन पहले भी नीमराणा की एक कंपनी में हुआ था प्रदर्शन

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही नीमराणा की निडेक कंपनी में भी मजदूरों का बड़ा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें श्रमिकों ने वेतन वृद्धि



सहित अन्य मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया था। उस घटना के बाद से ही प्रशासन सतर्क हो गया था और क्षेत्र की अन्य कंपनियों में भी संभावित विरोध को लेकर निगरानी बढ़ा दी गई थी। इसी के चलते एस्टमो कंपनी में हुए इस प्रदर्शन के दौरान प्रशासन पहले से तैयार नजर आया।

### 6 लोगों को हिरासत में ले लिया

प्रदर्शन के दौरान कुछ मजदूरों ने उग्र रुख अपनाने की कोशिश की, जिसे देखते हुए पुलिस ने सख्ती बरती और 6 लोगों को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद मौके पर कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई, लेकिन बाद में हालात नियंत्रण में आ गए। प्रशासन का कहना है कि कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अशांति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### मजदूरों ने लगाया मांगों की अनसुनी का आरोप

मजदूरों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर कंपनी प्रबंधन से संवाद करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। उनका यह भी कहना है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे।

## ममता बनर्जी की भबानीपुर समेत 55 सीटें संवेदनशील घोषित

**कोलकाता , एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भबानीपुर समेत 55 सीटों को चुनाव आयोग ने खर्च के लिहाज से संवेदनशील घोषित किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि चुनाव आयोग को लगता है कि इन सीटों पर खर्च उम्मीदवारों की ओर से लिमिट से ज्यादा हो सकता है। यही नहीं चुनाव में खर्च पर निगरानी रखने के लिए चुनाव आयोग ने 100 पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया है। ऐसा पहली बार है, जब इतनी बड़ी संख्या में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा 5 राज्यों में फिलहाल चुनाव हो रहे हैं और सबसे ज्यादा पर्यवेक्षकों की नियुक्ति बंगाल में ही की गई है।

चुनाव आयोग के सूत्रों का कहना है कि अवैध कैश, शराब, फ्री बांटने वाली वस्तुएं और मादक पदार्थों की पकड़ बंगाल में बढ़ी है। तमिलनाडु के बाद बंगाल इस मामले में दूसरे नंबर पर आ गया है। अब तक सभी चुनावी राज्यों को मिलाकर 1,281 करोड़ रुपये की खेप पकड़ी जा चुकी है। इनमें पहले नंबर पर तमिलनाडु है और फिर बंगाल का स्थान आता है। खबर है कि इस 1,281 करोड़ रुपये की सामग्री में से 105 करोड़ रुपये के बेशकीमती जवाहरात हैं तो वहीं 178 करोड़ रुपये का ऐसा सामान बरामद हुआ है, जिसे चुनाव में फ्री बांटा जाना था। अकेले बंगाल में ही 17 अप्रैल तक 430 करोड़ रुपये के सामान की बरामदगी हुई थी।

यही कारण है कि तमाम सीटों को चुनाव आयोग ने अब खर्च के लिहाज से संवेदनशील घोषित किया है। ऐसा इसलिए क्योंकि आयोग को लगता है कि



यदि निगरानी नहीं की गई तो फिर वोटरों को लुभाने के लिए अवैध तरीकों का इस्तेमाल बढ़ सकता है। आयोग ने जिन सीटों को संवेदनशील घोषित किया है, उनमें सीमांत क्षेत्र उत्तर 24 परगना, मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तर दिनाजपुर शामिल हैं। इन इलाकों से बड़ी संख्या में कैश समेत अवैध चीजें बरामद की गई हैं। इसके अलावा 8 सीटें ऐसी हैं, जो बांग्लादेश सीमा से लगती हैं। इन सीटों में बिधाननगर, राजरहाट-न्यूटाउन, बारासात, मध्यमग्राम, भाटपारा, गैघाता, उत्तर बशीरहाट शामिल हैं।

## राजस्थान में भाई ने बहन को कुल्हाड़ी से काट डाला; हत्या कर शव के पास बैठा रहा

**श्रीगंगानगर, एजेंसी।** राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में जमीन विवाद ने खून का रिश्ता भी तार-तार कर दिया। रावला थाना क्षेत्र के गांव 8 डीओएल में एक भाई ने अपनी ही बड़ी बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही बैठा रहा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी सुरेंद्र (25) ने अपनी बहन मंजू (27) को जमीन से उत्पादित गेहूं का हिस्सा देने के बहाने घर बुलाया था। रविवार शाम करीब 7 बजे मंजू अपने लिव-इन पार्टनर के साथ भाई के घर पहुंची थी। कुछ देर बाद पार्टनर बाहर चला गया, तभी घर के अंदर यह खौफनाक वारदात हुई। डीएसपी प्रशांत कौशिक के अनुसार, बहन-भाई के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार शाम को जब मंजू ने अपने हिस्से की मांग की, तो दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि सुरेंद्र ने आपा खो दिया और घर में रखी कुल्हाड़ी से मंजू के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले के दौरान मंजू की चीख सुनकर उसका लिव-इन पार्टनर दौड़कर अंदर पहुंचा। उसने मंजू को खून से लथपथ जमीन पर पड़ा देखा, जबकि सुरेंद्र के हाथ में खून से सनी कुल्हाड़ी थी। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डीएसपी प्रशांत कौशिक और स्ढ्ढ गिरधारी सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देखा कि आरोपी सुरेंद्र घटनास्थल पर ही शव के पास बैठा हुआ था। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र बीएसटीसी का छात्र है और परिवार में सबसे छोटा है। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

# राजस्थान में हीटवेव का ऑरेंज सिग्नल, अगले 4 दिन भारी पड़ेंगे

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में गर्मी ने अब अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण हीटवेव का दौर शुरू हो चुका है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित होने लगा है। रविवार को कई शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि चूरू, चित्तौड़गढ़ और कोटा जैसे इलाकों में पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया। हालात ऐसे हैं कि सड़कों की तपिश कम करने के लिए कोटा नगर निगम को पानी का छिड़काव करवाना पड़ा।

मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने सोमवार को राजधानी जयपुर सहित 6 जिलों में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ क्षेत्र में आगामी दिनों में भीषण लू चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 से 4 दिनों तक प्रदेश में गर्मी और बढ़ने की संभावना है।

रविवार को श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ में आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन इससे तापमान पर कोई खास असर नहीं पड़ा। उमस और गर्म हवाओं के कारण लोगों को राहत नहीं मिल सकी। मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल बारिश या ठंडक के कोई संकेत नहीं हैं।

पिछले 24 घंटे में बीकानेर संभाग को छोड़कर लगभग पूरे राज्य में मौसम शुष्क और आसमान साफ रहा। झुंझुनूं, भरतपुर, अलवर और धौलपुर में लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन के समय सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसरा नजर आया।

राजधानी जयपुर में रविवार को अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह लगातार दूसरा दिन है जब पारा 40 डिग्री के पार रहा। रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली और न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि सोमवार को तापमान में हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है।

जोधपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से लगभग 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। तेज धूप के



कारण दिन के समय लोगों की आवाजाही कम रही।

कोटा में रविवार को तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म हवाओं के चलते लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। सड़कों की तपिश कम करने के लिए नगर निगम ने टैंकरों से पानी का छिड़काव कराया।

अलवर में अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यहां अगले चार दिनों तक हीटवेव चलने की चेतावनी दी है। गर्म हवाओं के कारण लोग केवल जरूरी काम से ही बाहर निकल रहे हैं।

उदयपुर में तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शहर के बाजारों में दुकानदारों ने धूप से बचाव के लिए दुकानों के बाहर पर्दे लगा दिए हैं, खासकर फतेहसागर झील क्षेत्र में यह नजारा देखने को मिला। अजमेर में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री दर्ज किया गया। गर्मी के कारण बाजारों में चहल-पहल कम रही और हाईवे पर भी यातायात प्रभावित दिखा। आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई गई है।

**सीकर में तापमान 40 के पार:** सीकर में भी तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया। फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र पर अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले कुछ दिनों में यहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है।

आने वाले दिन और चुनौतीपूर्ण मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में फिलहाल राहत की कोई उम्मीद नहीं है। अगले कुछ दिनों तक हीटवेव का असर बना रहेगा और तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने और दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है।

## भाजपा कैंडिडेट बनीं रेप पीड़िता की मां से टीएमसी की एक अपील, पीएम का नाम ले क्या कहा

**कोलकाता , एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को पनिहाटी से





भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार रत्ना देबनाथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से एक अपील की है। उन्होंने देबनाथ से कहा कि वह राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए लंबित अपराजिता विधेयक को जल्द से जल्द पारित करवाएं। आरजी कर अस्पताल में दुष्कर्म के बाद जिस महिला चिकित्सक की हत्या की गई थी, रत्ना देबनाथ उनकी मां हैं और यह मामला भी उनसे ही जुड़ा है। यह विधेयक आरजी कर की घटना के बाद सितंबर 2024 में बंगाल विधानसभा में पास किया गया था। इसके तहत रेप के मामलों की जांच 21 दिन में पूरी करने का प्रावधान है। इसके अलावा फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित करके दोषी को फांसी की सजा देने का भी प्रावधान किया गया है। हालांकि विधेयक को कानून बनने के लिए राष्ट्रपति से मंजूरी नहीं मिली है। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने उत्तर 24 परगना के पनिहाटी में पार्टी उम्मीदवार तीर्थंकर घोष के समर्थन में रोड शो के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रस्तावित विधेयक दुष्कर्म के दोषियों को 50 दिनों के भीतर समयबद्ध सजा दिलाने का प्रावधान करता है। अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक सितंबर 2024 में विधानसभा में पारित हुआ था। यह विधेयक बीएनएस की कई धाराओं में बलात्कार के लिए सजा में बदलाव की मांग करता है। इस वजह से विधेयक केंद्र और राज्य में टकराव का विषय बन गया। बीएनएस के तहत न्यूनतम 10 साल की सजा का प्रावधान है जबकि इस विधेयक में मांग की गई है कि इसे बढ़ाकर आजीवन या फिर मृत्युदंड कर दिया जाए। बनर्जी ने भाजपा को निशाना बनाते हुए कहा, दोषियों को माला पहनाने वाली पार्टी न्याय नहीं दिला सकती। बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नौ अगस्त, 2024 को महिला चिकित्सक के साथ हुई वारदात का जिक्र करते हुए कहा कि तृणमूल सरकार ने तुरंत कार्रवाई की। गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के परिवार से मुलाकात की और उन्हें हर तरह की मदद का आश्वासन दिया, जिसमें अगर वे चाहें तो सीबीआई जांच भी शामिल थी।

## केबल ब्रिज पर पत्नी की तस्वीर खींच रहा था कारोबारी, मर्सिडीज ने मार दी टक्कर

**हैदराबाद , एजेंसी।** हैदराबाद के चेरुवु केबल ब्रिज पर रविवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 32 साल के एक कारोबारी की मौत हो गई। तेज रफ्तार मर्सिडीज कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, कार पर पश्चिम बंगाल का रजिस्ट्रेशन नंबर लगा हुआ है। मृतक की पहचान श्याम राज के रूप में हुई है, जो हफीजपेट इलाके के रहने वाले थे। जानकारी के मुताबिक, श्याम राज अपनी पत्नी के साथ रात करीब 3.15 बजे केबल ब्रिज पर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की और सड़क पर खड़े होकर पत्नी की फोटो खींच रहे थे। इस दौरान उनकी पत्नी फुटपाथ पर खड़ी थीं। तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी और रेलिंग से टकराकर पलट गई। इस हादसे में श्याम राज गंभीर रूप से घायल हो थे। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान शाम करीब 4 बजे उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, हादसे के समय कार में केवल एक ही व्यक्ति था। जांच में पता चला है कि कार किसी कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है।

## एचआर हेड को गले लगाया-चूमा, महाराष्ट्र में टीसीएस जैसा एक और कांड; एनजीओ चेयरमैन रियाज फाजिल गिरफ्तार

**नागपुर , एजेंसी।** नागपुर के उत्तर-पश्चिम इलाके में बच्चों के लिए काम करने वाला एक एनजीओ सवालों के घेरे में आ गया है। दरअसल, एनजीओ के चीफ पर कई युवतियों ने यौन शोषण और धार्मिक दबाव सहित कई आरोप गंभीर लगाए है। इसको लेकर शनिवार की रात को मनकापुर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। इसके बाद आरोपी रियाज फाजिल काजी को तुरंत गिरफ्तार भी कर लिया गया।

यह केस, टीसीएस नासिक यूनिट में कथित यौन और धार्मिक उत्पीड़न के मामले और अमरावती जिले के परतवाड़ा में हुए यौन शोषण के ठीक बाद सामने आया है। जिसमें खुफिया एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार, राज्य की आतंकवाद निरोधक दस्ता ने एनजीओ के बैकग्राउंड, उसके वित्तीय लेन-देन और गरीब परिवारों के बच्चों को पढ़ाने के अपने घोषित मकसद से परे उसके संभावित संपर्कों की समानांतर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मुख्य शिकायतकर्ता एक 23 साल की महिला है, जो सितंबर 2023 से एनजीओ में एडमिनिस्ट्रेशन और





एचआर हेड के तौर पर काम कर रही थी। एफआईआर के अनुसार, 18 जुलाई 2024 को उसके जन्मदिन पर, दोपहर करीब 1 बजे ऑफिस में हुए जश्न के बाद, काजी ने उसे अपने केबिन में बुलाया। वहां उसकी मर्जी के खिलाफ उसे गले लगाया, उसके माथे पर चूमा और कहा, मैं आज तुम्हें जाने नहीं देना चाहता।

शिकायतकर्ता ने दावा किया कि नौकरी खोने के डर से वह विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई। पीड़िता ने आगे आरोप लगाया कि उसे बार-बार गले लगाने की कोशिशें की गई, जिसमें एक घटना ऐसी भी शामिल है जब आरोपी ने कथित तौर पर उसे गले लगाने की कोशिश करने से पहले सीसीटीवी का प्लग निकाल दिया था। पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी की इन हरकतों का विरोध किया, तो उसने उसके साथ बदतमीजी से पेश आना शुरू कर दिया। उसने यह भी दावा किया कि जब वह अकेली होती थी, तो आरोपी उसे छूता था।



# वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने कराया फोटोशूट

**न्यूयॉर्क/मिंस्क (एजेंसी)।** टेनिस कोर्ट पर अपनी चीखों और विरोधी को चीरते बेसलाइन शॉट्स के लिए मशहूर वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका इन दिनों एक अलग ही अवतार में नजर आ रही हैं। हाल ही में 'एस्क्वायर' मैगजीन की कवर स्टार बनीं बेलारूस की सबालेंका ने बेहद ग्लैमरस फोटोशूट कराया है। नीले रंग के विशालकाय फर कोट और हाई हील्स में उनकी तस्वीरें काफी वायरल हो रही हैं। इस दौरान दिए इंटरव्यू में 27 साल की सबालेंका ने खुद को दोहरी शख्सियत वाली इंसान बताया। उन्होंने कहा, 'कोर्ट पर मैं बहुत आक्रामक और भावुक होती हूं। यह मेरे खेल की जरूरत है, लेकिन कोर्ट से बाहर मैं बिल्कुल अलग इंसान हूं, जो शांत है, जिसे गले मिलना पसंद है और जो शांति की तलाश में है।' जब उनसे पूछा गया कि अगर वह टेनिस खिलाड़ी नहीं होतीं तो क्या करतीं? इस पर सबालेंका कहा, 'शायद बॉक्सिंग या फिर मॉडलिंग। शायद प्लस-साइज मॉडल! मैं उसमें बहुत अच्छी होती। मुझे अपनी आक्रामकता निकालने के लिए जीवन के अंत तक कुछ न कुछ ऐसा करना होगा जिसमें बहुत ऊर्जा लगे।'सबालेंका की इस फाइटिंग स्पिरिट के पीछे पिता सर्गेई का हाथ है, जो खुद एक पेशेवर हॉकी खिलाड़ी थे। साल 2019 में मात्र 43 साल की उम्र में मेनिन्जाइटिस के कारण उनका अचानक निधन हो गया था। सबालेंका ने कहा, 'मेरे पिता ने मुझे सिखाया कि चाहे कुछ भी हो जाए, मजबूत रहना है, सकारात्मक रहना है और जीवन में मस्ती करना नहीं छोड़ना है। जब मैंने उन्हें खोया, तब टेनिस ने ही मुझे बचाया। अगर टेनिस नहीं होता, तो पता नहीं आज मैं कहां होती।'सबालेंका के अनुसार, दुख से उबरने का सबसे अच्छा तरीका है खुद को काम में झोंक देना, लेकिन साथ ही रोना और अपनी भावनाओं को बाहर निकालना भी जरूरी है। इंटरव्यू में सबालेंका ने 2022 के उस दौर का भी जिक्र किया, जब वे सर्विस करना भूल गई ?थी। उन्होंने इसे एक बुरा सपना बताया।

# हार के बाद मैदान पर फूट-फूटकर रोए वैभव सूर्यवंशी, केकेआर खिलाड़ी ने दिया सहारा







**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 में राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद एक भावुक दृश्य देखने को मिला। युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह हार के बाद मैदान पर बैठे रोते नजर आए। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले वैभव इस हार से बेहद निराश दिखे।

## मैदान पर बैठकर बहाए आंसू, साथी ने बढ़ाया हौसला

वायरल वीडियो में वैभव सूर्यवंशी अकेले मैदान पर बैठे दिखाई देते हैं, जहां वह अपनी टोपी से चेहरा छिपाते और आंसू पोंछते नजर आते हैं। तभी कोलकाता नाइट राइडर्स का एक खिलाड़ी उनके पास आता है और कंधे पर हाथ रखकर उन्हें संभालता है। यह भावुक पल दर्शाता है कि क्रिकेट सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि खेल भावना का भी प्रतीक है।

## आखिरी ओवर में पलटा मैच का रुख

ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में मैच का रुख आखिरी पलों में पूरी तरह बदल गया। कोलकाता नाइट राइडर्स एक समय 85 रन पर 6 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन रिंकू सिंह और अनुकूल रॉय ने शानदार साझेदारी कर मैच पलट दिया। दोनों ने मिलकर सातवें विकेट के लिए 76 रन जोड़ते हुए टीम को जीत दिलाई।रिंकू सिंह एक बार फिर अपने पुराने फिनिशर अवतार में नजर आए। आखिरी ओवर में 9 रन की जरूरत थी और उन्होंने लगातार चौके-छक्के लगाकर टीम को 4 विकेट से जीत दिला दी। उनकी नाबाद 53 रन की पारी ने मैच का पूरा समीकरण बदल दिया।इस मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स ने इस जीत के साथ सीजन में अपनी पहली जीत दर्ज की और आत्मविश्वास हासिल किया।

पंजाब ने बेस्ट स्कोर बनाया, लखनऊ ने ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदला; मोमेंट्स

# मार्करम के ओवर में 5 छक्के लगे

**लखनऊ (एजेंसी)।** आईपीएल के 29वें मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को हरा दिया। मुल्लांपुर में बीपीकेएश ने 19वें सीजन का बेस्ट स्कोर बनाया। स्त्र ने ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदला। वहीं ऐडन मार्करम ने एक ओवर में 32 रन खर्च कर दिए, उनके ओवर में प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने 5 छक्के लगाए। पंजाब ने इस सीजन में 5वां मैच जीता। जबकि, लखनऊ लगातार तीसरा मैच हारी है। यह टीम की ओवरऑल चौथी हार है। पंजाब 11 अंक के साथ पॉइंट्स टेबल के टॉप पर कायम है। दूसरी ओर लखनऊ 8वें स्थान पर है।

## पंत ने डीआरएस नहीं लिया, विकेट का मौका गंवाया

दूसरे ओवर में पंजाब के कूपर कोनोली एलबीडब्ल्यू होने से बच गए। मोहसिन खान की फुल लेंथ गेंद पर कोनोली फ्लिक करना चाहते थे, लेकिन चूक गए और गेंद उनके पैड्स से टकरा गई। एलबीडब्ल्यू की अपील हुई, लेकिन फील्ड अंपायर ने इसे नॉटआउट करार दिया।पंत ने काफी सोचने के बाद भी रिव्यू नहीं लिया। रिप्ले से पता चला कि बॉल लेग स्टंप पर लग रही थी, अगर वे रिव्यू ले लेते तो विकेट मिल जाता। कोनोली ने इसका फायदा उठाया और 87 रन की पारी खेल दी।

## मार्करम ने 32 रन का ओवर फेंका

13वें ओवर में कूपर कोनोली ने ऐडन मार्करम के खिलाफ लगातार 3 छक्के लगाए। उन्होंने पहली, दूसरी और तीसरी बॉल पर छक्के लगाए। इसी ओवर में प्रियांश आर्या ने आखिरी दो बॉल पर लगातार दो छक्के मारे। मार्करम के इस ओवर में 32 रन बने।

मार्करम स्त्र के लिए एक ओवर में सबसे ज्यादा रन देने वाले बॉलर भी बन गए। उनसे पहले 2022 में रवि बिश्नोई ने ऋक्क के खिलाफ 27 रन खर्च किए थे। यह प्लेऑफ का एलिमिनेटर मुकाबला था, जो कोलकाता में खेला गया था।

## प्रियांश-कोनोली ने बेस्ट पार्टनरशिप की

प्रियांश आर्या और कूपर कोनोली ने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की पार्टनरशिप की। यह इस सीजन की बेस्ट पार्टनरशिप रही। इससे पहले मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन ने 148 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। दोनों ने कोलकाता के खिलाफ यह रन बनाए थे।



## पंजाब ने सीजन का बेस्ट स्कोर

पंजाब किंग्स ने पहले बैटिंग करते हुए 254 रन बनाए। यह 19वें आईपीएल सीजन का बेस्ट स्कोर रहा। इससे पहले बेंगलुरु ने चेन्नई के खिलाफ 250 रन बनाए थे। आरसीबी की टीम मुंबई इंडियंस के खिलाफ भी 240 रन बना चुकी है। पीबीकेएस और आरसीबी इस समय पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें हैं और दोनों ने ही पिछ्ले सीजन का फाइनल खेला था।लखनऊ सुपरजायंट्स ने अपना ओपनिंग कॉम्बिनेशन बदल लिया। मिचेल मार्श के साथ ऐडन मार्करम की जगह आयुष बडोनी पारी की शुरुआत करने आए। टीम इससे पहले ऋषभ पंत से भी ओपन करा चुकी है। बडोनी 35 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने मार्श के साथ 61 रन की पार्टनरशिप की।

# विराट और अनुष्का संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे, बाबा से यह पांचवीं मुलाकात





**मथुरा (एजेंसी)।** क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा सोमवार को वृंदावन पहुंचे। दोनों ने अक्षय तृतीया पर्व पर अपने गुरु संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज का सत्संग भी सुना।

दोनों ने आश्रम में निजी रूप से एकांतिक वार्तालाप भी किया। आश्रम द्वारा जारी वीडियो में विराट और अनुष्का भक्तों के बीच शांत भाव से बैठे नजर आए। दोनों ने बाबा के प्रवचन को ध्यानपूर्वक सुना।

**विराट और अनुष्का महाराज जी की बातों को सुना**–आश्रम में विराट और अनुष्का बेहद साधारण वेशभूषा और सादगी भरे अंदाज में नजर आए। किसी वीआईपी तामझाम के बिना दोनों ने आम श्रद्धालुओं की तरह जमीन पर बैठकर काफी देर तक महाराज जी के सत्संग को सुना। इस दौरान प्रेमानंद जी महाराज ने निर्मल मन और भक्ति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया- शुद्ध अंतःकरण ही ईश्वर प्राप्ति का एकमात्र मार्ग है।

जैसे ही विराट कोहली के वृंदावन पहुंचने की खबर शहर में फैली, उनके प्रशंसकों की भारी भीड़ आश्रम के बाहर जमा हो गई। अपने पसंदीदा खिलाड़ी और अभिनेत्री की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों सड़कों पर इंतजार करते दिखे।

आईपीएल 2026 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेल रहे विराट कोहली ने अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर यह दौरा किया। हाल ही में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 13 गेंदों में 19 रन बनाए थे। आगामी मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने से पहले मिले ब्रेक का उन्होंने आध्यात्मिक यात्रा के लिए उपयोग किया।

**पांचवीं बार प्रेमानंद से मिलने पहुंचे विराट और अनुष्का**–विराट और अनुष्का पांचवीं बार संत प्रेमानंद से मिलने पहुंचे है। इससे पहले फरवरी में बेटे अकाय के जन्मदिन के बाद भी दोनों यहां आए थे। साल 2025 में भी यह कपल तीन बार आश्रम पहुंचा था, जनवरी में बच्चों के साथ, मई में और फिर दिसंबर में।

एशियाई खेल और वेस्टइंडीज सीरीज के लिए बीसीसीआई का मास्टर प्लान तैयार

# एक साथ खेलेंगी दो भारतीय टीमें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड अब टी20 क्रिकेट के लिए 30-35 खिलाड़ियों का एक विशाल पूल तैयार कर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण इस साल के अंत में होने वाला शेड्यूलिंग ओवरलैप है। दरअसल, इस साल एशियाई खेल और भारत बनाम वेस्टइंडीज टी20 सीरीज एक ही समय पर होने वाली है। ऐसे में चयनकर्ता दो अलग-अलग प्रतिस्पर्धी टीमें तैयार कर रहे हैं ताकि भारत एक ही समय में दो अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट खेल सके। बोर्ड का मानना है कि ओलंपिक 2028 को ध्यान में रखते हुए अब टीम की गहराई और लचीलेपन को बढ़ाना अनिवार्य हो गया है।

इस बड़ी योजना की आधिकारिक शुरुआत जून 2026 में होने वाले आयरलैंड दौरे से होगी। आयरलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई एक बड़ा दल भेजेगा, जिसमें मुख्य खिलाड़ियों के साथ-साथ कई नए चेहरों को शामिल किया जाएगा। इस दौरे का उद्देश्य उन खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परखना है जो एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। यह प्रयोग आगामी अफगानिस्तान सीरीज और अन्य महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों के लिए एक मजबूत बैकअप तैयार करने में मदद करेगा।




## इन युवा सितारों पर टिकी हैं सबकी नजरें

चयनकर्ता इस समय आईपीएल 2026 में धूम मचा रहे खिलाड़ियों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। बल्लेबाजी में वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, प्रियांश आर्य और अंगकृष रघुवंशी जैसे युवा खिलाड़ियों ने प्रभावित किया है। वहीं रजत पाटीदार और आयुष बदोनी भी अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। ऑलराउंडर विभाग में शशांक सिंह और अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ी टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई, प्रसिद्ध कृष्णा, कार्तिक त्यागी और खलील अहमद जैसे नाम इस 35 सदस्यीय पूल का हिस्सा हो सकते हैं।

## श्रेयस ने खोला राज

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ सुपर ज्वाइंट्स को 54 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 254/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके जवाब में स्त्र 200/5 ही बना सकी और मुकाबला एकतरफा हो गया।

इस जीत के हीरो रहे प्रयांस और कूपर , जिन्होंने दूसरे विकेट के लिए 182 रन की जबरदस्त साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने सिर्फ 13.2 ओवर में यह साझेदारी कर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और विपक्षी टीम को दबाव में ला दिया।मैच के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा, जो शॉट्स मैंने देखे, वो सच में हैरान कर देने वाले थे। खासकर तेज गेंदबाजों को बैकफुट से सीधे मारना काफी हिम्मत का काम है। जिस तरह उन्होंने मिडिल ओवर्स में साझेदारी बनाई, वह शानदार था। उन्होंने दोनों बल्लेबाजों की तारीफ करते हुए उनकी बेखौफ बल्लेबाजी को टीम की सफलता की कुंजी बताया।

# 18 नेशनल कैंप के लिए 84 खिलाड़ियों का किया ऐलान, भोपाल में होगी तैयारी



**भोपाल (एजेंसी)।** हाकी इंडिया ने अंडर-18 नेशनल कोचिंग कैंप के लिए कुल 84 खिलाड़ियों (42 पुरुष और 42 महिला) की घोषणा की है। यह कैंप स्पोर्ट्स ऑथीरिटी आफ इंडिया (साई) भोपाल में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों का चयन हाल ही में हुए सब-जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

## एशिया कप 2026 की तैयारी पर फोकस

यह कैंप जापान में होने वाले -18 एशिया कप 2026 की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। एक हफ्ते के मूल्यांकन के बाद 42-42 खिलाड़ियों की सूची को घटाकर 24-24 खिलाड़ियों तक किया जाएगा, जो आगे के ट्रेनिंग ब्लॉक का हिस्सा बनेंगे। यह प्रक्रिया अंतिम टीम चयन के लिए महत्वपूर्ण होगी।



# ब्रॉक लेसनर का डब्ल्यूडब्ल्यूई करियर खत्म

**लॉस वेगास (एजेंसी)।** लॉस वेगास के एलीगेंट स्टेडियम में आयोजित रेसलमेनिया 42 एक ऐतिहासिक और भावुक पल का गवाह बना। रविवार की रात द बीस्ट ब्रॉक लेसनर ने उभरते हुए सितारे ओबा फेमी से मिली करारी हार के बाद पेशेवर रेसलिंग की दुनिया को अलविदा कह दिया है। वेगास की चकाचौंध के बीच ब्रॉक लेसनर और ओबा फेमी का मुकाबला किसी रोमांचक फिल्म से कम नहीं था। हालांकि, 48 साल के लेसनर पर फेमी की ताकत भारी पड़ी।

ओबा फेमी ने अपने फिनिशिंग मूव फॉल फ्रॉम ग्रेस का इस्तेमाल कर लेसनर को चित कर दिया और एक ऐसी जीत दर्ज की जिसने उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई के नए भविष्य के रूप में स्थापित कर दिया। लेसनर की यह हार सिर्फ एक मैच का अंत नहीं, बल्कि उनके दो दशक से भी लंबे सुनहरे करियर का अंत लग रहा थी।

भावुक विदाई और पॉल हेमैन के साथ आखिरी पल

मैच खत्म होने के बाद पूरा स्टेडियम थैंक यू ब्रॉक के नारों से गूंज उठा। लेसनर काफी भावुक नजर आए। उन्होंने रेसलिंग की पुरानी परंपरा का पालन करते हुए अपने ग्लव्स और जूते रिंग के बीचों-बीच उतार दिए, जो इस बात का स्पष्ट संकेत था कि अब वे दोबारा रिंग में नहीं उतरेंगे। इसके बाद उन्होंने अपने लंबे समय के मैनेजर और दोस्त पॉल हेमैन को गले लगाया। रिंग से बाहर निकलने से पहले लेसनर ने घुटनों के बल बैठकर रिंग के कैनवास को चूमा, जिसे देखकर वहां मौजूद हजारों फैंस की आंखें नम हो गईं।

ब्रॉक लेसनर का करियर किसी भी एथलीट के लिए प्रेरणा है। साल 2002 में डेब्यू करने के बाद से वे डब्ल्यूडब्ल्यूई के सबसे बड़े आकर्षण रहे। उन्होंने न केवल रेसलिंग की दुनिया में कई वर्ल्ड चैंपियनशिप जीतीं, बल्कि यूएफसी हेवीवेट चैंपियन बनकर कॉम्बैट स्पोर्ट्स में भी अपना लोहा मनवाया। लेसनर ने रेसलमेनिया के कई मेन इवेंट्स को हेडलाइन किया और द अंडरटेकर की अजेय स्ट्रीक तोड़कर इतिहास रचा था। रविवार की रात को मिली उनकी हार को रेसलिंग की दुनिया में मशाल सौंपने के रूप में देखा जा रहा है।

## क्या ये वाकई आखिरी विदाई है?

भले ही लेसनर ने रिटायरमेंट के सारे संकेत दे दिए हों, लेकिन रेसलिंग की दुनिया में कुछ भी निश्चित नहीं होता। कुछ रिपोर्ट्स में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि साल के अंत में शायद वे एक आखिरी अपीयरेंस के लिए वापसी कर सकते हैं। हालांकि, फिलहाल के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूई और फैंस ने मान लिया है कि द बीस्ट ने अपनी आखिरी फाइट लड़ ली है। अब देखना यह होगा कि ओबा फेमी, लेसनर जैसे दिग्गज को हराकर मिली इस विरासत को आगे कैसे बढ़ाते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

## संक्षिप्त समाचार

### लभुआनी मंदिर में भगवान परशुराम जंयती मनाई गई

**गड़हनी।** प्रखंड गड़हनी के लभुआनी महावीर मंदिर के प्रांगण में भगवान परशुराम की जन्मोत्सव धूमधाम से पूजा अर्चना कर मनाया गया। सैकड़ों भक्तों व युवाओं ने भगवान परशुराम की आरती के साथ पूजा पाठ किया। वहीं सभी भक्तों व युवाओं ने भगवान परशुराम के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया और उनके वचनों को अपनी जीवन में अनुकरण करने का भी बचन लिया।वहीं कई प्रखंड के कई जगहों पर जन्मोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया है। बता दे कि धीरे धीरे भगवान परशुराम की जन्मोत्सव पर पूजा पाठ करने की परंपरा बढ़ते जा रहा है। भगवान परशुराम को एक महान पंडित व महात्मा थे।

### अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने का चला अभियान

**आरा।** अक्षय तृतीया जैसे पारंपरिक व धार्मिक महत्व के पर्व पर बाल विवाह की संभावनाओं को देखते हुए भोजपुर जिले में व्यापक सतर्कता अभियान चलाया गया। बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्यरत संस्था दिशा एक प्रयास ने जिला प्रशासन के सहयोग से सतर्कता दिवस मनाते हुए जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने का सामूहिक संकल्प दोहराया। यह अभियान जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के सहयोग से भी संचालित किया जा रहा है, जो देशभर में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए सक्रिय है। बताया गया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर लोग शुभ कार्यों की शुरुआत करते हैं। कई स्थानों पर इस दिन बाल विवाह जैसी कुप्रथा भी देखने को मिलती है। इसी संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए प्रशासन व सामाजिक संगठनों ने संयुक्त तरीके से सक्रियता बढ़ाते हुए जिलेभर में निगरानी व जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिशा एक प्रयास की टीम के सदस्य रजत कुमार, चंदन कुमार, रितु राज, एकता कुमारी, रंजू कुमारी, वीरेंद्र सिंह, संजीत कुमार सिंह व अखिलेश कुमार यादव की अहम भूमिका रही। बाल विवाह जैसे अपराध की सूचना किसी कीमत पर स्वीकार नहीं संस्था की निदेशक कुमारी सुनीता सिंह ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह न केवल कानून अपराध है, बल्कि बच्चों के अधिकारों का भी गंभीर उल्लंघन है। कहा कि प्रशासन और सामाजिक संगठनों की संयुक्त पहल के कारण बाल विवाह के मामलों में कमी आयी है, लेकिन इसे पूरी तरह समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। जानकारी दी कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह कराना, उसमें सहयोग करना या उसे बढ़ावा देना दंडनीय अपराध है, जिसमें दो वर्ष तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है।

### 22 से 28 तक मनेगा भाकपा माले का स्थापना दिवस

**आरा।** आरा भाकपा माले के 57वें स्थापना दिवस और 12वें राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर रविवार को, जिला कार्यालय में ब्रांच सचिवों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर सचिव सुधीर सिंह ने की। बैठक में पार्टी को मजबूत करने, अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और जन समस्याओं के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने पर चर्चा हुई। नगर सचिव सुधीर सिंह ने बताया कि 22 से 28 अप्रैल तक सभी ब्रांचों में झंडोत्तोलन कर स्थापना दिवस मनाया जाएगा और 16 से 18 मई को होने वाले राज्य सम्मेलन को सफल बनाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। बैठक में केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा गया कि महंगाई और बेरोजगारी से आम लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। महिला आरक्षण और मजदूरों की स्थिति को लेकर भी पार्टी नेताओं ने सवाल उठाए। राज्य कमिटी सदस्य क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में मजदूर आंदोलन तेज हो रहा है। बैठक में ऐपवा नेत्री संगीता सिंह, नगर कमिटी सदस्य मिल्टन जी, संतविलास राम, बबलू गुप्ता, सत्यदेव कुमार, विकास राजा सहित कई ब्रांच सचिव और कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में शामिल ब्रांच सचिव

### पांडेय पट्टी में अंधेरा व गंदगी से लोग आक्रोशित

**बक्सर।** नगर के पांडेय पट्टी इलाके में रोशनी और नियमित सफाई के अभाव को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि विस्तारित इलाके एफसीआई बाउंड्री रोड, अस्कमिनी माता मंदिर चौराहा से चक्रहंसी रोड, नुआंव रेलवे क्रॉसिंग तथा इटाढ़ी रोड जाने वाले मार्ग पर शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। क्षेत्र में खानापूर्ति के लिए लगाया गया एक हाई मास्ट लाइट पूरे इलाके को कवर नहीं कर पा रहा है, जिससे राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं, अभी तक फॉगिंग की शुरुआत नहीं होने और गलियों में नियमित सफाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

### प्रॉपर्टी विवाद में बड़े भाई पर हमला

**आरा।** आरा में छोटे भाई ने बड़े भाई पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। कान के ऊपर चाकू से मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। आनन-फानन में परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। हालत गंभीर बनी हुई है। घटना नवादा थाना क्षेत्र के पारवगंज मोहल्ले की है। घायल की पहचान लखी शर्मा के पुत्र शशि भूषण शर्मा(35) के तौर पर हुई। पेशे से वेल्डिंग मिस्त्री है। पीड़ित ने बताया कि परिवार में लंबे समय से संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। छोटा भाई अक्सर पत्नी और बच्चों के साथ घर छोड़कर जाने की धमकी देता था।

**गुस्से में चाकू से हमला किया:** पुत्र शशि भूषण शर्मा ने आगे बताया कि रविवार को अपने बच्चों के लिए जूस लेने बाहर गया था। वापस लौटने पर फिर से घर छोड़ने को लेकर दबाव बनाने लगा। इसी बात को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। छोटे भाई ने गुस्से में आकर चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। जिसके बाद इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### मां काली के वार्षिकोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब

**बक्सर।** नगर के छोटकी सारीमपुर स्थित शिवपुरी मठिया मोहल्ला में रविवार को मां काली उम्मेदपुर वाली का वार्षिकोत्सव पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें जिले भर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति का अनूठा वातावरण बनाया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर मां की सेविका सुनीता देवी द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान भक्तों ने मां के जयकारे लगाए और भजन-कीर्तन के माध्यम से माहौल भक्तिमय बना दिया। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक दिन पूर्व 18 अप्रैल को 24 घंटे का अखंड हरिकृतन आयोजित किया गया, जो पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मां का प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य के भागी बने। आयोजन स्थल पर पूरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही, जिससे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। मौके पर वीरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर सिन्हा, दिलीप कुमार सिन्हा, सतीश सिन्हा आदि थे।

### धर्मावती नदी में कूड़ा फेंके जाने से आक्रोश

**बक्सर।** नया भोजपुर–डुमरी पथ के किनारे धर्मावती नदी में नगर परिषद द्वारा कूड़ा फेंके जाने से ग्रामीणों में आक्रोश है। दुर्गंध और कचरे में लगाई जा रही आग से राहगीरों को भारी परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। इस मार्ग से रोज सैकड़ों लोग व छात्र गुजरते हैं। काजीपुर मुखिया इम्तियाज अंसारी, खरहाटांड़ मुखिया रामनारायण कुमार, डुमरी मुखिया प्रेम सागर कुंवर समेत ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को आवेदन देकर रोक लगाने की मांग की है और कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### 328 लीटर शराब व कार के साथ तस्कर गिरफ्तार

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर थाना पुलिस ने गश्ती के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एनएच-922 सड़क मार्ग पर वाहन चेकिंग के दौरान 328 लीटर अंग्रेजी विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को धर दबोचा। इस दौरान तस्कर के भागने के प्रयास को पुलिस ने नाकाम कर खदेड़ते हुए उसे पकड़ लिया।ब्रह्मपुर अपर थानाध्यक्ष अंशु कुमारी के अनुसार, शनिवार की रात चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध बेलेनो फोर व्हीलर को रोका गया।

# अपराधियों ने सरपंच पति समेत 2 को मारी गोली

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों सरपंच पति समेत दो लोगों को गोली मार दी। सरपंच पति को बाएं साइड पंजरी में, जबकि युवक को हाथ में बुलेट लगी है। वारदात को अंजाम देकर भाग रहे अपराधियों को ग्रामीणों ने खदेड़कर पकड़ने की कोशिश की, लेकिन हवाई फायर करते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पीरो एसडीपीओ के.के सिंह मौके पर पहुंचे। गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायल में बबन शर्मा के पुत्र मनोज शर्मा(46) और लंगड़ पासवान के पुत्र गोरख पासवान(40) शामिल है। मनोज शर्मा की पत्नी दुर्गावती देवी नगरी पंचायत की सरपंच हैं।



घटना चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव की है।

**बाइक जब्त कर दुकान पर लगा दिया:** घायल मनोज ने बताया कि मेरी मौसी लखमुना देवी घर से कुछ दूरी पर रविवार देर शाम टहल रही थी।इस दौरान बाइक सवार युवकों ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इलाज के दौरान के दौरान मौसी की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बाइक को जब्त कर मेरे फर्नीचर की दुकान पर खड़ा कर दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिजनों को शव सौंप दिया। अंतिम संस्कार के लिए हमलोग लकड़ी लाने गए थे। इस बीच तीन की संख्या में हथियारबंद अपराधी आ धमके। बाइक को जबरन ले जाने लगे। विरोध करने पर अंधाधुंध फायरिंग करना शुरू कर दिया। गोरख ने अपराधियों से पिस्टल छीन लिया। छीना-झपटी में दूसरे अपराधियों ने गोली मार दी। एक गोली मुझे लग गई। गोली लगने के बाद भी गोरख हाथ में पिस्टल पकड़ा रहा।

**गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है:** वहीं, एसडीपीओ के.के सिंह ने बताया कि बाइक के विवाद में फायरिंग करने की बात सामने आ रही है। बरामद बाइक के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी को पकड़ लिया जाएगा।

# झुलसी महिला की मौत, पति की हालत गंभीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर में आग से झुलसी महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान रविवार को पटना के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान नहसी गांव निवासी माया देवी(45) के तौर पर हुई है। घटना गड़हनी थाना क्षेत्र की है। बेटी संध्या कुमारी ने पूर्व के विवाद में गांव के ही उपेंद्र राम, सुपेंद्र राम सहित तीन लोगों पर घर में पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का आरोप लगाया है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में पति बसंत राम अगिआंव सीट से प्रत्याशी थे। वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल से चुनाव लड़ा था। जिसकी वजह से माले के उम्मीदवार को नुकसान हुआ था।

**जिंदा जलाकर मारने की मिली थी धमकी:** मृतका की बेटी संध्या कुमारी ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व आरोपी पक्ष के लोगों से झगड़ा हुआ था। जिसको लेकर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इस विवाद को लेकर कुछ दिन पहले दोनों बहन का



अपहरण करने का प्रयास भी किया गया था। 8 अप्रैल को कोर्ट में तारीख थी। पिता, बहन और भाई भी आरा कोर्ट आए थे। उस समय आरोपी पक्ष ने धमकी देते हुए कहा था कि तुम केस लड़ रहे हैं, तुमलोगों को जिंदा जलाकर मार देंगे। 11 अप्रैल की रात माता-पिता कमरे में सोए थे, लाइट बंद थी। तभी खिड़की तरफ से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी गई थी। इस दौरान दोनों बुरी तरह झुलस गए। जिसके बाद इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। मां की गंभीर हालत को देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। पिता का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

# ट्रक और पिकअप की टक्कर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर ट्रक और पिकअप की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि 2 की हालत गंभीर है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान सुढ़नी गांव वार्ड-2 निवासी गुप्तेश्वर चौधरी के पुत्र मोनू चौधरी के रूप में हुई है। हादसे में छोटा भाई चुन्नू चौधरी(20) और दीपू पासवान(17) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास की है।



**मौके पर ही तोड़ा दम:** पिता गुप्तेश्वर चौधरी ने बताया कि सब्जी और फल के कारोबार से जुड़े हैं और उनका अपना पिकअप वाहन है। रविवार की रात मोनू अपने भाई और दोस्त के साथ आरा बाजार समिति से फल लाने जा रहा था। इस दौरान पिकअप सीधे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मोनू की मौके पर ही जान चली गई।

**घर में मचा कोहराम:** हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर वाहन में फंसे घायलों को बाहर निकाला। परिजनों ने हादसे के लिए ट्रक चालक की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। मृतक के घर में मातम पसरा है। मां मंजू देवी समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# परशुराम जयंती पर निकली शोभा यात्रा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** बक्सर जिले के चौसा में रविवार शाम भगवान परशुराम जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पूरे नगर में उत्सव का माहौल रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। यह शोभा यात्रा चौसा के महादेवा घाट से शुरू हुई। इसमें सुसज्जित रथ पर भगवान परशुराम की आकर्षक प्रतिमा विराजमान थी, जिसके दर्शन के लिए लोग सड़क किनारे खड़े थे। यात्रा नगर पंचायत के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी और अंत में पुनः महादेवा घाट पर संपन्न हुई।

**लाल पगड़ी बांधे विप्र समाज के लोग झूमते नजर आए:** यात्रा के दौरान डीजे की धुन पर लाल पगड़ी बांधे विप्र समाज के लोग झूमते नजर आए। भक्ति गीतों और 'परशुराम भगवान की जय' के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। कई युवा पारंपरिक वेशभूषा में और हाथों में पारंपरिक हथियार लिए शोभा यात्रा में शामिल हुए, जो



आकर्षण का केंद्र बने। शोभा यात्रा का नेतृत्व राजकुमार मिश्रा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में काजू मिश्रा, विवेक चौबे, राजा पांडेय, अखिलेश पांडेय, गोलू उपाध्याय, पिंटू उपाध्याय, दुनिया पांडेय, गोलू चौबे, राकेश चौबे, बृजेश चौबे, रिंटू पांडेय और सत्य देव पाण्डेय सहित कई अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे:** प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा और यातायात व्यवस्था भी सुचारु बनाए रखने का प्रयास किया गया, जिससे शोभा यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को दर्शाया, बल्कि सामाजिक एकता और उत्साह का भी संदेश दिया। चौसा में परशुराम जयंती का यह आयोजन लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

# संदेहास्पद स्थिति में प्राइवेट गार्ड की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पिपरहिया गांव में संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति की मौत। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पिपरहीया गांव के निवासी स्वर्गीय राम केवल सिंह के 45 वर्षीय पुत्र जितेंद्र सिंह थे। परिवार के लोगों ने बताया कि जितेंद्र सिंह आरा जेल रोड में किसी दुकान पर प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। परिजनों के अनुसार जितेंद्र सिंह के शरीर के चमड़े उड़े हुए थे। रविवार की सुबह करीब 7 बजे जितेंद्र सिंह गांव के बाहर घूमने गए थे। थ्रेसर चल रहा था, वहा कुछ देर रुके । फिर गांव के बगल के मुसहर टोली के तरफ चले गए। गांव के लोगों ने खेत में काम करने के लिए जा रहे थे, तो देखा कि जितेंद्र सिंह गांव के बगल के मुसहर टोली के बगल में पड़ा हुआ है और उनके शरीर पर का चमड़ा कई जगह उधड़ा हुआ है। गांव वालो ने मृतक जितेंद्र सिंह के परिजनों को घटना की सूचना दिया। सूचना मिलने के बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे और जितेंद्र सिंह को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए। जहां जांच के बाद डॉक्टर



ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मुफ्फसिल थाना की पुलिस शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन को सौंप दिया, और घटना की जांच में जुट गई। गर्म पानी डालकर हत्या करने का आरोपः मृतक जितेंद्र सिंह के पुत्र गोलू कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह गांव के लोग खेत में थ्रेसर मशीन से गेहूं कटाई करा रहे थे। तभी सुबह करीब सात बजे उसके पिता जितेंद्र सिंह वहां घूमने गए और वहां से गांव में स्थित मुसहर टोली की ओर चले गए। वह नशा भी करते थे। कुछ घंटे बीत जाने के बाद गांव के ही एक व्यक्ति ने हमलोगों के पास आया और बोला कि तुम्हारे पिता बेहोशी की हालत में मुसहर टोली में पड़े हैं, लगता है कि उन्हें कुछ हो गया है। सूचना पाकर हमलोग वहां पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल ले आए। जहां डॉक्टर ने देख उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोलू कुमार ने आगे बताया कि मेरे पिता पर गर्म पानी फेंक कर उनकी हत्या की गई है। उनका शरीर व कपड़ा भीगा हुआ था और शरीर के कई जगह का चमड़ा जला हुआ था। बिना रिपोर्ट के ही थानाध्यक्ष ने किया मौत का खुलासा मुफ्फसिल थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि रविवार को थाना क्षेत्र के पिपरहीया गांव में करेंट के संपर्क में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन को सौंप दिया गया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जबकि परिजन का कहना है कि गर्म पानी डाल कर हत्या किया गया है। इस मुद्दे पर पर जब दैनिक भास्कर ने मुफ्फसिल थाना के थानाध्यक्ष राम कृपाल यादव से बात किया

# पंखिया गैंग के सरगना समेत दो गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा।** भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले में लंबे समय से सक्रिय शटर काटकर और दीवार तोड़कर ज्वेलरी दुकानों में चोरी करने वाले कुख्यात पंखिया गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। इस कार्रवाई में गैंग के एक सरगना को गिरफ्तार किया गया है, जबकि चोरी के सामान की खरीद-फरोख्त करने वाले एक ज्वेलरी दुकानदार को भी दबोचा है। गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के बलिरामपुर गांव का रहने वाला सोनपाल है। जो पंखिया गैंग का सक्रिय सरगना है। इसके अलावा बेगूसराय जिले फुलवरिया निवासी अशोक शाह को चोरी के गहनों की खरीद के आरोप में पकड़ा गया है।

**शहर में खानाबदोश की तरह रहते थे:** करीब 63 लाख 15 हजार रुपए के 23.39 किलोग्राम चांदी का बिस्किट, ग्लास, कटोरी, बच्चों का कड़ा, सिकड़ी, बिछिया, अंगूठी, बाजू बंद, सिंदूर का टिकिया, कजरौटा, भगवान का लॉकेट, पायल, चांद समेत पचास से ज्यादा चांदी के आभूषण जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, यह गैंग बेहद शातिर तरीके से वारदात को अंजाम देता था। गैंग के सदस्य दूसरे राज्यों से आकर शहर में खानाबदोश की तरह रहते थे। चटाई, चप्पल और बैलून बेचने का काम करते थे। इसी दौरान वे घरों और दुकानों की रेकी करते थे। मौका मिलते ही दीवार तोड़कर या शटर काटकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस इस गिरोह के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

**तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज से मिली मदद:** एसडीपीओ राज कुमार ने बताया कि 17-18 फरवरी 2026 की देर रात में गजराजगंज बाजार स्थित पारसनाथ ज्वेलरी दुकान में शटर तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। करीब पांच किलोग्राम चांदी के आभूषण, लगभग 100 ग्राम सोने के गहने और 50 ग्राम ग्राहकों के जेवर चोरी कर लिए गए थे। मामले में गजराजगंज थाना कांड संख्या 85/26 दर्ज कर



पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन में चार नकाबपोश अपराधी वारदात को अंजाम देते हुए दिखाई दिए। तकनीकी अनुसंधान, सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और जिले में पूर्व में हुई इसी तरह की घटनाओं के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। जांच के दौरान इस गिरोह का तार उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले से जुड़ा पाया गया। जहां यह पंखिया गिरोह के रूप में सक्रिय है। इसके बाद गजराजगंज थानाध्यक्ष चंचल कुमार महथा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर शाहजहांपुर भेजा गया। जहां स्थानीय पुलिस के सहयोग से 4-5 दिनों तक लगातार निगरानी और रेकी के बाद एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने गजराजगंज की घटना सहित बिहार के कई जिलों में हुई चोरी की वारदातों में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसकी निशानदेही पर सोनपाल को गिरफ्तार किया गया। आगे की पूछताछ में बेगूसराय के पंचवटी ज्वेलरी शॉप और उसके मालिक के घर से चोरी की गई चांदी के आभूषण, पिघली हुई चांदी की ईंट बरामद की गई। कुल 23.39 किलोग्राम चांदी बरामद की गई है। ज्वेलरी शॉप से 11.200 किलो ग्राम चांदी का आभूषण और गिरफ्तार दुकानदार के घर के कमरे के अंदर पलंग में छिपाकर रखे चांदी के 12.119 किलो ग्राम ईंट, बिस्किट और आभूषण बरामद किए गए है। इस मामले में मालिक अशोक साह को भी गिरफ्तार किया गया है।

**बक्सर, रोहतास, नालंदा, पटना में वारदात:** एसडीपीओ ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि यह गिरोह भोजपुर के अलावा बक्सर, रोहतास, नालंदा, पटना और औरंगाबाद समेत कई जिलों में शटर काटकर चोरी की घटनाओं में शामिल रहा है।

# सदर में चार पांडुलिपि सर्वेयर नामित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर।** भारतीय ज्ञान परंपरा को सहेजने और डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने के लिए चलाए जा रहे ज्ञान भारतम मिशन को बक्सर में गति देने की पहल शुरू हो गई है। प्रखंड कार्यालय, बक्सर (सदर) से जारी आदेश के तहत 4 पांडुलिपि सर्वेयर नामित किए गए हैं, जिन्हें विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों के पास मौजूद पांडुलिपियों की पहचान, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीडीओ साधु शरण पांडेय द्वारा 13 अप्रैल 2026 को जारी आदेश के अनुसार यह कार्रवाई डीएम और कला एवं संस्कृति विभाग के निर्देश पर की जा रही है। नामित सर्वेयर में मृतेश्वर नारायण शास्त्री, मणिनाथ मिश्रा, अशोक कुमार मिश्रा और डॉ. अमित कुमार मिश्रा शामिल हैं।इसी क्रम में महदह गांव निवासी मणि नाथ मिश्र ने बीडीओ के समक्ष एक प्राचीन 'सादरा लिपि' प्रस्तुत की। इस पांडुलिपि में व्याकरण और दर्शन शास्त्र से संबंधित महत्वपूर्ण ज्ञान का उल्लेख पाया गया, जिसे विशेषज्ञों के लिए काफी उपयोगी माना जा रहा है। अधिकारियों ने इसे मिशन के



तहत डिजिटाइज करने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है। नामित सर्वेयरों को निर्देश दिया गया है कि वे क्षेत्र के संबंधित संस्थानों व व्यक्तियों से संपर्क कर पांडुलिपियों को "ज्ञान भारतम मोबाइल ऐप" पर अपलोड कराएं और हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। क्या है योजना का मकसद प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण, भारतीय ज्ञान परंपरा को डिजिटल स्वरूप में सहेजना, शोध व अध्ययन के लिए उपलब्धता बढ़ाना, स्थानीय स्तर पर छिपी धरोहर को सामने लाना है। सर्वे के दौरान सामने आई 'सादरा लिपि' जैसी दुर्लभ पांडुलिपि यह संकेत देती है कि बक्सर क्षेत्र में अब भी ज्ञान की कई अनछुई धरोहरें मौजूद हैं। हालांकि चुनौती यह है कि इन पांडुलिपियों की सही पहचान, संरक्षण और डिजिटल रूपांतरण के लिए पर्याप्त संसाधन और विशेषज्ञता की जरूरत होगी।